

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, मै परिवहन निगम हूं... व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

आषाढ़ कृष्ण पक्ष त्रयोदशी विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष 3, अंक 308, पृष्ठ -14+4, मूल्यः 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

अयोध्या, रविवार, 22 जून 2025


**आज का मौसम** 33.0° अधिकतम तापमान | 25.0° न्यूनतम तापमान | आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। | सूर्योदय 05 : 17 | सूर्यास्त 07 :05



भारत-पाकिस्तान युद्ध रोकने को मुझे नोबेल पुरस्कार नहीं मिलेगा...14

## एक नजर

### एनडीए उम्मीदवार को अयोग्य ठहराए जाने पर एम्स दे अपनी राय

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) की परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके एक अभ्यर्थी को रक्त विकार के कारण चिकित्सीय रूप से अयोग्य घोषित कर दिए जाने पर उसकी अर्हता के बारे में विशेषज्ञ राय प्रदान के लिए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) को एक मेडिकल बोर्ड नियुक्त करने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह और न्यायमूर्ति रजनीश कुमार गुप्ता की अवकाशकालीन पीठ एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

### मादक पदार्थ तस्करी गिरोह का भंडाफोड़

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने सीमा पार से मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है जो कथित तौर पर पाकिस्तान स्थित एक तस्कर के संपर्क में थे। पंजाब के पुलिस डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि पुलिस ने उनके कब्जे से 6 .15 किलोग्राम हेरोइन, .30 बोर की एक पिस्तौल, चार कारतूस और 10,000 रुपये नकद भी बरामद किए हैं। यादव ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि आरोपियों की पहचान लवप्रीत सिंह उर्फ लव और बलविंदर सिंह उर्फ बॉबी के रूप में हुई है।

# तनाव से गुजर रही दुनिया के लिए योग पॉज बटन

## 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर प्रधानमंत्री मोदी ने विशाखापत्तनम में योगाभ्यास कर दिया देश-दुनिया को संदेश

**विशाखापत्तनम, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि दुनिया किसी न किसी तनाव से गुजर रही है, कितने ही क्षेत्रों में अशांति और अस्थिरता बढ़ रही है और ऐसे में योग से हमें शांति की दिशा मिलती है। प्रधानमंत्री मोदी ने यहां 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह दिन मानवता के लिए उस प्राचीन प्रथा की शुरुआत का प्रतीक है जहां आंतरिक शांति वैश्विक नीति बन गई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि योग एक पॉज बटन है जिसकी मानवता को आवश्यकता है, जिससे कि वे खुलकर सांस ले सकें, जीवन में संतुलन बना सकें तथा पुनः संपूर्ण बन सकें।

मोदी ने कहा कि मेरा दुनिया से अनुरोध है कि आइए, इस योग दिवस को मानवता के लिए योग के दूसरे संस्करण की शुरुआत का प्रतीक बनाएं जहां आंतरिक शांति वैश्विक नीति बन जाए। प्रधानमंत्री ने कहा कि योग का सीधा-साधा अर्थ होता है जुड़ना और ये देखना सुखद है कि कैसे योग ने पूरे विश्व को जोड़ा है। कहा कि योग सभी का है और सभी के लिए है। यह सीमाओं, पृष्ठभूमि, उम्र या क्षमता से बंधा नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इस साल अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग है, जो एक गहरी सच्चाई को दर्शाता है कि धरती पर प्रत्येक इकाई का स्वास्थ्य परस्पर जुड़ा हुआ है। योग हमें इस परस्पर जुड़ाव के प्रति जागरूक करता है। मोदी ने कहा कि योग दुनिया को जोड़ता है और सिखाता है कि लोग अलग-थलग व्यक्ति नहीं हैं बल्कि प्रकृति का हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि योग एक महान व्यक्तिगत अनुशासन है। साथ ही, यह एक ऐसी प्रणाली है जो हमें मैं से हम की ओर ले जाती है।



आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। ● एजेंसी

### योगाभ्यास कर बना डाले 23 वैश्विक रिकॉर्ड

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर यहां 3 .03 लाख लोग एकत्र हुए, जिससे एक ही स्थान पर सर्वाधिक लोगों द्वारा योगाभ्यास का विश्व रिकार्ड बना। कुल 23 वैश्विक रिकॉर्ड बनाए गए, जिनमें 21 वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड और दो गिनीज रिकॉर्ड शामिल हैं। करीब 22,122 आदिवासी छात्रों ने एक ही स्थान पर 108 मिनट तक सूर्य नमस्कार करके दूसरा गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया।

### करो योग रहो निरोग का चहुंओर शोर



योगाभ्यास करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

**लखनऊ।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शनिवार के पूरा प्रदेश योगमय नजर आया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर परिसर में, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने राजभवन में हजारों लोगों के साथ योगाभ्यास करके योग के महत्व गिनाए। करो योग-रहो निरोग के शोर के बीच शहर से लेकर गांव तक योगाभ्यास को लेकर उत्साह दिखा।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सोशल मंच पर प्राणायाम करते हुए फोटो शेयर किया है। उधर, रालोद मुखिया व केंद्रीय राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने मेरठ में योग करने के बाद कहा कि अच्छा योग करने वाले कार्यकर्ता को ही टिकट देंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने सेंट्रल पार्क, समर विहार कालोनी, कैंट-2 लखनऊ में पार्टीजनों व स्थानीय लोगों के साथ योग किया। उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य गाजियाबाद और ब्रजेश पाठक लखनऊ के योग कार्यक्रमों में सम्मिलित हुए। अम्बेडकर पार्क गोमतीनगर, लखनऊ में प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह डॉ. आम्बेडकर को समर्पित योग शिविर में सम्मिलित हुए। इसी के साथ सभी जिलों में सरकार के मंत्रियों ने अफसरों, कार्यकर्ताओं और आम लोगों के साथ योगाभ्यास करके पसीना बहाया। इस दौरान जगह-जगह योग शिविरों में भाजपा के शीर्ष पदाधिकारी भी शामिल हुए। इस दौरान प्रधानमंत्री का विशाखापत्तनम से योग का लाइव प्रसारण और संबोधन भी सुना गया है।

# एयर इंडिया के 3 अफसरों पर गिरी गाज

**मुंबई, एजेंसी**

**अहमदाबाद हादसा**

- डीजीसीए ने सभी कार्य दायित्व से हटाने के दिए निर्देश



विमानन सुरक्षा नियामक (डीजीसीए) ने एयर इंडिया से गंभीर चूक के कारण उसके एक डिवीजनल उपाध्यक्ष सहित तीन अधिकारियों को चालक दल कार्य दायित्व से संबंधित सभी भूमिकाओं से हटाने का आदेश दिया है। सूत्रों ने शनिवार को बताया कि डीजीसीए ने 20 जून को अपने आदेश में टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयरलाइन से इन अधिकारियों के खिलाफ बिना देरी किए आंतरिक अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू करने को भी कहा।

डीजीसीए के आदेश के अनुसार, तीन अधिकारियों में एयरलाइन के एक डिवीजनल उपाध्यक्ष भी शामिल हैं। एयर इंडिया ने एक बयान में कहा कि उसने नियामक के निर्देश को स्वीकार कर लिया है और आदेश को लागू कर दिया है। एयरलाइन ने शनिवार को कहा कि कंपनी के मुख्य परिचालन अधिकारी एकीकृत परिचालन नियंत्रण केंद्र (आईओसीसी) की सीधी निगरानी करेंगे। एयर इंडिया यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि सुरक्षा प्रोटोकॉल और मानक प्रथाओं का पूरी तरह से पालन हो। डीजीसीए ने अपने आदेश में कहा कि एयर इंडिया ने लाइसेंस और आराम संबंधी आवश्यकताओं में चूक के बावजूद विमान चालक दल की कार्यसूची और संचालन के संबंध में स्वैच्छिक रूप से गंभीर उल्लंघनों का खुलासा किया गया है। आदेश में कहा गया कि इन परिचालन चूकों के लिए सीधे जिम्मेदार प्रमुख अधिकारियों के खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं की गई। डीजीसीए ने एयर इंडिया को यह भी चेतावनी दी है कि भविष्य में चालक दल के कार्य दायित्व में उल्लंघन करने पर लाइसेंस निलंबन और परिचालन प्रतिबंध सहित सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## निजीकरण के विरोध में बिजली महापंचायत आज

**लखनऊ।** ऊर्जा निगमों के निजीकरण के विरोध में 22 जून रविवार को राजधानी लखनऊ में बिजली महापंचायत होगी, जिसमें देश के प्रमुख ट्रेड यूनियन व संयुक्त किसान मंच के शीर्ष पदाधिकारी शामिल होंगे। ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल इंडिया और सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता भी कार्यक्रम में शामिल होंगे।

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश के संयोजक शैलेंद्र दुबे ने बताया कि महापंचायत में पूर्वांचल व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के पीछे हो रहे कथित मेगा भ्रष्टाचार पर चर्चा होगी।

# फुटेज साझा करना वोटर की निजता का उल्लंघन

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- चुनाव आयोग ने कहा-मतदाताओं की सुरक्षा भी होगी प्रभावित

मतदान केंद्रों की वेबकास्टिंग फुटेज सार्वजनिक करने की मांगों के बीच, निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने शनिवार को कहा कि ऐसा कदम मतदाताओं की गोपनीयता और सुरक्षा से संबंधित चिंताओं का उल्लंघन होगा।

अधिकारियों ने दावा किया कि जो मांग एक तर्कसंगत अनुरोध के रूप में पेश की जा रही है, वह वास्तव में मतदाताओं की गोपनीयता और सुरक्षा से जुड़ी चिंताओं, जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और 1951 में निर्धारित कानूनी प्रावधानों तथा सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के विपरीत है। अधिकारियों का कहना कि फुटेज साझा करने से किसी भी समूह या व्यक्ति द्वारा मतदाताओं की आसानी से पहचान की जा सकेगी, जिससे मतदान करने वाले मतदाता और मतदान नहीं करने वाले मतदाता दोनों ही असामाजिक तत्वों के दबाव, भेदभाव और धमकी के जद में आ सकते हैं।

उदाहरण के तौर पर उन्होंने कहा कि यदि किसी विशेष राजनीतिक दल को किसी विशेष बूथ पर कम संख्या में वोट मिलते हैं, तो वह दल सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से आसानी से पहचान कर सकेगा कि किस मतदाता ने वोट दिया है और किस मतदाता ने नहीं और उसके बाद मतदाताओं को परेशान किया या डराया जा सकता है।

निर्वाचन आयोग ने दुर्भावनापूर्ण विमर्श बनाने के लिए उसके इलेक्ट्रॉनिक आंकड़ों के इस्तेमाल की आशंका के चलते, 30 मई को एक पत्र में राज्य निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिया कि यदि फैसले को अदालत में चुनौती नहीं दी जाती है तो वे 45 दिनों के बाद ऐसे फुटेज को नष्ट कर दें।

### राहुल गांधी बोले-फिक्स है मैच



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने इलेक्ट्रॉनिक डेटा से संबंधित निर्वाचन आयोग के निर्देश का हवाला देते हुए शनिवार को आरोप लगाया कि साफ दिख रहा है कि मैच फिक्स है जो लोकतंत्र के लिए जहर है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया कि चुनाव आयोग वोटर लिस्ट? मशीन रीडेबल फ़ॉर्मेट नहीं देगा। सीसीटीवी फुटेज? कानून बदलकर छिपा दी। चुनाव की फोटो-वीडियो? अब 1 साल नहीं, 45 दिनों में ही मिटा देंगे। कहा कि जिससे जवाब चाहिए था, वही सबूत मिटा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि साफ दिख रहा है-मैच फिक्स है।

# जमीन के लिए ढाई साल के बेटे को जहर खिलाकर खुद भी खाया, मां की मौत

**संवाददाता, मदनापुर/शाहजहांपुर**

> महिला ने बेटे को जहरीला पदार्थ खिलाने के बाद खुद खा लिया, जिससे उसकी मौत मौत हो गई। परिवार में जमीन का विवाद है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। **-विश्वजीत प्रताप सिंह,** थाना प्रभारी, मदनापुर

**अमृत विचार :** जमीन में हिस्सा न मिलता देख आहत महिला ने अपने ढाई साल के बेटे को जहर खिलाने के बाद खुद भी खा लिया। दोनों को जलालाबाद के नगरिया सीएचसी लाया गया, जहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। बेटे को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। महिला का पति हरियाणा में नौकरी करता है।

मदनापुर थाना क्षेत्र के गांव दौलतपुर उत्तरी निवासी सुधीर एक सप्ताह पहले काम करने हरियाणा चला गया था। उसकी पत्नी शिवानी उर्फ राधा (30) अपने ढाई साल के बेटे निशांत के साथ घर पर रहती थी। उसका ससुर से जमीन के हिस्से को लेकर कुछ समय से विवाद चल रहा था। दो दिन पहले उसने अपना हिस्सा मांगा तो जेठानी से विवाद हो गया। शनिवार की सुबह उसने ससुराल वालों से जमीन का हिस्सा मांगा, जिसे ससुराल वालों ने देने से मना कर दिया। जमीन का हिस्सा न मिलने से क्षुब्ध शिवानी ने घर में रखा जहरीला पदार्थ पहले अपने बेटे निशांत को खिलाया और फिर खुद भी खा लिया। उसकी जेठानी ने निशांत को एक कमरे में रोते देखा और शिवानी को बेसुध हालत में जमीन पर पड़ा देखा तो शोर मचाया। ससुराल वाले दोनों को लेकर जलालाबाद सीएचसी पहुंचे, जहां इलाज के दौरान शिवानी उर्फ राधा की मौत हो गई।

## आईपीएस अधिकारी के खिलाफ पॉक्सो केस

**दीफू।** असम की एक विशेष अदालत ने छह साल पुराने कथित छेड़खानी मामले में उप्र कैडर के 2012 बैच के आईपीएस अधिकारी गौरव उपाध्याय के खिलाफ पॉक्सो अधिनियम और आईपीसी की अन्य धाराओं के तहत आरोप तय करने का आदेश दिया है।

कार्बी आंगलोंग स्थित यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अदालत के विशेष न्यायाधीश आर लाल ने आदेश में कहा कि आरोपी द्वारा पीड़िता के साथ यौन हमले की दो घटनाओं को अंजाम दिया गया। इस घटना के समय आरोपी उस जिले के पुलिस अधीक्षक थे। अदालत ने कहा कि यौन हमले की पहली घटना दीफू में एसपी के बंगले में हुई, जबकि दूसरी घटना होटल के कमरे में हुई, जहां पीड़िता अपनी मां और भाई के साथ रह रही थी।

# मोदी सरकार ने पश्चिम एशिया पर भारत के सैद्धांतिक रुख को त्यागा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- ईरान-इजराइल संघर्ष के मद्देनजर सोनिया ने साधा निशाना, कहा-संवाद के लिए राजनयिक मंचों पर होने चाहिए प्रयास

कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने शनिवार को आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने गाजा की स्थिति और इजराइल-ईरान सैन्य संघर्ष पर चुप्पी साधते हुए भारत के सैद्धांतिक रुख और मूल्यों को त्याग दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार को आवाज बुलंद करनी चाहिए और पश्चिम एशिया में संवाद को प्रोत्साहित करने के लिए उपलब्ध हर राजनयिक मंच का उपयोग करना चाहिए।

कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष ने एक अंग्रेजी दैनिक के लिए लिखे एक लेख में आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने इजराइल और फलस्तीन के रूप में दो राष्ट्र वाले समाधान से जुड़े भारत के सैद्धांतिक रुख को त्याग दिया है। सोनिया गांधी ने लेख में कहा कि ईरान भारत का लंबे समय से मित्र रहा है और गहरे सभ्यतागत संबंधों से हमारे साथ जुड़ा हुआ है। इसका जम्मू-कश्मीर समेत महत्वपूर्ण मौकों पर दृढ़ समर्थन का इतिहास रहा है। उन्होंने उल्लेख किया कि वर्ष 1994 में ईरान ने कश्मीर मुद्दे पर संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग में भारत की आलोचना करने वाले एक प्रस्ताव को रोकने में मदद की थी। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि हाल के दशकों में भारत और इजराइल के बीच भी रणनीतिक संबंध विकसित हुए हैं।

# तीन जेई निलंबित, सहायक अभियंता को दी गई नोटिस

**संवाददाता, मऊ (चित्रकूट)**

- पुल का स्लैब ढहने के मामले में शासन स्तर से हुई कार्रवाई
- संबंधित ठेकेदार को भी ब्लैक लिस्ट में डालने की तैयारी

**अमृत विचार :** मऊ-परदवां संपर्क मार्ग पर लगभग ढाई करोड़ रुपये की लागत से जम्हौरा नाले पर बन रहे लघु सेतु की स्लैब ढह जाने के मामले में लोक निर्माण विभाग चित्रकूट के तीन अवर अभियंताओं को निलंबित किया गया है। प्रभारी सहायक अभियंता श्यामलाल को नोटिस दी गई है। बताया जाता है कि शासन स्तर पर यह कार्रवाई की गई है। ठेकेदार को भी ब्लैक लिस्ट किए जाने की तैयारी है।

निलंबित किए गए अवर अभियंताओं में सिंधु राज, महेश यादव और प्रबल प्रताप सिंह हैं। गौरतलब है कि जम्हौरा नाले की एक स्पान पर मंगलवार को लिंटर डाला गया था और सुबह होते-होते यह ढह गया था। इस मामले में विभाग की काफी किरकिरी हुई। मामला शासन तक पहुंच गया। बताया जाता है कि इस संबंध में पीडब्ल्यूडी के अधिकारी लखनऊ भी तलब किए गए। शनिवार को तीन अवर अभियंताओं को निलंबित कर दिया गया। हालांकि इस निलंबन को लेकर विभाग के अवर अभियंताओं में रोष है।

# भूमि विकास बैंक अब छह प्रतिशत ब्याज पर देगा 6 लाख तक का लोन

**राकेश शर्मा, बरेली**

- सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर बोले-जल्द जारी होगा शासनादेश



सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर

**अमृत विचार :** जिला सहकारी बैंकों को घाटे से निकालकर सौ करोड़ रुपये के फायदे में लाने वाले सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने कहा है कि भूमि विकास बैंक की ब्याज दर जल्द कम होगी। किसानों को छह लाख रुपये का ऋण छह प्रतिशत ब्याज पर उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सहमति जता दी है। जल्द शासनादेश भी जारी हो जाएगा।

प्रदेश में इस बैंक की 323 शाखाएं हैं। सहकारिता मंत्री ने कहा कहा कि इससे सिंचाई, बागवानी, कृषि उपकरण खरीदने और पशुपालन जैसी गतिविधियों के लिए ऋण लेने वाले हजारों किसानों को फायदा होगा।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम में शामिल होने के बाद सर्किट हाउस में अमृत विचार से विशेष बातचीत में बरेली के प्रभारी मंत्री एवं सहकारिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर ने बताया कि भूमि विकास बैंक अभी किसानों को 11 प्रतिशत से अधिक ब्याज पर ऋण दे रहा था। इसकी वजह से किसान ऋण समय पर चुका नहीं पा रहे थे। कई अन्य बैंकों की ब्याज दर का अवलोकन करने के बाद सबसे कम ब्याज पर भूमि विकास बैंक किसानों को ऋण देगा। साधन सहकारी समितियों का भी डिजिटलीकरण किया जा रहा है। सहकारी समितियां अब 10-10 लाख कैश क्रेडिट लिमिट दे सकती हैं। इससे हजारों किसानों को लाभ मिलेगा। बंद चल रहीं 4500 समितियों को भी चालू कराया है। प्रदेश में लागू की गई 10-10 लाख कैश क्रेडिट लिमिट की स्कीम को नाबार्ड ने सराहा है और देशभर में लागू कराने की तैयारी में है।

# लखनऊ समेत 65 जिलों में अगले पांच दिन होगी बारिश

## कई जिलों में तेज हवाएं चलने और वज्रपात की चेतावनी, मौसम विभाग का कई जिलों में भारी वर्षा का पूर्वानुमान

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचार :** राज्य में छिटपुट बारिश और बादलों की आवाजाही से अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज हुई है, मगर उमस भरी गर्मी से हर कोई बेहाल दिखा। मौसम विभाग ने लखनऊ समेत 65 जिलों में अगले पांच दिनों में बारिश का पूर्वानुमान जताया है। चेतावनी दी है कि कई जिलों में भारी वर्षा के साथ तेज आंधी और वज्रपात की भी आशंका है।

मानसून प्रदेश के 56 जिलों में पहुंच चुका है, 24 घंटे में 19 और जिलों तक पहुंच जाएगा। वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि प्रदेश के पूर्वी इलाके में लगातार बारिश हो रही है। पूर्वांचल के कई जिलों में 24 जून तक भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। दो दिनों से हो रही बारिश और बादलों की आवाजाही के बीच अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई। लखनऊ समेत 65 जिलों में अगले पांच दिन यानि 26 जून तक भारी बारिश की संभावना है। इस दौरान तेज हवा भी चलेगी। साथ ही कई जिलों में बिजली और वज्रपात का भी अलर्ट जारी किया गया है।



### चलेंगी 40-50 किमी की गति से तेज हवाएं

22 से 26 जून के दौरान पश्चिमी क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर भारी वर्षा हो सकती है। इस दौरान 40-50 किमी/घंटा की तेज हवा चलने की संभावना है। झांसी में दिन का पारा रिकार्ड 28 .7 सेल्सियस दर्ज किया गया, जो प्रदेश में सबसे ठंडा रहा। लखनऊ का दिन का पारा 35 डिग्री सेल्सियस और रात का 25 डिग्री रिकार्ड किया गया। भीषण गर्मी झेलने के बाद अब लोगों को काफी राहत मिल रही है। यह सिलसिला अगले पांच-छह दिनों तक जारी रहेगा।

### बारिश से प्रदेश में घट गई बिजली की मांग

**लखनऊ।** प्रदेश में मानसून आने से बिजली की मांग में कमी आ गई है। पिछले दिनों जहां बिजली की अधिकतम मांग 31 हजार मेगावाट पार कर गई थी, वहीं अब यह घटकर 27 हजार मेगावाट पर पहुंच गई है। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार शनिवार को प्रदेश में अधिकतम बिजली की मांग 27,021 मेगावाट दर्ज हुई। देर शाम के वक्त औसतन मांग 27,758 मेगावाट हो रही थी। सूत्रों ने बताया कि मांग घटने के कारण एनर्जी एक्सचेंज से बिजली आयात कम हो गया है। भीषण गर्मी से बिजली की मांग 32 हजार मेगावाट पार कर जाने की संभावना थी, पर बारिश के कारण मांग यह आंकड़ा छू नहीं सकी।

# मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने 35 दिन में कर डालीं 20 'सर्जरी'

## 17 मई से शुरू हुई कार्रवाई, शुक्रवार रात तीन और अस्पतालों की ओटी सील

## मानक के अनुरूप न चलने वाले अस्पतालों पर जारी है स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई

पुनीत श्रीवास्तव, अयोध्या

**अमृत विचार :** जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. सुशील कुमार बानियान ने शुक्रवार रात मानक के विपरीत चल रहीं तीन और अस्पतालों की ओटी सील कर दी। सीएमओ डॉ. सुशील ने 35 दिन में 20 निजी अस्पतालों की सर्जरी कर चुके हैं। अमूमन अस्पतालों में मौके पर डॉक्टर व स्टाफ नदारद मिला। कई तो बिना रजिस्ट्रेशन के ही संचालित हो रहे थे। इस पर अस्पतालों की ओटी या फिर वार्ड सील करा दी। इसी क्रम में शुक्रवार देर रात 11 से 12 के बीच में भी कार्रवाई की।



कुमारगंज में देर रात अस्पताल में कार्रवाई को पहुंचे सीएमओ डॉ.सुशील कुमार बानियान व मौजूद अन्य।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुशील कुमार ने शुक्रवार रात्रि 11 बजे ब्लॉक खंडासा में अमन हॉस्पिटल एंड ट्रॉमा सेंटर निरीक्षण किया। इसके बाद कुमारगंज स्थित रामनगर के ग्लोब मेडिकल सेंटर व वी स्पार्क हॉस्पिटल पहुंचे। सभी हॉस्पिटल का संचालन मानक के अनुरूप न पाए जाने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा ऑपरेशन थियेटर सील कर दिया गया। छापामार कार्रवाई टीम के एक सदस्य ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि रात में जिन अस्पतालों पर कार्रवाई हुई है। वहां न तो चिकित्सक मौजूद थे और न ही कोई स्टाफ। एक अस्पताल में तो सिरींज में दवा भरी थी, लेकिन मरीज को इंजेक्शन लगाने वाला कोई अधिकृत नहीं दिखा। दावा भी किया कि पिछले कई सालों में इस तरह की कार्रवाई नहीं हुई है। 17 मई से कार्रवाई की शुरुआत हुई थी। कई अस्पतालों की ओटी में अभी भी ताला लगा हुआ है, जबकि कई के मानक पूरा किए जाने के बाद खोले जाने की भी सूचना सामने आई है।

### अब तक इन अस्पतालों पर हुई कार्रवाई

| हॉस्पिटल | स्थान | 10-सूर्या | कुमारगंज |
|---|---|---|---|
| 1-मां परमेश्वरी | रिकाबगंज | 11-वंश | कुमारगंज |
| 2-गुरु कृपा | रिकाबगंज | 12-न्यू मुस्कान | रुदौली |
| 3-अमर प्रवास | नियांवा | 13-जनशक्ति | अयोध्या |
| 4-अयोध्या चिल्ड्रन | साकेतपुरी | 14-जय बाबा | इनायतनगर |
| 5-अली | रुदौली | 15-अमन | खंडासा |
| 6-रुदांश | रुदौली | 16-ग्लोब मेडिकल सेंटर | कुमारगंज |
| 7-रियांश | रुदौली | 17-वी स्पार्क | कुमारगंज |
| 8-मिलेनियम | रुदौली | 18-न्यू सरस्वती | अरकुना |
| 9-जनता | रुदौली | 19-आरोग्य चिकित्सालय | तारुन |

### कई जगह आशा व दाई चलाती मिलीं अस्पताल

स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई के दौरान एक बात और सामने आई है कि कई जगहों पर अस्पताल में स्टाफ नहीं मिला। वहां आशा व दाई अस्पताल में मरीजों को संभालते दिखे। इसे देखते हुए कई पर कार्रवाई भी की गई है।

### अधिकारी व कर्मचारी को भी नहीं लगती भनक

मुख्य चिकित्सा अधिकारी की ओर से की जा रही कार्रवाई की विभाग के अधिकारी व कर्मचारी को तब तक भनक नहीं लगती जब तक वह सबको लेकर मौके पर नहीं चले जाते। निरीक्षण में अक्सर नोडल अधिकारी डॉ संदीप शुक्ला, डिप्टी सीएमओ डॉ. राजेश चौधरी, डॉ. राम मणि शुक्ला, डॉ वीपी त्रिपाठी, डीपीएम राम प्रकाश, सुशील शुक्ला, शशिकांत तिवारी व अन्य कर्मचारी शामिल रहते हैं। ऐसा सीएमओ ऑफिस से लगातार मिल रही विज्ञप्तियों के माध्यम से पता चलता है।

### एफआरयू में मिलने लगी निजी अस्पतालों की तरह व्यवस्थाएं

निजी अस्पतालों की तुलना में अब सरकारी अस्पतालों में भी सुविधाएं बढ़ाई जा रही हैं। सीएमओ ने जिले के पांचों एफआरयू सीएचसी पर वातानुकूलित वार्ड व ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध करा दी है। निजी अस्पतालों में मोटी रकम न चुकानी पड़े इसलिए सरकारी अस्पतालों में सुविधाएं निशुल्क उपलब्ध कराई जा रही हैं।

### सरकारी अस्पतालों में सारी सुविधाएं करा रहे उपलब्धः सीएमओ

सीएमओ डॉ. सुशील कुमार बानियान ने बताया कि मैं सिर्फ यह चाहता हूं कि कोई भी अस्पताल मानक के विपरीत न चले। सभी पंजीकृत हों। अस्पतालों में चिकित्सक व स्टाफ अवश्य हो। कई अस्पताल संचालकों को पंजीकरण कराने के लिए चेतावनी दी गई है। मुझे बिना पंजीकरण के अस्पताल मिले तो कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

---

**एक नजर**

### समस्या समाधान न होने से नाराज हुआ यूनियन कार्यकर्ता

**रुदौली, अमृत विचार :** तहसील सभागार में एसडीएम ने विधायक रामचंद्र यादव के साथ फरियादियों की समस्याएं सुनीं। लगभग 12 बजे मुख्य राजस्व अधिकारी सतीश कुमार त्रिपाठी पहुंचे। फरियादियों ने सड़क, नाली, अवैध कब्जा, आवास, पेंशन आदि समस्याओं को रखा। भाकियू नेता दिनेश दुबे ने बताया कि ग्राम जरायल खुर्द की नाली संख्या 36 पर गांव के दबंग लोगों ने अस्थाई व स्थाई अतिक्रमण कर रखा है। भाकियू नेता मो. अफजल ने नगर में स्थित आयुर्वेदिक अस्पताल के आए दिन बंद रहने की शिकायत की। विधायक रामचंद्र यादव के जाते ही समस्याओं का निस्तारण न होने से नाराज कार्यकर्ताओं ने हंगामा किया। धरना पर बैठने की नौबत आ गई। सीआरओ ने एसडीएम से कार्यकर्ताओं की समस्याओं को दो दिन में सुनवाई कर निस्तारण के लिए कहा। कई अन्य ने शिकायत की। कुल 182 फरियादियों ने शिकायत की। इनमें सात का मौके पर निस्तारण किया गया।

---

# राम मंदिर में अर्चकों की नियुक्ति को 30 जून तक करें आवेदन

**कार्यालय अयोध्या। अमृत विचार :** राम मंदिर परिसर में बने 14 अन्य मंदिरों में भी देवी देवताओं की प्राण प्रतिष्ठा सम्पन्न होने के बाद इनमें दैनिक रूप से श्रृंगार पूजन एवं भोग की व्यवस्था को नए अर्चकों की नियुक्ति के लिए प्रशिक्षण प्रक्रिया प्रारंभ होने जा रही है। अर्चकों को ऑनलाइन आवेदन करने के लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने वेबसाइट https://sites.google.com/view/srjbm/home जारी की है। ट्रस्ट के मुताबिक 26 से 30 जून तक इस आवेदन प्रक्रिया को स्वीकार करने के लिए वेबसाइट खोली गई है। देश में इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं।



राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के द्वारा गठित धार्मिक समिति के सदस्य गोपाल जी राव बताते हैं कि जिसके लिए पहले ही कुछ शर्तें निर्धारित हैं, जिसमें आवेदक की आयु 20 से 30 वर्ष के मध्य हो। पारंपरिक गुरुकुल शिक्षा प्राप्त हो। अयोध्या परिक्षेत्र के लोगों को वरीयता दी जाएगी। प्रशिक्षण के साथ ही श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के द्वारा भोजन और आवास की व्यवस्था दी जाएगी। प्रशिक्षण के दौरान अर्चकों को 2000 रुपये मासिक छात्रवृत्ति भी दी जाएगी और अंतिम प्रक्रिया के तहत प्रशिक्षण के उपरांत निर्धारित चयन प्रक्रिया के द्वारा उत्कृष्ट अर्चकों का चयन किया जाएगा। धार्मिक समिति में ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देवगिरी को अध्यक्ष नामित किया गया।

# एक लाख लोगों ने बिन बिजली गुजारी रात

- 15 घंटे से गुल रही 17 फीडरों से बिजली आपूर्ति
- 33 और 11 केवीए की हाईटेंशन लाइन में भी खराबी आई

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** 33 केवीए और 11 केवीए की हाईटेंशन लाइनों में शुक्रवार देर शाम खराबी आ गई। इससे एक लाख लोगों ने शुक्रवार रात बिना बिजली के गुजारी। बारिश व हवा से तारों पर पेड़ों की डालें गिरने, भूमिगत फॉल्ट होने और इंसुलेटर क्षतिग्रस्त होने की समस्या सबसे ज्यादा रही। इसके चलते करीब 17 फीडरों से करीब 15 घंटे आपूर्ति बाधित रही। कई इलाकों में आपूर्ति शनिवार दोपहर को बहाल हो सकी। इसके अलावा एलटी लाइन और लोकल फॉल्ट से लोग परेशान हुए।

रात भर टोलफ्री नंबर 1912 और संबधित उपकेंद्रों के अवर अभियंता को लोग कॉल करते रहे लेकिन नंबर व्यस्त बताता रहा। कभी कनेक्ट नहीं हुआ और उठा भी तो बस यही जवाब मिला कि काम चल रहा है, जल्द बिजली आ जाएगी। पॉवर कॉर्पोरेशन कंट्रोल रूम के अनुसार हेल्पलाइन पर 3210 शिकायतें आईं। जिनमें से 2753 शिकायतों का निस्तारण किया गया। हालांकि उपभोक्ताओं के मुताबिक अधिकतर शिकायतों का निस्तारण शनिवार दोपहर बाद हुआ। चौक सबस्टेशन से जुड़े कैंट, चौक बाजार और क्लीनिक फीडर अंडरग्राउंड केबल फॉल्ट से बंद हो गए। यहां रात साढ़े 12 बजे गई बिजली शनिवार दोपहर 11 बजे बहाल हुई। बिजली न मिलने से लोग बेहाल रहे। अंगूरीबाग निवासी शिल्पी मिश्रा बिजली न आने पर घंटाघर स्थित नजदीकी रिश्तेदार के घर पर दो बच्चों के साथ आ गईं। नहरबाग में रात भर बिजली नहीं आई। यहां एचटी लाइन में फॉल्ट आया था। बाबूपुरवा, उद्योगकुंज, कंपनीबाग, अफीमकोठी, सर्वोदय नगर, नवीन नगर और तरंग रोड के फॉल्ट शनिवार को ठीक किये गये। इसके अलावा नियावां विद्युत उप केन्द्र के अधीन हाईटेंशन लाइन खराब हो जाने के कारण नियावां और सीमेंट कोठी आदि इलाकों में भी बिजली संकट छाया रहा। यह हाल तब है जब बारिश पूरी तरह आई नहीं है। आने वाले मानसून में बिजली आपूर्ति की क्या दशा होगी इसका सहज अंदाजा लगाया जा सकता है।



दर्शननगर विद्युत उप केन्द्र में ट्रांसफार्मर में उलझे हुए तार।

> कुछ क्षेत्रों में हल्की बूंदाबांदी के कारण दिक्कतें आईं थीं। जिसे दूर कर दिया गया है। तकनीकी दिक्कतें सामान्य है। इधर आपूर्ति में लगातार सुधार हो रहा है। **-प्रदीप कुमार वर्मा, अधिशासी अभियंता।**

# समाधान दिवस में 247 शिकायती पत्र आए

**मिल्कीपुर ,अमृत विचारः** मिल्कीपुर तहसील सभागार में आयोजित समाधान दिवस में जिलाधिकारी नहीं पहुंचे। क्षेत्रीय विधायक चंद्रभानु पासवान, उपजिलाधिकारी सुधीर कुमार की मौजूदगी में आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण बलवंत चौधरी, तहसीलदार सुमित कुमार सिंह, एसडीएम श्रेया, सीओ मिल्कीपुर श्रीयश त्रिपाठी ने फरियादियों की समस्याओं को सुना। पलिया प्रताप शाह की सरिता सिंह ने मकान विवाद की शिकायत की। मकान पर कब्जे की शिकायत की। एसडीएम ने इनायत नगर थानाध्यक्ष को कार्रवाई का निर्देश दिया है। सिड़सिड़ गांव की सोमवती की शिकायत की कि घर के बगल कोलिया की जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत की। गौहनिया निराश्रित महिला मायावती ने तीन साल से राशन कार्ड न मिलने की शिकायत की। एसपी ने कहा कि जो भी पुलिस से संबंधित मामले समाधान दिवस में आए हैं उसकी सही तरीके से जांच पड़ताल करके गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण होना चाहिए। समाधान दिवस में 247 शिकायती पत्र आए। निस्तारण एक का भी नहीं हो पाया।

---

**सार-संक्षेप**



चित्रगुप्त वार्ड उसरू में योग करते लोग। अमृत विचार

### योगाचार्य सीमा ने कराया प्राणायाम

**अयोध्या, अमृत विचार :** पब्लिक सेवा संस्थान द्वारा चित्रगुप्त वार्ड उसरू में प्राचीन शिव मंदिर के पास अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। योगाचार्य सीमा तिवारी ने उपस्थित लोगों को योग के विभिन्न आसन और प्राणायाम कराया। कार्यक्रम में पब्लिक सेवा संस्थान के प्रदेश अध्यक्ष राहुल श्रीवास्तव, चित्रगुप्त वार्ड की पार्षद मनीषा, मंडल उपाध्यक्ष प्रतिभा यादव, जिला अध्यक्ष तथास्तु सिंह, जिला को-ऑर्डिनेटर रामकुमार, महासचिव बबीता यादव, सदस्य मेनका सिंह, समाज सेविका श्याम शर्मा सहित गांव के कई सम्मानित नागरिक भी मौजूद रहे।

### जिला अस्पताल में योग सत्र का आयोजन



जिला अस्पताल में योग करते प्रमुख अधीक्षक डॉ. अजय सिंह गौतम समेत अन्य चिकित्सक।

**अयोध्या, अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला अस्पताल के नए भवन में एक विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में योग विशेषज्ञ व आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. डीके द्विवेदी ने उपस्थित लोगों को योगाभ्यास कराया। योग के महत्व को रेखांकित करते हुए डॉ. द्विवेदी ने विभिन्न आसनों और प्राणायाम की तकनीकों का प्रदर्शन किया।कार्यक्रम में जिला अस्पताल के प्रमुख अधीक्षक डॉ. अजय सिंह गौतम, चिकित्सा अधीक्षक व रेडियोलॉजिस्ट डॉ. अजय चौधरी, ऑर्थो सर्जन डॉ. आशीष श्रीवास्तव, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. विपिन वर्मा, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. शिशिर श्रीवास्तव, फार्मासिस्ट प्रभाशंकर द्विवेदी सहित अन्य स्टाफ सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### धूमधाम से मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**अयोध्या, अमृत विचार :** पतंजलि परिवार ने पतंजलि मेगा स्टोर परिसर मोती बाग कैंपस में योग दिवस धूधाम से मनाया। सुबह छह बजे मुख्य संरक्षक हरि कृष्ण अरोड़ा,कमलेश कुमार सिंह, समाजसेवी भागीरथ पचेरीवाला, श्रीकांत तिवारी, डॉ. सुधीर कुमार सिंह, मीरा अरोड़ा, राधेश्याम दुबे ,अंजनी कुमार गर्ग, ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पतंजलि परिवार के योगाचार्य एवं जिला प्रभारी रणविजय योगी एवं सुधा योगी ने मंच पर योगाभ्यास कराया। संचालन एवं उद्बोधन जिला प्रभारी रामनेग योगी ने किया। कार्यक्रम में जिला प्रभारी राम केवल योगी, कोषाध्यक्ष राजेश बाबू, युवा भारत के जिला प्रभारी प्रशांत योगी, सूबेदार योगी, डॉ. वीरेंद्र कुमार, पतिराम योगी आदि थे।

### योगाचार्य रवींद्र ने कराया योगाभ्यास

**अयोध्या, अमृत विचार :** अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण परिषद के पदाधिकारी ने जनौरा बाईपास स्थित एक होटल के प्रांगण में योग दिवस शिविर का आयोजन किया। जिसमे योगाचार्य रवींद्र ने सभी को विभिन्न प्रकार से योगाभ्यास कराया। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह, प्रदेश सचिव सूर्यभान सिंह,डॉ. अभय कुमार सिंह, ऋषिदेव सिंह, समर बहादुर सिंह, भूपेंद्र सिंह, अनिल सिंह सहित बड़ी संख्या में लोगों ने योगाभ्यास किया।

### पलिया लोहानी व विष्णु नगर में वृहद योगाभ्यास

**मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार :** योग दिवस पर हैरिंग्टनगंज ब्लॉक के पलिया लोहानी और विष्णु नगर में वृहद योगाभ्यास हुआ। पलिया लोहानी में आयोजित कार्यक्रम का नेतृत्व ग्राम प्रधान अभिषेक सिंह ने किया। योग सत्र का संचालन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला बौद्ध प्रमुख महेश उपाध्याय और सहयोगी मानस भूषण तिवारी ने किया। इसके साथ ही शमशाद हाशमी ने भी लोगों को योग अभ्यास कराया। प्रधान अशोक तिवारी, अभिषेक भद्र सिंह, लवलेश मिश्रा, अमित तिवारी, अनुराग सिंह, जितेंद्र पासी, गौतम सिंह, राकेश यादव समेत करीब दो सौ लोगों ने योगाभ्यास किया। दूसरा आयोजन डॉ बृजभूषण मणि त्रिपाठी इंटर कॉलेज, विष्णु नगर में हुआ। इसमें मिल्कीपुर के पूर्व विधायक बाबा गोरखनाथ मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम संयोजक देवेंद्र मणि त्रिपाठी रहे। योग सत्र का संचालन आरएसएस जिला प्रमुख दिवाकर मिश्र ने किया। कार्यक्रम में हैरिंग्टनगंज मंडल अध्यक्ष विजय प्रकाश चौरसिया, दिनेश चौबे, पूर्व मंडल अध्यक्ष अवधेश पाठक, डॉ जय प्रकाश मौर्य, लक्ष्मीकांत मिश्रा, बलदेव तिवारी समेत कई लोग मौजूद रहे।

### 20 जुलाई को अयोध्या में होगा पीडीए महा सम्मेलन : अवधेश



सर्किट हाउस में सपा नेताओं के साथ वार्ता करते सांसद अवधेश प्रसाद।

**अयोध्या, अमृत विचार।** सपा 20 जुलाई को अयोध्या में विशाल पीडीए महासम्मेलन का आयोजन करेगी। सांसद अवधेश प्रसाद ने सर्किट हाउस में शनिवार को सपा के वरिष्ठ नेताओं और पदाधिकारी के साथ बैठक कर यह निर्णय लिया। सांसद ने बताया कि इसको लेकर 30 जून से तैयारी बैठकों का दौर शुरू हो जाएगा। जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा कि सभी विधानसभाओं के उम्मीदवार रहे पार्टी के प्रमुख नेता व जिला पंचायत के उम्मीदवार रहे पार्टी के नेता पीडीए महासम्मेलन को ऐतिहासिक बनाएंगे। सपा प्रवक्ता लवलेश पांडे ने बताया कि बैठक में पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे, आनंद सेन यादव, पूर्व एमएलसी लीलावती कुशवाहा, हाजी फिरोज खान गब्बर, राघवेंद्र प्रताप सिंह अनूप, मो. गजाली, बलराम मौर्य, छोटेलाल यादव, इंद्रपाल यादव, रामजी पाल, आकिब खान समेत अन्य मौजूद रहे।

---



मृतक के परिवार से बातचीत करते बसपा के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल व अन्य।

# रेछ में पीड़ित परिवार से मिले बसपा प्रदेश अध्यक्ष

**मवई, अमृत विचार :** बसपा प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल शनिवार को कलापुर मजरे रेछ गांव पहुंचे थे। उन्होंने मृतक जगजीवन पाल के परिवार से मुलाकात की। उन्होंने पीड़ित परिवार को सांत्वना दी। पुलिस प्रशासन से हत्यारों की गिरफ्तारी को लेकर जानकारी मांगी। थाना प्रभारी शैलेंद्र कुमार आजाद ने बताया कि आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की जाएगी। प्रदेश अध्यक्ष ने हत्यारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और सजा दिलाने की मांग की। प्रदेश अध्यक्ष ने मां कामाख्या स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर सामाजिक परिवर्तन स्थल पर महाराज बिजली पासी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। गोमती नदी में डूब रहे पांच युवकों में से चार युवकों को जीवित निकालने पर गोताखोर अर्जुन कश्यप, कप्तान कश्यप, भैरवनाथ कश्यप व अप्पू कश्यप को बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा देकर सम्मानित किया। पुराने कार्यकर्ता जगमोहन सोनकर की माता की सर्पदंश से मौत की खबर सुनकर जगमोहन सोनकर के घर जाकर ढांढस बंधाया। उनके साथ मंडल प्रभारी गया शंकर कश्यप एडवोकेट,महेन्द्र प्रताप आनन्द, रवि मौर्या, जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार पासी, विधानसभा अध्यक्ष हिम्मत सिंह सरोज,राम सरन कोरी आदि थे।

# कार्य मुक्ति के बाद 24 घंटे में वापसी

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचारः** सोहावल तहसील के उप निबंधक राहुल सिंह और मिल्कीपुर तहसील के सब रजिस्ट्रार संजय यादव फिर अपनी-अपनी तहसील में वापस आ गए। राहुल सिंह का स्थानांतरण बिसवां सीतापुर व संजय यादव का हरदोई सदर तहसील में उप निबंधक के पद पर 13 जून को हुआ। नई तैनाती के लिए सहायक महानिरीक्षक वाइपी सिंह ने कार्यमुक्त भी कर दिया। सोहावल तहसील में आजाद सिंह और मिल्कीपुर तहसील में उप निबंधक पद पर शशांक सिंह ने ज्वॉइन भी कर लिया। सूत्रों की मानें तो शासन स्तर पर शिकायत के बाद सभी स्थानांतरण रद कर दिए गए। कार्यमुक्त राहुल सिंह व संजय यादव को पुनः वापस लौट कर अपनी-अपनी तहसीलों में ज्वॉइन करना पड़ा। अब सत्ता पक्ष से विपक्षी राजनीतिक क्षेत्र में चुटकी ली जा रही है। एक मुश्त हुए तबादलों को निरस्त किए जाने के पीछे के निहितार्थ तलाशे जा रहे हैं। चर्चा है कि 200 ज्यादा तबादलों को इसलिए रद्द करना पड़ा कि स्टांप मंत्री रविंद्र जायसवाल को दरकिनार कर महानिरीक्षक निबंधन ने किया था। मंत्री की शिकायत पर उपनिबंधकों के स्थानांतरण को निरस्त कर दिया गया।

- निबंधन विभाग के तबादलों को लेकर ली जा रही चुटकी

# रामनगरी में गिरोह बनाकर काम कर रहे हैं सूदखोर

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** रामनगरी में सूदखोरों का मकड़जाल बुरी तरह फैला हुआ है। यह गिरोह बनाकर काम कर रहे हैं। जो भी इनके जाल में फंसता है वह आसानी से निकल नहीं पाता। यह पांच से 20 फीसदी ब्याज पर रुपये देते हैं, यह इतने दबंग होते हैं कि पैसा न देने पर वह किसी भी हद तक जा सकते हैं। सूदखोरों के आतंक से पीड़ित एक व्यक्ति ने गुरुवार देर रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले में पुलिस ने छह नामजद व अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है।

पुलिस को दी तहरीर में रुबी तिवारी निवासी स्वर्गद्वार ने बताया कि उनके पति रमेश तिवारी ई-रिक्शा चलाते थे। उन्होंने एक व्यक्ति से कुछ पैसे ब्याज पर लिए थे। उनके पति गुरुवार रात करीब 10 बजे घर वापस आए तो बहुत डरे हुए थे। पूछने पर बताया कि बृजेश यादव, गणेश, कुनाल तिवारी, निखिल मिश्रा, छोटे यादव, बड़े यादव निवासी बल्लाहाता ने उन्हें पकड़कर मारा पीटा व उनका ई-रिक्शा भी छीन लिया। साथ ही धमकी दी कि चाहे अपनी किडनी बेचो चाहे गुर्दा हमें हमारा पैसा चाहिए। पत्नी ने बताया कि ई-रिक्शा छीन लेने के बाद भी वह हमें कर्जदार बनाए हुए हैं। कहा कि कर्जद्वारों से परेशान होकर उनके पति ने रात में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। अयोध्या कोतवाल मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि पत्नी की तहरीर पर छह नामजद व अज्ञात के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

### आसान नहीं हैं इनके जाल से निकलना

रामनगरी में सूदखोरी का धंधा नया नहीं है। यहां पर बड़ी संख्या में लोग, जिनमें साधु संत भी शामिल हैं। वह व्यापारियों, रेहड़ी फड़ी वालों को ब्याज पर रुपये देते हैं। कई सूदखोरों ने बाकायदा डायरी बना रखी है जिसकी एक प्रति कर्जद्वारों को भी देते हैं। इसमें प्रतिदिन वसूले जाने वाले रुपये का हिसाब होता है। पैसे वसूलने के लिए इन्होंने दबंग युवकों की फौज बना रखी है, जो डंडे के दम पर पैसा वसूलते हैं। नाम न बताने की शर्त पर एक दुकानदार ने बताया कि वह मूल धन से ज्यादा पैसा ब्याज के रूप में दे चुके हैं, फिर भी मूल धन बचा है। बताया कि अगर वह किसी दिन ब्याज का पैसा न दे सके तो उन्हें उसका भी ब्याज देना पड़ता है। साथ ही दुकान पर आकर चाहे जो चीज फ्री में उठा ले जाए वह अलग है। सीओ अयोध्या आशुतोष तिवारी ने बताया कि ऐसे किसी मामले में शिकायत मिलती है तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

---

**हालात** पेड़ काटने की थी मजबूरी पर स्वस्थ अयोध्या पर भी गौर करना जरूरी, आसान नहीं वैदिक सिटी में अतीत का पर्यावरण वापस लाना

# वन विभाग ने बचाए पौधे, अन्य का पता नहीं

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या।

**अमृत विचारः** वन महोत्सव की तिथि करीब है। पिछले साल भी वन महोत्सव में जिले में लगभग 39.79 लाख पौधे रोपित किए गए थे। सख्त निर्देश था कि पौधे मरने न पाए। इनकी सुरक्षा की जाए। वन विभाग का दावा है कि उसने बड़ी संख्या में पौधे सुरक्षित बचा लिए लेकिन अन्य विभागों का पता नहीं है।

वन विभाग का दावा है कि उसने अपनी साइट के 98 फीसदी पौधों को मरने नहीं दिया। विभाग के एसडीओ केएन सुधीर बताते हैं कि विभाग द्वारा 13.52 लाख पौधे रोपे गए थे, इसमें से 13.36 लाख पौधे जिंदा है। वह रामपुर हलवारा सहित कई साइटों के नाम भी बताते हैं। आम लोग अपने इर्द-गिर्द पिछले साल रोपे गए पौधों को देख अंदाजा लगा सकते हैं। बड़े स्तर एक जगह विभागों के जिंदा पौधों की समीक्षा की बात तो सामने नहीं आई। हो सकता है विभाग के स्तर पर ऐसा हुआ हो। अलबत्ता सूत्र बताते हैं कि लगभग छह महीने पहले वन विभाग ने कुछ विभागों से रिपोर्ट ली थी। इसमें मनरेगा भी थी। 90 फीसदी का आंकड़ा बताया गया था। डीसी मनरेगा सविता सिंह कहती हैं कि पौधे बचे हैं लेकिन इधर कोई रिपोर्ट नहीं आई। बातचीत में फील्ड के कर्मचारी इसे स्वीकार नहीं करते। वह नाम न छापने की शर्त पर बताते हैं कि वन विभाग को छोड़ अन्य विभागों के अधिकतम 20 से 25 फीसदी पौधे जरूर जिंदा हैं।



रामपुर हलवारा बंधे के किनारे वन विभाग द्वारा लगवाए गए पौधे।





संस्था श्री अयोध्या न्यास से मीठे गांव मिल्कीपुर के पास बनवाया गया उपवन।

### जमीन तब देंगे जब पौधों की देखभाल ठीक तरीके से हो

पूराबाजार प्रतितिधि के मुताबिक रामपुर हलवारा माझा बंधे के बगल वन विभाग से दो साल पहले प्रमुख सचिव गिरजा शंकर त्रिपाठी की मौजूदगी पौधरोपण कराया गया था। गांव के राम छबीले माझी, महेश माझी, राजेश यादव, हरिओम यादव कहते हैं कि पौधरोपण के दौरान बड़े-बड़े पौधे लगाए गए थे, जिसके चलते करीब सभी पेड़ लग गए। प्रधान सुरेंद्र यादव ने बताया कि जमीन देते वक्त वन विभाग से यही समझौता हुआ था कि पौधरोपण के लिए जमीन हम तब देंगे जब पौधों की देखभाल ठीक तरीके से हो। कुल पांच एकड़ जमीन दी गई। जिस पर पौधरोपण हुआ, देखभाल के साथ-साथ समय-समय पर सिंचाई के चलते पेड़ अच्छी तरीके से लग गए। यह जागरुकता का परिणाम है लेकिन हर जगह ऐसा नहीं है।

### पेड़ की कटान से हो रहा क्लाइमेट चेंज

मौसम विज्ञानी कहते हैं कि पेड़ की कटान से केवल जिले में ही नहीं हर जगह मौसम में परिवर्तन हो रहा है। नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के मौसम विज्ञानी अमरनाथ मिश्र बताते हैं कि इसके कारण गर्मी ज्यादा और बारिश में कमी का असर है। लोगों का कहना है कि अयोध्या में भी पिछले दो तीन साल से गर्मी का असर ज्यादा दिख रहा है। हो सकता है यह पेड़ों की कटान का असर हो।

### परिदृश्य बदला, स्थिति अच्छी नहीं

याद कीजिए अयोध्या-अकबरपुर मार्ग को। फोरलेन बनने के पहले पूराबाजार से आगे दोनों ओर के घने वृक्षों से लगता था कि मैदान नहीं पहाड़ की सड़क पर चल रहे हैं। अब अकबरपुर तक पेड़ की ढंग की छांव शायद ही कहीं मिले। विकास के लिए पेड़ काटना मजबूरी थी लेकिन विकास के साथ उतना ही गौर स्वस्थ अयोध्या पर होगा तभी तस्वीर बदलेगी। विकास के लिए जिले में कुल कितने पेड़ काटे गए यह आंकड़ा तो जारी नहीं किया गया लेकिन शहर में राम पथ के निर्माण पर 600 पेड़ काटे गए। 14 कोसी परिक्रमा में आने वाले पेड़ों की संख्या 2200 बताई गई थी। इसके अलावा भी एयरपोर्ट, अयोध्या-रायबरेली हाइवे, 84 कोसी परिक्रमा मार्ग, रिंग रोड जैसी बहुत सी परियोजनाओं के लिए भी बड़े दरख्तों को काटे जाने का दौर है। कमिश्नर गौरव दयाल ने स्वयं कई स्थानों का दौरा करके ज्यादा से ज्यादा पेड़ों को बचाए जाने का निर्देश दिया। कुछ बचे भी लेकिन अपने लाभ के चक्कर में कटवाने वालों ने गैर जरूरी पर भी आरा चलवाया।

### तापमान को कम करते हैं वृक्ष

एक पेड़ रोज देता है सवा दो से ढाई सौ लीटर ऑक्सीजन पर्यावरण से जुड़े लोग बताते हैं कि एक परिपक्व पेड़ प्रतिदिन सवा दो से ढाई सौ लीटर ऑक्सीजन उत्पादित करता है, 21 लीटर कार्बन डाइक्साइड अवशोषित करता है। जबकि एक नया पौधा लगभग 10 लीटर ऑक्सीजन देता है। पत्तियां सूर्य के विकरण को रोकर वाष्पोत्सर्जन के जरिए वायुमंडल की नमी बढ़ाने का फायदा अलग है। तापमान में गिरावट होती है।




## आज का मौसम

24 घंटे में बादल छाए रहने व वर्षा होने की संभावना है।



33.0⁰ अधिकतम तापमान | 25.0⁰ न्यूनतम तापमान

## आज के कार्यक्रम



- मुख्य अभियंता वितरण कार्यालय पर निविदा संविदा कर्मियों का धरना सुबह 10 :00 बजे से।
- अवध विश्वविद्यालय में पर्यावरण प्रदर्शनी का दूसरा दिन सुबह 11 :00 बजे से।
- सभी सीएचसी पीएचसी पर मुख्यमंत्री स्वास्थ्य आरोग्य मेले का आयोजन सुबह 9 :00 बजे से।

## एक नजर

### जिला व महिला कारागार में किया योगाभ्यास

**अयोध्या, अमृत विचार** : जिला कारागार में भाष्कर दास हनुमानगढ़ी धर्मार्थ सेवा ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष महन्थ रामदास योगाभ्यास के आयोजन में मौजूद रहे। कारागार में निरुद्ध बन्दियों, अधिकारियों और कार्मिकों को योगाचार्य श्रवण तिवारी, अभिषेक शुक्ल, हिमांशु सूर्यकान्त त्रिपाठी द्वारा अभ्यास कराया गया। महिला कारागार में आशा तिवारी, उर्मिला सिंह, रत्ना जायसवाल ने योगाभ्यास कराया। जिले के सभी तहसील व ब्लॉक मुख्यालय, ग्राम पंचायत कार्यालय, शैक्षिक संस्थाओं, शासकीय एवं अर्धशासकीय कार्यालयों व अन्य स्थानों पर भी योग दिवस मनाया गया।

### योग एक साधना है :पूजा

**अयोध्या, अमृत विचार** : सेवाज्ञ संस्थानम् से राजघाट अयोध्या में योग शिविर का आयोजन किया गया। मंजेश मौर्य ने योग करने के तरीकों से लोगों को अवगत कराया। केंद्रीय कार्यसमिति की सदस्य पूजा सिंह ने कहा कि योग एक साधना है। जिला प्रमुख परेश पांडेय, संयोजक अनुज सिंह, मीडिया प्रमुख अनूप द्विवेदी, अमन गुप्ता आदि मौजूद रहे।



**अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस** राम की पैड़ी पर योग करते प्रभारी मंत्री व कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, नोडल अधिकारी प्रमुख सचिव सिंचाई अनिल गर्ग, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, विधायक रामचंद्र यादव व आईजी प्रवीण कुमार।



गुलाबबाड़ी में योग करते नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता व अन्य।

### योगा फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ थीम पर आयोजित किया गया योग दिवस | योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला : शाही | ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, अनुलोम-विलोम कपालभाति व वज्रासन का कराया गया अभ्यास

# राम की पैड़ी पर दिखा अध्यात्म और योग का अद्भुत संगम

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** राम की पैड़ी पर शनिवार को अध्यात्म और योग का अद्भुत संगम देखने को मिला। ऊपर से सूर्य की लालिमा, उत्तर कल-कल बहती सरयू की धारा और दक्षिण राम लला के साथ अयोध्या के पांच हजार से ज्यादा मंदिरों से निकलती राम नाम की धुन, बीच में सत्ता प्रतिष्ठान, व्यवस्था सहित स्व अनुशासित योग के लिए लचकते शरीर सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह कर रहे थे। नदियों के तट और मंदिरों की दहलीज पर ऐसे दृष्य कभी-कभी देखने को मिलते हैं। अवसर था योगा फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ की थीम पर आयोजित 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का कार्यक्रम। इस मुख्य कार्यक्रम के साथ श्रीराम मंदिर, एयरपोर्ट सहित अन्य स्थानों पर हजारों लोगों ने योगाभ्यास किया।

राम की पैड़ी पर कृषि एवं जिले के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही, जिले नोडल अधिकारी/प्रमुख सचिव सिंचाई एवं जल संसाधन अनिल गर्ग, जिपं अध्यक्ष रोली सिंह, महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी, रूदौली विधायक रामचन्द्र यादव, पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार, जिलाधिकारी निखिल टी. फुंडे, उपाध्यक्ष विकास प्राधिकरण अश्विनी कुमार पांडेय, नगर आयुक्त जयेन्द्र कुमार, मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह सहित अन्य ने योगाभ्यास किया। इसके पूर्व शुभारंभ कृषि मंत्री, प्रमुख सचिव, सहित अन्य ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इसके बाद आरोग्य मंदिर की योग प्रशिक्षक महिमा उपाध्याय ने योगाभ्यास कराया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के योग दिवस पर विशाखापतनम में दिए गए उद्बोधन का सजीव प्रसारण सुना गया। योगाभ्यास के बाद योग सप्ताह 15 से 21 जून के मध्य जिले में में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के चयनित छात्रों को मंत्री ने पुरस्कृत किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री शाही ने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है। योग से न केवल शरीर स्वस्थ रहता है, बल्कि मानसिक संतुलन भी प्राप्त होता है। सभी से आग्रह किया कि वे योग को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाएं। डीएम निखिल टी.फुंडे ने कहा कि योग हमारी जीवन शैली का अहम हिस्सा है। सालों से भारतीय संस्कृति का अहम् धरोहर है। कार्यक्रम में पूर्व सांसद लल्लू सिंह, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी अशोक कुमार, क्षेत्रीय एवं यूनानी अधिकारी डॉ. महेन्द्र सिंह विष्णु, आयुष चिकित्सक डॉ. राहुल सिंह, डॉ. मिथिलेश, सुनील तिवारी, करुणाकर पांडेय, गिरीश पांडेय डिप्पुल, डॉ. राकेशमणि सहित स्वयंसेवी संस्थाए, योग प्रशिक्षक, छात्र छात्राएं और कर्मचारी मौजूद रहे।




राम की पैड़ी पर योग करते डीएम निखिल टीकाराम फुंडे व भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह।



राम मंदिर परिसर में योग करते एसपी सुरक्षा बलरामाचारी व अन्य।

### निरोग जीवन का मूल आधार योग : रामचंद्र

**रुदौली, अमृत विचार।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर मुख्य आयोजन रुदौली डाक बंगले परिसर में हुआ। अध्यक्षता विधायक रामचंद्र यादव ने की। उन्होंने कहा कि योग निरोग जीवन का मूल आधार है। योग न केवल हमारे शारीरिक स्वास्थ्य बल्कि मानसिक संतुलन के लिए भी अनिवार्य है। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार पाण्डेय, नगर अध्यक्ष रामराज लोधी, संयोजक उमाशंकर कश्यप आदि मौजूद रहे। रुदौली डिग्री कॉलेज के कबीरालय ऑडिटोरियम में भी योग पाठशाला का आयोजन किया गया। संयोजन डीएसएम लायंस पब्लिक स्कूल के चेयरमैन एवं कॉलेज के सचिव डॉ. निहाल रजा ने किया। योग शिक्षकों संजय सिंह, शाह आमिर तबरेज और सरिता तिवारी ने प्रतिभागियों को योगासन व प्राणायाम का अभ्यास कराया। ब्लॉक परिसर में एडीओ आईएसबी भगवान दीन के नेतृत्व में योग कार्यक्रम हुआ। प्रभारी एडीओ पंचायत सौरव गुप्ता, एडीओ समाज कल्याण रवीश मिश्रा सहित लगभग 60 अधिकारियों और कर्मचारियों ने सामूहिक योग में भाग लिया।



राम की पैड़ी पर योग करते पूर्व सांसद लल्लू सिंह।

### योग शिक्षक दीपेश ने कराया अभ्यास

**अयोध्या, अमृत विचार** : विधायक सदर वेद प्रकाश गुप्ता की मौजूदगी में केंद्रीय संरक्षित स्मारक गुलाबबाड़ी में एक पृथ्वी-एक स्वास्थ्य के लिए योग दिवस समारोह का आयोजन किया गया। योग शिक्षक दीपेश सिंह ने योग मुद्राओं और विभिन्न क्रियाओं के बारे में जानकारी दी, अभ्यास कराया। इस अवसर पर जिंगेल बेल स्कूल के विद्यार्थियों, अयोध्या के स्थानीय लोगों और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के अधिकारियों और कर्मचारियों सहित लगभग 500 लोगों ने प्रतिभाग किया।

### पहली बार योग का साक्षी बना राम मंदिर

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार** : श्रीराम मंदिर में शनिवार को पहली बार 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। इसमें राम मंदिर के ट्रस्टी, एसपी सुरक्षा बलरामाचारी दुबे के साथ एडीएम परिसर, सीआरपीएफ, पीएससी, डॉग स्क्वायड की टीम के कमांडो और प्राइवेट सुरक्षा एजेंसी के जवान शामिल हुए। सभी को योग की विभिन्न मुद्राओं का अभ्यास कराया गया। जीवन में इसके महत्व के बार में बताया गया। एसपी सुरक्षा बलरामाचारी दुबे ने कहा कि पहली बार यह आयोजन परिसर में संपन्न हुआ है।



मेडिकल कॉलेज में योग करते प्राचार्य डॉ. सत्यजीत वर्मा व अन्य चिकित्सक।

### मेडिकल कॉलेज में एक साथ किया सूर्य नमस्कार

**अयोध्या, अमृत विचार** : राजर्षि दशरथ स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, में योग दिवस उत्साह व श्रद्धा के बीच मनाया गया। विश्व कीर्तिमान के लिए प्रधानमंत्री के संबोधन का सीधा प्रसारण सुना गया। इसके बाद एक साथ सूर्य नमस्कार किया गय। चिकित्सा महाविद्यालय के कार्यक्रम का उद्देश्य केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति एवं योग परंपरा के प्रति जागरूकता फैलाने का भी एक सशक्त माध्यम बताया गया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य डॉ. सत्यजीत वर्मा, डॉ. अंशू मिश्रा, डॉ. रनदीप मुखर्जी, डॉ. मनीष वर्मा, डॉ. अदिति प्रिया, नर्सिंग कॉलेज प्रधानाचार्य डॉ. कल्पना बोरसे, उपप्रधानाचार्य डॉ. नीना वीपी, नर्सिंग अध्यापक, अध्यापिका, छात्र-छात्राएं और अन्य संकायों के सदस्य, सीनियर रेजीडेण्ट, जूनियर रेजीडेण्ट, छात्र और कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया।

### योग शरीर को रोगमुक्त कर मन को भी करता स्थिर : वेद प्रकाश

**अयोध्या, अमृत विचार** : अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जनपद में कई जगह पर सामूहिक रुप से योगाभ्यास किया गया। इन आयोजनों में भाजपा नेता व जनप्रतिनिधि शामिल हुए। गुलाबबाड़ी में विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, सूर्यकुंड पर नगर निगम व वन विभाग दर्शननगर रेंज के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित व मिल्कीपुर स्थित केरला पब्लिक स्कूल में विधायक चन्द्रभानु पासवान सामूहिक योगाभ्यास में शामिल हुए। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि योग न सिर्फ शरीर को रोगमुक्त करता है, बल्कि मन को भी स्थिर करता है। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित ने कहा कि योग से व्यक्ति अनुशासित होता है। विधायक चन्द्रभानु पासवान ने कहा कि हमारे पुरखों की इस परंपरा को हमें गौरव के साथ आगे बढ़ाना है।



केरला पब्लिक स्कूल में योग करते मिल्कीपुर विधायक चंद्रभानु पासवान

### योग गुरुओं को प्रधानाचार्य ने किया सम्मानित

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार** : अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शनिवार को पंडित हृदयराम शर्मा पीडी पांडेय इंटर कॉलेज सोनैसा रसूलाबाद में प्रधानाचार्य संजीव चतुर्वेदी के नेतृत्व में योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। योग गुरुओं खेल अध्यापक राजकुमार कारूष ,सहायक अध्यापक संदीप चक्रवर्ती, एवं सुनील वर्मा को सम्मानित किया। वहीं फ़ैज़ाबाद पब्लिक स्कूल में छात्र, छात्राओं, शिक्षकों ने योगासन किया। शारीरिक शिक्षा प्रमुख एसपी श्रीवास्तव ने संचालन किया। प्रधानाचार्य कृष्ण कुमार मिश्रा ने आभार व्यक्त किया।



पीडी पांडेय इंटर कॉलेज में योग गुरुओं को सम्मानित करते प्रधानाचार्य संजीव चतुर्वेदी।

### निगम ने तीन पार्कों में कराया योग दिवस का आयोजन

**अयोध्या, अमृत विचार** : नगर निगम प्रशासन की देखरेख में अटल पार्क साकेतपुरी, पंप हाऊस पार्क अवधपुरी और कौशलपुरी में सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें निगम के अधिकारी/कर्मचारियों के साथ स्थानीय नागरिक शामिल रहे। नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने बताया कि उत्तम स्वास्थ्य के लिए योग वरदान है। कार्यक्रम में अपर नगर आयुक्त सुमित कुमार, नोडल अधिकारी गुरु प्रसाद पाण्डेय, सौरभ नाथ जोनल अधिकारी (कौशलपुरी) सुभाष त्रिपाठी, जोनल अधिकारी (अवधपुरी) एवं अवर अभियन्ता राकेश कुमार आदि थे।



योग करते अधिकारी व नगर निगम कर्मी। अमृत विचार

### विमानन सेवा में कार्यरत लोगों के लिए योग महत्वपूर्ण

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार** : अयोध्या धाम एयरपोर्ट पर विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया। एयरपोर्ट निदेशक विनोद कुमार की अध्यक्षता में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के अधिकारियों, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के सहायक कमांडेंट व जवानों, एयरलाइन प्रतिनिधियों एवं अन्य संबद्ध एजेंसियों और यात्री शामिल रहे। योग सत्र का संचालन प्रशिक्षित योग प्रशिक्षक से किया गया।



एयरपोर्ट पर योग करते साधक। अमृत विचार



माधव सर्वोदय इंटर कॉलेज में योग योगाभ्यास करते छात्र एवं छात्राएं। अमृत विचार



पीवीएस इंटर कॉलेज कादीपुर में योग करते हुए लोग । अमृत विचार

### कई स्थानों पर योग कक्षा और शिविर का आयोजन

**हैदरगंज, अमृत विचार** : अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सैकड़ो लोगों ने प्रतिभाग कर योग के गुरु सिखे और स्वस्थ तन मन रखने का संकल्प लिया। ग्राम पंचायतों जाना, पछियाना, कोरोराघवपुर, रामपुर अहिरौली, बेनी गद्दोपुर सहित कई के सैकड़ों लोग पल्टूबीर स्थित योग शिविर स्थल पर पहुंचकर योग के गुरु सीखे। लाभ के बारे में भी जानकारी हासिल की। योग कक्षा पल्टूवीर विसुही नदी तट पर प्रशिक्षक योगी हरगोविंद वर्मा, बलराम, महेंद्र कुमार, कालिका यादव रहे। जहां सुनील कुमार, रामचंद्र प्रधान, सुखराज चौहान, विनय तिवारी, चंद्रभान, राम अचल, दिनेश वर्मा आदि ने योगाभ्यास किया। हैदरगंज थाना परिसर में थानाध्यक्ष विवेक राय के नेतृत्व में महिला, पुरुष आरक्षियों ने योग करके योग से स्वास्थ्य लाभ के बारे में जानकारी हासिल की।

### शिक्षकों के साथ छात्र-छात्राओं ने किया योग

**मसौधा, अयोध्या। अमृत विचार** : रानी बाजार के निकट माधव सर्वोदय इंटर कॉलेज अमौना में शनिवार सुबह योग दिवस के मौके पर छात्र-छात्राओं, अध्यापक- अध्यापिकाओं ने योगाभ्यास किया। प्रधानाचार्य धर्मेंद्र कुमार पाठक ने बच्चों को योग से होने वाले लाभ और योग करने के तरीके बताए। कार्यक्रम में उप प्रधानाचार्य ज्ञानेंद्र कुमार पाठक,ओपी पांडे, अमित कुमार पांडे, संतोष कुमार मौर्य, संतोष मिश्रा, महेश कुमार पांडे, सपना, पिंकी उपाध्याय, गोल्डी, रश्मि पांडे, पूजा पाठक, रिया सिंह आदि शामिल थे।

### एसडीएम ने किया योग

**सोहावल, अमृत विचार** : तहसील परिसर में योग दिवस का आयोजन हुआ। एसडीएम अभिषेक कुमार सिंह, तहसीलदार प्रदीप कुमार सिंह, नायब तहसीलदार इंद्र भूषण यादव, खिरौनी नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी आरती श्रीवास्तव, सीडीपीओ अनीता सोनकर,सभासद फरीद अहमद, लेखपाल संघ अध्यक्ष सुशील कुमार सहित सैकड़ों लोगों ने योगाभ्यास किया।

### पीवीएस इंटर कॉलेज में मनाया गया योग दिवस

**पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार** : पीवीएस इंटर कॉलेज कादीपुर में योग गुरु एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला बौद्धिक प्रमुख केदारनाथ पांडे के निर्देशन में योग दिवस मनाया गया। इसमें कपालभाती, सूर्य नमस्कार, प्राणायाम, सुख आसन, ऊंची कूद आदि योग कराए गए। विद्यालय प्रबंधक व वित्तविहीन विद्यालय प्रबंधक सघ के जिला महासचिव सुरेंद्र उपाध्याय, पूर्व मंडल अध्यक्ष नंद कुमार सिंह, जिपं सदस्य देवता पटेल, पूर्व जिपं सदस्य शंभू नाथ सिंह, मंडल प्रभारी पूरा दिनेश मिश्रा, मंडल महामंत्री पूरा राजेश पाठक, सभापति गन्ना विकास समिति अयोध्या सियाराम वर्मा, ग्राम प्रधान मडना ओम प्रकाश यादव आदि लोग मौजूद थे।

### खिलाड़ियों ने किया योग

**अयोध्या,** क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी अनिमेष सक्सेना के नेतृत्व में डॉ. भीम राव अंबेडकर क्रीड़ा संकुल में लगभग 500 खिलाड़ियों और नागरिकों ने योग किया। भाजपा नेता अभय सिंह, शकील अहमद अंसारी, अनूप दूबे, राम सजीवन, सीडी सिंह, शिवबाबू निषाद, मदनलाल प्रजापति आदि मौजूद रहे।

# कृषि विवि में कुलपति ने 4680 लोगों के साथ किया योगाभ्यास

कुमारगंज, अयोध्या

**अमृत विचार :** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर शनिवार को अटल बिहारी वाजपेयी क्रीड़ा परिसर में कुलपति कर्नल (डॉ.) बिजेंद्र सिंह ने लगभग 4680 लोगों के साथ मिलकर योग किया। विश्व हिंदू परिषद के अवध प्रांत संगठन मंत्री विजय प्रताप और कुलपति की धर्मपत्नी मीना सिंह ने भी योग किया। योग दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को कुलपति ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कुलपति ने विश्वविद्यालय परिसर स्थित पांच भवनों के निर्माण कार्यों का लोकार्पण भी किया।

योग करने के लिए विवि के शिक्षक, वैज्ञानिक, छात्र-छात्राएं, कर्मचारी के साथ-साथ उनके परिजन भी योगाभ्यास करने के लिए क्रीड़ा परिसर पहुंचे। विवि में चल रहे एनसीसी कैंप के 600 कैडेट भी योगाभ्यास में शामिल हुए। इस दौरान लोगों ने भुजंगासन, मयूरासन, सिंहासन, शलभासन, उष्ट्रासन, सूर्य नमस्कार, तितली आसन आदि प्रकार के योग का अभ्यास किया। योग विशेषज्ञ डॉ. दिवाकर सिंह व डॉ. देवनाराण पटेल ने सभी को योगाभ्यास कराया।

छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. डी नियोगी के संयोजन में योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने डॉ. जसवंत सिंह, इं. ओमप्रकाश, डॉ. एसपी सिंह, डॉ. जेपी सिंह, डॉ. नवाज खान, डॉ. नवीन कुमार सिंह, डॉ. देवनारायण, डॉ.रागिनी मिश्रा, अभिषेक सिंह, पंकज सिंह का योगदान रहा।



अटल बिहारी वाजपेई क्रीड़ा परिसर में योग करते कुलपति कर्नल डॉ. विजेंद्र सिंह व अन्य।

### ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन व वज्रासन का कराया अभ्यास

**अयोध्या, अमृत विचार** : आर्ट ऑफ लिविंग ने योग कार्यक्रम का आयोजन रीडगंज के एक होटल में किया। कार्यक्रम में ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, वज्रासन, कपालभाति, अनुलोम-विलोम आदि का अभ्यास कराया गया। योग सत्र का संचालन आर्ट ऑफ लिविंग की वरिष्ठ प्रशिक्षक अल्पना वर्मा और अनुज वैश्य ने किया। संचालन अनूप मल्होत्रा ने किया। इसके पूर्व शुभारंभ गुरुदेव श्रीश्री रविशंकर जी के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय गुप्ता, समाजसेवी विनोद पटेल मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। आयोजन को सफल बनाने में यूथ हॉस्टल एसोसिएशन, सपना फाउंडेशन, नागरिक सुरक्षा संगठन,रोटरी क्लब ग्रेटर अयोध्या, होलोग्रैड एलएलपी, यश म्यूजिकल फाउंडेशन और जना स्मॉल फाइनेंस बैंक शामिल थीं। कार्यक्रम में दीपक रस्तोगी, अनुराग वैश्य, आशीष महेन्द्रा, सौरभ सागर, दीपक मेहरोत्रा, संजीव सोनी, प्रशांत केसरीवानी, विवेकानंद पांडेय सहित अन्य लोग थे।



अवध विवि में शनिवार को योगाभ्यास करते शिक्षक व कर्मचारी।

### योग धर्म नहीं विज्ञान : प्रो. संत शरण

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार** : योग धर्म नहीं विज्ञान है। यह शरीर और आत्मा को एकात्म करने का माध्यम हैं। ये बातें डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के योग संस्थान के निदेशक प्रो. संत शरण मिश्र ने कहीं। वह शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर थीम 'एक पृथ्वी-एक स्वास्थ्य' के तहत स्वामी विवेकानंद सभागार के सामने परिसर में आयोजित योग कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर 1100 लोगों ने योग किया।इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश सुना। प्रधानमंत्री के इस संदेश के बाद विश्वविद्यालय परिसर में स्वागत के क्रम में कुलसचिव विनय कुमार सिंह व अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. नीलम पाठक को पुष्प गुच्छ एवं अंग वस्त्रम देकर स्वागत किया गया। प्रोटोकॉल का अभ्यास प्रार्थना से शुरू हुए योग में लोगों ने सूक्ष्म व्यायाम के साथ आसनों के क्रम में ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, कटिचक्रासन, उत्कटासन,वज्रासन, भद्रासन, शशांकासन, भुजंगासन मकरासन, उत्तानपादासन, अर्ध हलासन, पवनमुक्तासन, शवासन प्राणायाम में नाड़ी शोधन, भ्रामरी शीतकारी एवं ध्यान का अभ्यास किया गया। राजभवन द्वारा निर्देशित विश्व रिकॉर्ड बनाने के लिए ठीक सुबह 8 बजे सूर्य नमस्कार हुआ। संचालन योग शिक्षक डॉ. अनुराग सोनी व आलोक तिवारी ने किया। प्रो. आशुतोष सिन्हा, प्रो. सिद्धार्थ शुक्ला, प्रो.सीके मिश्रा, प्रो. अनूप कुमार, प्रो.गंगाराम मिश्रा समेत बड़ी संख्या में शिक्षक व कर्मी तथा छात्र - छात्राएं उपस्थित रहे।

### अवध विवि में 1100 लोगों ने एक साथ किया योग

# सरयू में तैनात फायर बोट लापता, कुछ देर बाद नदी में मिली

## महाकुंभ के दौरान 50 लाख रुपये से खरीदी गई थी

## बोट कर्मी राम की पैड़ी पर गया था योग करने

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** रामनगरी में शनिवार सुबह सरयू नदी में तैनात फायर बोट अचानक लापता हो गई। उस समय बोट पर तैनात दमकलकर्मी राम की पैड़ी पर योग करने गया हुआ था। अधिकारियों ने बोट की तलाश कराई तो वह नदी के अंदर मिली। इस संदर्भ में अधिकारियों द्वारा पहले कहा गया कि रात में हुई बारिश से बोट में ज्यादा पानी भर गया, जिससे वह डूब गई। कुछ देर बाद कहा कि बोट अपने स्थान से मिसप्लेस हो गई थी। विभाग ने बोट नदी से बाहर निकाला लिया है।



सरयू नदी में तैनात फायर बोट। अमृत विचार

महाकुंभ के दौरान प्रदेश सरकार द्वारा चार फायर बोट खरीदी गई थी। मेले के समापन के बाद इन बोटों को अलग-अलग जिले को सौंप दिया था। इनमें से एक बोट अयोध्या को भी मिली थी। करीब 50 लाख की कीमत वाली इस बोट पर सभी अत्याधुनिक सुविधाएं हैं। अयोध्या को इसे चौधरी चरण सिंह घाट के पास बने हैलीपैड के पास तैनात किया गया। इस बोट पर एक अग्निशमनकर्मी की तैनाती की गई थी। उक्त कर्मी को योग दिवस पर राम की पैड़ी पर ड्यूटी में लगा दिया गया था। वह शुक्रवार रात बोट को बांधकर ड्यूटी पर चला गया। सुबह योग करने के बाद जब वह बोट के पास पहुंचा तो वह लापता मिली। उसने इसकी सूचना उच्चाधिकारियों को दी। एसपी ग्रामीण बलवंत चौधरी, मुख्य अग्निशमन अधिकारी एमपी सिंह मौके पर पहुंचे व बोट के सहारे नदी में तलाश शुरू की। गोताखोर व स्थानीय नाविकों की भी सहायता ली गई तो उन्होंने बोट को ढूंढ निकाला। बोट जहां बंधी थी, वहीं पानी में डूब गई थी। सीएफओ एमपी सिंह ने बताया कि जेसीबी की सहायता से बोट को नदी से बाहर सूखे स्थान पर रखवाया जा रहा है।

**▸▸ अधिकारी असमंजस में, पहले कहा- बारिश के चलते नदी में डूब गई, बाद में बोले मिसप्लेस हो गई थी**

### बोट कैसे डूबी, गले नहीं उतर रही अधिकारियों की बात

मौके पर शनिवार सुबह पहुंचे एसपी ग्रामीण बलवंत चौधरी ने बताया कि रात में भारी बारिश के चलते बोट में पानी भर गया। जिससे वह नदी में डूब गई। इसके बाद दोपहर में पुलिस मीडिया सेल पर जारी बयान में उन्होंने कहा कि बीती रात तेज बारिश में बोट अपने स्थान से मिसप्लेस हो गई। उसे ढूंढ निकाला गया। वहीं, सरयू में 50 से ज्यादा बोट श्रद्धालुओं को नदी का सैर कराती है। यह सभी बोट नदी किनारे ही खड़ी रहती है। स्थानीय नाविकों का कहना है कि रात में बारिश हुई लेकिन इतनी ज्यादा भी नहीं हुई कि बोट डूब जाए। हमारी साधारण बोट कभी नहीं डूबी। जबकि अग्निशमन विभाग की यह बोट तो आधुनिक सुविधाओं से लैस है।

# शिकायतों का निस्तारण न होने पर आयोग की सदस्य ने जताई चिंता

**अयोध्या, अमृत विचार:** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की सदस्य विजया भारती सयानी ने विभागों में शिकायतों के निस्तारण को लेकर चिंता व्यक्त की है। कहा कि लगता है विभागों मे शिकायतों के निस्तारण में रुचि नहीं है। वह शनिवार को राम लला का दर्शन पूजन करने के बाद सरकिट हाउस में पत्रकारों से बात कर रही थीं।



राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की सदस्य विजया भारती।

कहा कि 500 से ज्यादा शिकायतें प्रतिदिन मिल रही है। महीने में यह संख्या 50 हजार तक पहुंच रही है। सयानी ने कहा शिकायतों के निस्तारण के लिए इन्वेस्टिगेशन, लीगल डिपार्टमेंट और मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष को भेजा जाता है। आयोग में शिकायत करने का तरीका है। पुलिस स्टेशन में गए शिकायत की, शिकायत प्रार्थना पत्र नहीं लिया तो मानवाधिकार आयोग को शिकायत, एप्लीकेशन ली लेकिन एफआईआर दर्ज नहीं की तो इसकी भी शिकायत, एफआईआर दर्ज की तो उसे पर कार्रवाई नहीं की इसकी भी शिकायत। पीड़ित आयोग को ऑनलाइन भी शिकायत कर सकते हैं। ऑनलाइन शिकायत करने में दिक्कत है तो एक प्रार्थना पत्र लिखकर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के पते पर भी भेज सकते हैं।

**▸▸ कहा-लगता है कि निस्तारण में विभागों की रुचि नहीं**

### ब्रह्मा देव मिश्रा अध्यक्ष, सूर्यवीर यादव बने मंत्री

**अयोध्या।** राजस्व संग्रह अमीन संघ के शाखा तहसील सदर की बैठक हुई। इसमें संगठन के पुनर्गठन पर चर्चा के बाद पदाधिकारियों का चुनाव कराया गया। इसमें ब्रह्मा देव मिश्रा अध्यक्ष, पवन कुमार पांडेय वरिष्ठ उपाध्यक्ष, राजेन्द्र प्रसाद उपाध्यक्ष, सूर्यवीर यादव मंत्री, त्रिभुवन शर्मा उप मंत्री, राम बहादुर वर्मा कोषाध्यक्ष, अवधेश प्रताप सिंह संगठन मंत्री, बाबूराम मीडिया प्रभारी निर्विरोध निर्वाचित किए गए। निर्वाचित कार्यकारिणी पदाधिकारी गण को मंडल अध्यक्ष सत्येंद्र प्रकाश पांडेय ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। निर्वाचन कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष डेनियल भारती, जिला मंत्री रणजीत सिंह, महाराज दीन, जैसराज वर्मा, अजीत मौर्य ,पवन पांडेय, उमेश चन्द्र शुक्ल आदि थे।

### 2027 में प्रदेश में बनेगी सपा की सरकार : फिरोज़ खान

**सोहावल, अयोध्या : अमृत विचार।** प्रदेश की जनता महंगाई, भ्रष्टाचार व झूठ फरेब से त्रस्त हो गई है। उसने 2027 के चुनाव में सपा की सरकार बनाने का मन बना लिया है। यह बातें सपा नेता हाजी फिरोज़ खान उर्फ गब्बर ने कहीं। वह शनिवार को बीकापुर विधानसभा अंतर्गत बीकापुर जोन में आयोजित पीडीए पंचायत को संबोधित कर रहे थे। अध्यक्षता बीकापुर ब्लॉक अध्यक्ष गया प्रसाद यादव एवं संचालन जय प्रकाश यादव ने किया। सपा ज़िलाध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा कि कार्यकर्ता अभी से बूथों पर लग जाएं, वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाना पहला लक्ष्य है। इस दौरान एजाज़ अहमद, अशोक यादव, जुग्गी लाल यादव, संजय यादव, आफ़ताब अहमद, बृजेश कुमार यादव, रोली यादव आदि मौजूद रहे।

# अधिवक्ताओं ने बार मंत्री के नेतृत्व में आईजी को सौंपा ज्ञापन



आईजी प्रवीण कुमार को ज्ञापन सौंपते बार के मंत्री गिरीश तिवारी।

**अयोध्या, अमृत विचार।** अधिवक्ता और उसके परिवार के सदस्यों के खिलाफ मुकदमा दर्ज होने के मामले में बार मंत्री गिरीश तिवारी के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने शनिवार को आईजी प्रवीण कुमार को ज्ञापन सौंपा। आईजी ने मामले में निष्पक्ष जांच के लिए विवेचक को केस डायरी के साथ तलब किया है। आरोप है कि महाराजगंज थाना क्षेत्र के अधिवक्ता दिलीप कुमार दुबे का उनके पटीदार राम जियावन से जमीन का विवाद था। अधिवक्ता की जमीन पर विपक्षी कब्जा कर रहे थे। उनके पिता हृदय राम दुबे ने इससे मना किया तो विपक्षियों ने उन पर हमला बोल दिया। वह गंभीर रूप से घायल हो गए। इसकी रिपोर्ट उन्होंने विपक्षी राम जियावन समेत पांच लोगों के खिलाफ दर्ज कराई थी। वहीं, विपक्षियों की तरफ से दी गई तहरीर पर भी महाराजगंज पुलिस ने अधिवक्ता और उनके परिजनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली। जबकि घटना के समय अधिवक्ता कचहरी में थे। इस मामले में शनिवार को बार एसोसिएशन के मंत्री गिरीश कुमार तिवारी और कोषाध्यक्ष वीरेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में अधिवक्ताओं का एक प्रतिनिधिमंडल पुलिस महानिरीक्षक से मिला व उनसे अधिवक्ता और उसके परिजनों के खिलाफ दर्ज कराई गई कथित फर्जी प्रथम सूचना रिपोर्ट को स्पंज करने और अधिवक्ता के पिता पर जानलेवा हमला करने के आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की। ज्ञापन सौंपने वालों में अधिवक्ता विकास श्रीवास्तव, सुनील मिश्रा, अरुण कुमार पांडेय, अंकित, प्रदीप कुमार, राकेश वैद्य, प्रदीप कुमार, दिवाकर दुबे, प्रमोद शंकर पांडेय समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### 8वीं बार अंजुमन नासिरिया के सेक्रेट्री बने अकबर हुसैन आब्दी



अंजुमन के सदर असद हुसैन सेक्रेटरी अकबर हुसैन आब्दी को इनाम देते हुए।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** अंजुमन नासिरिया रजिस्टर्ड कदीम की वार्षिक बैठक जानी साहब के निवास पर वसीका अरबी कॉलेज के बगल हुई। जिसमें अंजुमन के सभी सदस्य और पदाधिकारी शामिल हुए। हर साल की तरह इस साल भी अंजुमन ने प्रोग्राम में जो हर जगह शिरकत की थी और वहां पर जो हदिया इनामात मिले थे, उसको सदस्यों को दिया गया। बैठक में अकबर हुसैन आब्दी को लगातार आठवीं बार सेक्रेटरी चुना गया। ज्वॉइंट सेक्रेटरी शानू, असद हुसैन, सैयद परवेज हुसैन, खजांची जानी चुने गए। अंजुमन नासिरिया कदीम के साहबे बयाज़ मजहिर हुसैन, जहीर अब्बास, कमर अब्बास, नासिर, शदान अली और सरपरस्त अनवर हुसैन आब्दी, शबाब हुसैन और ज़फरुल हसनैन,राजा और हसीन अख़्तर बनाए गए।

### नगर में शान के साथ निकला मुबाहेला का जूलूस



जुलूस में शामिल मौलाना नदीम रजा जैदी व अन्य

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** नगर के राठहवेली मोहल्ले से फैययाज़ की मस्जिद से मुबाहेला का जूलूस शुक्रवार रात पूरी शान और शौकत से निकाला गया। जुलूस से पहले नज़रे मौला हुई उसके बाद जुलूस की शक्ल में झंडा बैनर लेकर लोग नारे तकबीर नारे रिसालत और नारे हैदरी का नारा लगाते हुए आगे बढ़े। जुलूस में शिया धर्म गुरु मौलाना नदीम रज़ा जैद़ी, मौलाना कमर मेहंदी, मौलाना मंजर अब्बास, मौलाना ज़फर अब्बास कुम्मी सहित तमाम शिया मुसलमान शामिल हुए। यह जुलूस अपने तयशुदा मार्गों से होता हुआ आगे बढ़ा। जिओ हैदर ने स्वागत किया। इसके बाद जुलूस नारे हैदरी नारे तकबीर नारों के साथ इमामबाड़ा जवाहर अली खां पहुंचा। जहां पर मौलाना द्वारा मुबाहेला का मतलब बताया गया। इस दौरान बड़ी तादाद में लोग मौजूद रहे।

### चैंपियनशिप के लिए जिले की बालिका टीम घोषित

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** बलिया के एपेक्स स्कूल गड़वार में 22 और 23 जून को आयोजित होने वाली राज्य जंप रोप चैंपियनशिप के लिए जिले की बालिका टीम शनिवार को घोषित की गई। मंडल क्रीड़ा समिति के सचिव धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि बालिका टीम अंडर – 14 में रेशम ,अंशिका यादव, दिव्या, अनामिका,गीतांजलि और प्राची सिंह,अंडर– 17 में सेजल,महिमा गुप्ता, महिमा यादव, राखी निषाद,अंजली, आशिका और अंडर – 19 में आकांक्षा यादव, शिवांगी यादव, लक्ष्मी, गुंजन और अंशिका का चयन किया गया है। टीम रवाना कर दी गई है।

### जलपरी मंजरी को जिला जज ने किया सम्मानित



जलपरी मंजरी को सम्मानित करते मुख्य अतिथि जिला जज रणजय वर्मा व एडीजे पीके सिंह।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** जलपरी के नाम से जाने जाने वाली मंजरी जायसवाल की सफलता पर विद्यालय क्रीड़ा समिति के संयोजन में शनिवार को मकबरा स्टेडियम में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि जिला जज रणजय वर्मा, एडिशनल जज पीके सिंह, प्रत्यूष सिन्हा ने मंजरी जायसवाल को मेडल और ट्रैकसूट प्रदान कर सम्मानित किया। सिद्धार्थनगर में 13 व 14 जून को हुई उत्तर प्रदेश राज्य स्तरीय महिला तैराकी प्रतियोगिता में मंजरी 100 मीटर फ्रीस्टाइल और 200 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धाओं में दो स्वर्ण पदक जीतकर जिले और मंडल का नाम रोशन किया था। विद्यालय क्रीड़ा समिति के अध्यक्ष संयुक्त शिक्षा निदेशक योगेंद्र कुमार सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. पवन तिवारी, शिवकरन सिंह, जिला विद्यालय क्रीड़ा समिति के सचिव धर्मेंद्र सिंह, तैराकी कोच अखंड प्रताप सिंह दीपचंद मौर्य आदि मौजूद रहे।

### मोहर्रम को लेकर नगर आयुक्त से मिली ताजियादारान कमेटी

**अयोध्या, अमृत विचार :** मोहर्रम को लेकर ताजिया दारान कमेटी नगर निगम के नगर आयुक्त से मिली। सुविधाओं को लेकर ज्ञापन भी दिया। ताजियादार कमेटी के अध्यक्ष मोनू मिर्जा व वक़्फ़ बारीताला बड़ी बुआ के सेक्रेटरी आसिफ नवाब ने पानी, बिजली, सड़कों पर गडढ़े, लाइट इत्यादि जैसी अन्य समस्याओं को लिखित रूप में सौंपा। नगर आयुक्त ने कमेटी को सभी समस्याओं का निस्तारण करने को संबंधित विभाग को निर्देश दिए। इस मौके पर कमर राईन, सदमान खान आदि मौजूद रहे।

### बिना बंटवारे के हो रहा निर्माण, कार्रवाई की मांग

**गोसाईंगंज, अयोध्या। अमृत विचार :** थाना तारुन अंतर्गत ग्राम परसावां महोला निवासी शोभा देवी पत्नी अजय कुमार ने चौकी प्रभारी को तहरीर देकर देवर की पत्नी पर बिना बंटवारे के पैतृक संपत्ति पर निर्माण कार्य कराने का आरोप लगाया है। पीड़िता का कहना है कि उन्होंने विरोध किया तो उनकी बात नहीं मानी गई। उन्होंने 112 नंबर पर कॉल कर पुलिस को बुलाया। पुलिस टीम ने कार्य रुकवाया, लेकिन निर्माण कार्य दोबारा शुरू कर दिया गया। रामपुर चौकी प्रभारी देवेंद्र चौधरी ने बताया कि दोनों पक्ष को थाने पर बुलाया गया था। बंटवारा कर ही दोनों पक्ष का समाधान हो सकता है।

### दो ट्रैक्टर-ट्रॉली समेत एक स्क्रैपर मशीन पकड़ी

**तारुन, अयोध्या : अमृत विचार।** थाना तारुन क्षेत्र अंतर्गत रामदासपुर गांव में शनिवार दोपहर अवैध खनन की सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। सूचना पर पहुंचे खनन निरीक्षक चंद्रशेखर पाठक की टीम ने दो ट्रैक्टर–ट्रॉली समेत एक स्क्रैपर मशीन को कब्जे में लिया। पुलिस के अनुसार अवैध खनन में पकड़ी गई गाड़ियां थाना क्षेत्र के ही विजयनपुर सजहरा मजरे भवानीपुर निवासी देवराज वर्मा की है। खनन अधिकारी आशीष मिश्रा ने बताया कि जुर्माना की कार्रवाई जिला अधिकारी करेंगे।

### कोचिंग से लौट रही इंटर की छात्रा लापता, रिपोर्ट

**मसौधा।** पुलिस चौकी भदरसा भरतकुंड के निकट से कोचिंग से घर लौट रही इंटर की छात्रा रहस्यमय ढंग से लापता हो गई। देर शाम तक उसके घर न पहुंचने पर परिजनों ने घटना की तहरीर पुलिस को दी। पुलिस ने छात्रा की मां की तहरीर पर अपहरण की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है। शनिवार सुबह करीब आठ बजे भरतकुंड भदरसा चौकी क्षेत्र के निकट गांव की इंटर की एक छात्रा भरत कुंड के निकट कोचिंग सेंटर में पढ़ने गई थी। दोपहर बाद तक घर न लौटने पर परिजनों ने छानबीन शुरू की। देर शाम तक पता न लगने पर छात्रा की मां ने घटना की तहरीर पुलिस को दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। प्रभारी निरीक्षक पूरा कलंदर देवेंद्र सिंह ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### नरौली में 38 साल पुराने पट्टे की जमीन पर अवैध कब्जे का आरोप

**मवई, अमृत विचार :** रुदौली तहसील के नरौली गांव में एक पट्टे की जमीन पर अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। बाबादीन नाम के व्यक्ति ने एसएसपी को इसकी शिकायत की है। बाबादीन को 1985 में गाटा संख्या 394 का आवासीय पट्टा मिला था। वह तब से अपने परिवार के साथ वहां रह रहा था। उसने जमीन पर चारदीवारी और एक कमरा बना रखा था। 21 जून को सुबह सात बजे साधूसरन और शिवराम यादव ने अपने साथियों के साथ मिलकर बाबादीन की संपत्ति पर कब्जे का आरोप है। आरोप है कि लेखपाल की मिलीभगत से कार्रवाई की गई। बाबादीन ने विरोध किया तो उन्हें और उनके पुत्र को लाठी–डंडों से मारने की कोशिश की गई। पीड़ित ने एसडीएम और तहसीलदार से कई बार शिकायत की, ऑनलाइन शिकायत भी दर्ज कराई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब उन्होंने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से अवैध निर्माण रुकवाने और कब्जा हटवाने की गुहार लगाई है। लेखपाल ओम प्रकाश यादव ने बताया कि साधूसरन और शिवराम जहां पर निर्माण कार्य कर रहे हैं ।

### जलभराव से मिलेगी निजात, बनेगा नया पुल

**मवई, अयोध्या। अमृत विचार :** रुदौली विधानसभा क्षेत्र के राम जानकी पुरवा गांव में जल भराव की समस्या का समाधान जल्द होगा। ग्रामीणों ने इस समस्या को लेकर क्षेत्रीय विधायक रामचंद्र यादव से संपर्क कर जलभराव की समस्या से अवगत करवाया था। विधायक ने पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों के साथ गांव का दौरा किया। ग्रामीणों से बातचीत की और समस्या के समाधान का आश्वासन दिया। बता दें कि रुदौली विधानसभा क्षेत्र के राम जानकी पुरवा गांव में एक पुरानी और जर्जर पुलिया है, जिससे गांव का पानी बाहर नहीं निकल पाता है। गांव में जलभराव की समस्या है। विधायक ने छोटी पुलिया की जगह नया पुल बनवाने के लिए पीडब्ल्यूडी विभाग को पत्र लिखा है। कहा है कि पीडब्ल्यूडी से 2025–26 की कार्य योजना में शामिल किया जाए।

**बाबा गयादीन वैद्य बाबूराम स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मैनपुर, गोण्डा**
में आवश्यकता है
परास्नातक स्तर पर कृषि संकाय के अन्तर्गत एम.एससी0 कृषि पाठ्यक्रम में (एग्रोनॉमी, एग्रीकल्चर केमेस्ट्री, हार्टिकल्चर, जेनेटिक्स एण्ड प्लान्ट ब्रीडिंग एवं एनीमल हस्बैन्ड्री एण्ड डेयरिंग) प्रत्येक विषय में प्रवक्ता–02 पद
**योग्यता एवं वेतनमान–** यू0जी0सी0 एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार।
इच्छुक अभ्यर्थी 07 कार्य दिवस के अन्दर अपने समस्त अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों की दो स्व–हस्ताक्षरित प्रतियों एवं दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ एवं दो स्वपता लिखे लिफाफे के साथ महाविद्यालय के उपरोक्त पते पर आवेदन करें।
**प्रबन्धक–सत्य प्रकाश तिवारी**
मो0नं0–9721655000 , 9628551000

**बाबा रामनाथ स्मारक पी0जी0 कालेज, बिहामदपुर, आशापार, जिला–अम्बेडकरनगर उ0प्र0**
में आवश्यकता है
प्राचार्य–01 पद तथा स्नातक स्तर पर कला संकाय के अन्तर्गत बी0ए0 पाठ्यक्रम (अंग्रेजी) तथा परास्नातक स्तर पर कला संकाय के अन्तर्गत एम0ए0 पाठ्यक्रम (प्राचीन इतिहास, राजनीतिशास्त्र एवं समाजशास्त्र) प्रत्येक विषय में प्रवक्ता–02 पद
**योग्यता एवं वेतनमान–** यू0जी0सी0 एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार।
इच्छुक अभ्यर्थी 07 कार्य दिवस के अन्दर अपने समस्त अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों की दो स्व–हस्ताक्षरित प्रतियों एवं दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ एवं दो स्वपता लिखे लिफाफे के साथ महाविद्यालय के उपरोक्त पते पर आवेदन करें।
**प्रबन्धक–गीता यादव**
मो0नं0–9452066511

**कार्यालय ग्राम पंचायत गढ़वल वि0ख0 बिलरियागंज आजमगढ़**
अल्पकालीन निविदा सूचना
ग्राम पंचायत गढ़वल द्वारा वर्ष 2025–26 में मनरेगा, चतुर्थ वित्त, पंचम वित्त, राज्य वित्त, 14वां वित्त, 15 वां वित्त, स्वच्छ भारत मिशन, आंगनबाडी केन्द्र, सामुदायिक शौचालय पंचायत भवन योजनान्तर्गत कराये जाने वाले कार्यो पर सामाग्री जैसे सीमेन्ट, इण्टर लाकिंग, ईट, मोरंग बालू, सफेद बालू, स्टोन ब्लास्ट, ईट, गिट्टी, सरिया, ह्यूम पाईप, सीमेन्ट ईंट, हैण्ड पम्प सामाग्री, सी.एफ.एल. बल्ब, सोलर, स्ट्रीट लाईट, डस्टविन, समरसेबल, पानी की टंकी, एसबेस्टस सीट, कायाकल्प सामाग्री, शौचालय, कोविड 19 से सम्बन्धित सामाग्री, सफाईकर्मी किट एवं अन्य सामाग्री की आपूर्ति कार्यस्थल पर कराने जाने हेतु दरें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 22/6/25 से 28/6/25 तक अपराह्न 2 बजे तक उक्त सामाग्री हेतु अपनी दरें वांछित बन्द लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। निविदा 28/06/2025 को शाम 4 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय पर खोली जाएगी। नियम व शर्ते ग्राम पंचायत के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।
**शैलेश यादव** ग्राम प्रधान — **राहुल यादव** सचिव
ग्राम पंचायत गढ़वल, विकासखंड – बिलरियागंज, जिला आजमगढ़

**बाबू दुर्गा प्रसाद मिश्र महाविद्यालय, बहिराडीहा, छपिया, गोण्डा**
में आवश्यकता है
प्राचार्य–01 पद तथा परास्नातक स्तर पर वाणिज्य संकाय के अन्तर्गत एम. काम0 पाठ्यक्रम में प्रवक्ता–02 पद तथा परास्नातक स्तर पर कला संकाय के अन्तर्गत एम0ए0 पाठ्यक्रम में (राजनीतिशास्त्र) तथा विज्ञान संकाय के अन्तर्गत एम0एस0सी0 पाठ्यक्रम (भौतिक विज्ञान एवं गणित) प्रत्येक विषय में प्रवक्ता–02 पद
**योग्यता एवं वेतनमान–** यू0जी0सी0 एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार।
इच्छुक अभ्यर्थी 07 कार्य दिवस के अन्दर अपने समस्त अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों की दो स्व–हस्ताक्षरित प्रतियों एवं दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ एवं दो स्वपता लिखे लिफाफे के साथ महाविद्यालय के उपरोक्त पते पर आवेदन करें।
**प्रबन्धक–हरिद्वार मिश्र**
मो0नं0–9919424909

**रसिक बिहारी महाविद्यालय, बड़नापुर, कंछर, विशेश्वरगंज, बहराइच**
में आवश्यकता है
प्राचार्य–01 पद तथा स्नातक स्तर पर कला संकाय के अन्तर्गत बी0ए0 पाठ्यक्रम (चित्रकला, शिक्षाशास्त्र, अंग्रेजी, भूगोल, गृहविज्ञान, हिन्दी एवं समाजशास्त्र) प्रत्येक विषय में प्रवक्ता–01 पद
तथा परास्नातक स्तर पर कला संकाय के अन्तर्गत एम0ए0 पाठ्यक्रम में (शिक्षाशास्त्र, भूगोल एवं गृहविज्ञान) तथा विज्ञान संकाय के अन्तर्गत एम0एस0सी0 पाठ्यक्रम )जन्तु विज्ञान) प्रत्येक विषय में प्रवक्ता–02 पद
**योग्यता एवं वेतनमान–** यू0जी0सी0 एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार।
इच्छुक अभ्यर्थी 07 कार्य दिवस के अन्दर अपने समस्त अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों की दो स्व–हस्ताक्षरित प्रतियों एवं दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ एवं दो स्वपता लिखे लिफाफे के साथ महाविद्यालय के उपरोक्त पते पर आवेदन करें।
**प्रबन्धक–समीरात्मज श्रीवास्तव**
मो0नं0–9839769610

Admission Open
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU College of Humanities & Journalism
UG Programs
• BA (Mass Comm.) • BA (Journalism)
PG Programs
• MA (Mass Comm) • MA (Journalism)
• MA (English) • MA (Psychology)
• MA (Sociology) • MA (Pol. Science)
Contact Details
For Online Registration Visit : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell, Administrative Block, BIU
e-mail : biuchj2022@gmail.com
Ph : 9105500202, 9105500404, 8218622744, 7409998289
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

Admission Open
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU College of Management
UG Programs
• BBA (Finance & Taxation) • B.Com (H)
• BCA (IT & Multimedia)
PG Programs
• MBA • M.Com. • MCA
• MPH • MHA
Contact Details
For Online Registration visit : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell, Administrative Block, BIU
e-mail : biucm2018@gmail.com
Ph : 8218622744, 9105500202, 9105500404, 7409998289
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

## एक नजर

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**जलालपुर, अंबेडकरनगर :** रेल पटरी लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से 45 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामला मालीपुर थाना क्षेत्र के खजूरी बाजार के निकट का है। बता दें कि खजुरी गांव निवासी मंगली राजभर पुत्र चौथी राजभर शनिवार दोपहर पैदल ही अपने खेत को देखने के लिए जा रहे थे, जैसे ही वह रेल पटरी पार कर रहे थे कि ट्रेन आ गई, जिसकी चपेट में आने से घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मालीपुर थाना अध्यक्ष स्वतंत्र मौर्य ने बताया कि मृतक का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है।

### कोर्ट के आदेश पर रिलीज की गईं सीज बसें

**बसखारी, अंबेडकरनगर :** बसखारी क्षेत्र में बिना परमिट के चल रही बसों पर पुलिस ने कार्रवाई किया। थानाध्यक्ष ने दो दिन पहले मोटर व्हीकल एक्ट के तहत 14 बसों को सीज किया था। थानाध्यक्ष द्वारा बसों को ऑनलाइन सीज करने के बाद मामला कोर्ट में पहुंचा। कोर्ट ने बस मालिकों को राहत देते हुए शाम तक सभी बसों को रिलीज करने का आदेश दिया। इस फैसले के बाद बसखारी बाजार में विभिन्न रूटों पर बस सेवाएं फिर से शुरू हो गईं हैं। थानाध्यक्ष संत कुमार सिंह ने इस मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि ऑनलाइन सीज की गई बसों को कोर्ट के आदेश पर रिलीज कर दिया गया है।

### पांच वर्षीय बच्ची से दरिंदगी हालत गंभीर

**आजमगढ़ :** जिले के मेंहनगर थाना क्षेत्र के एक गांव में शुक्रवार की देर शाम जब बच्ची के माता-पिता किसी जरूरी काम से बाजार गए हुए थे, तभी पड़ोस का युवक जावेद घर में अकेली बच्ची को देखकर घुस आया और उसके साथ दुष्कर्म जैसा जघन्य कृत्य किया। बाजार से लौटने के बाद जब माता-पिता ने बच्ची की हालत देखी, तो उनके होश उड़ गए। फौरन बच्ची को अस्पताल पहुंचाया और स्थानीय थाने में जाकर आरोपी जावेद के खिलाफ नामजद तहरीर दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### दुष्कर्म के दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जलालपुर, अंबेडकरनगर :** मालीपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने 25 अप्रैल को शिकायत किया था कि उसकी नाबालिग पुत्री को राहुल राजभर और सूरज बहला-फुसलाकर कर भगा ले गए हैं। शिकायत पर पुलिस ने अपहरण की धारा में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी थी। जिस क्रम में पुलिस ने किशोरी को बरामद कर बयान के आधार पर पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज किया था। एसओ मालीपुर स्वतंत्र कुमार मौर्य ने बताया कि उक्त मुकदमे में सूरज राजभर निवासी मछली गांव मकदूमपुर थाना धनघटा जनपद संतकबीरनगर और राहुल पुत्र जगदीश निवासी को गिरफ्तार किया है।

# शरीर को स्वस्थ रखता है योग: गिरीश चंद्र

## 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर प्रभारी मंत्री, अधिकारियों समेत लोगों ने किया योगाभ्यास


योग दिवस के कार्यक्रम को संबोधित करते प्रभारी मंत्री गिरीश चंद्र यादव।


योगाभ्यास करते जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला व भाजपा जिलाध्यक्ष त्र्यंबक तिवारी।


योग करते एमएलसी हरिओम पांडे व साथ में सीडीओ आनंद कुमार शुक्ला।

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर**

**अमृत विचार:** जनपद में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन एकलव्य स्टेडियम के बैडमिंटन हॉल में किया गया। जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला के निर्देशन में आयोजित योगाभ्यास कार्यक्रम का मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री गिरीश चंद्र यादव, विशिष्ट अतिथि एमएलसी हरिओम पांडे, पुलिस अधीक्षक केशव कुमार, डीएफओ डॉ. उमेश तिवारी, मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला, अपर जिलाधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता, भाजपा जिला अध्यक्ष त्रयंबक तिवारी ने दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया। इस दौरान मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री गिरीश चंद्र यादव बोले कि शरीर को योग स्वस्थ रखता है।

एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग थीम पर आधारित 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री, एमएलसी, भाजपा जिला अध्यक्ष सहित सभी जनप्रतिनिधि, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, डीएफओ, मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अपर जिलाधिकारी व उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों, छात्र-छात्राओं ने प्रधानमंत्री के उद्बोधन का सीधा प्रसारण देखा और सुना। प्रधानमंत्री ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए अच्छे स्वास्थ्य की कामना के साथ सभी से योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने का आह्वान किया। शासन की मंशा के अनुसार जनपद में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री ने योगाभ्यास कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, शिक्षक-शिक्षिकाओं, छात्र-छात्राओं, बच्चों, स्काउड-गाइड व समस्त सम्भ्रांतजनों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

**प्रभारी मंत्री ने किया सम्मानित :** इसी प्रकार 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जनपद के समस्त तहसीलों, नगर पालिका, नगर पंचायत, ब्लाकों, अमृत सरोवर और चिकित्सा इकाइयों व विद्यालयों पर योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। 11वे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा निबंध प्रतियोगिता, योग चित्रकला, योगासन प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता में प्रतिभा करने वाले समस्त छात्र-छात्राओं को प्रभारी मंत्री द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया है। यहां जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार तिवारी, परियोजना निदेशक अनिल कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी रहे।

### योग आत्मा की चेतना है : डॉ. उदय


योगाभ्यास कराते शारीरिक एवं योग शिक्षक रूपेश त्रिपाठी। अमृत विचार

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** जनपद के अकबरपुर तहसील क्षेत्र के सोनगांव में स्थित डॉ. शिव सहाय सिंह गुरूकुल इण्टरनेशनल एकेडमी में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर विद्यालय की संरक्षिका चन्द्रावती सिंह के द्वारा द्वीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। विद्यालय के डायरेक्टर डॉ. उदय प्रताप सिंह, प्रबंधक डॉ. धीरेन्द्र प्रताप सिंह, प्रधानाचार्य अवधेश वर्मा, उप प्रधानाचार्या निधि सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही। विद्यालय के डायरेक्टर डॉ. उदय प्रताप सिंह ने योग के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि योग आत्मा की चेतना है। शरीरिक शिक्षक रूपेश त्रिपाठी द्वारा विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान की विधियों का अभ्यास कराया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक और कर्मचारी शशांक, संजीव, विनोद, अर्जुन और विशान ने प्रतिभाग किया।

### मेडिकल कॉलेज में आयोजित किया गया योग शिविर

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर :** महामाया राजकीय मेडिकल कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर एक भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मुकेश यादव ने प्रतिभाग किया। उन्होंने योग को मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक संतुलन का मूल आधार बताते हुए युवाओं से इसे अपनी दिनचर्या में सम्मिलित करने का आह्वान किया। इस अवसर पर संकाय सदस्य, कर्मचारी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सामूहिक योगाभ्यास और सूर्य नमस्कार के अभ्यास का संचालन प्रशिक्षित योग विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लाइव योग कार्यक्रम को सामूहिक रूप से सुना और देखा। प्रधानमंत्री के उद्बोधन से सभी को योग की वैश्विक स्वीकार्यता, वैज्ञानिकता और दैनिक जीवन में इसके महत्व की प्रेरणा मिली।

## सार-संक्षेप

### महाप्रबंधक ने स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए किया प्रेरित

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** योग दिवस पर क्षेत्रीय कार्यालय बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा शिवाय बैंक्विट हॉल में पतंजलि योगपीठ के सहयोग से एक शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 172 प्रतिभागियों की सहभागिता रही। इस अवसर पर बैंक ऑफ बड़ौदा प्रधान कार्यालय के रोजाना योगाभ्यास का लाइव प्रसारण किया गया। जिससे सभी प्रतिभागी लाभान्वित हुए, साथ ही पतंजलि योगपीठ से आए शिक्षक, राज ऋषि द्वारा योगाभ्यास कराया गया और उसके महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। क्षेत्रीय कार्यालय के प्रमुख एवं सहायक महाप्रबंधक महेन्द्र कुमार वर्मा और उप-क्षेत्रीय प्रमुख सुरेश कुमार ने सभी स्टाफ सदस्यों सहित योगाभ्यास किया। आरबीडीएम अभय कुमार, सौरभ सिंह मुख्य प्रबंधक, कमलेश भास्कर अग्रणी जिला प्रबंधक, शम्भू कांत प्रबंधक मानव संसाधन विभाग योग शिविर आयोजन में विशेष रूप से सक्रिय रहे।

### अंग्रेजी शराब समेत दो तस्कर गिरफ्तार

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** जनपद के अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र में पुलिस ने अवैध शराब की तस्करी का भंडाफोड़ किया है। पुलिस को तहसील तिराहे पर मुखबिर से सूचना मिली कि एक सफेद रंग की एक्सयूवी कार में दो व्यक्ति अवैध शराब ले जा रहे हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने हनुमान मंदिर के पास खड़ी गाड़ी को रोका। शुरू में दोनों आरोपियों ने गाड़ी का दरवाजा खोलने से मना कर दिया और शीशे बंद कर लिए। पुलिस के दबाव में दोनों ने स्वीकार किया कि वह अंग्रेजी शराब की अलग-अलग ब्रांड की आठ पेटी शराब गोसाईगंज ले जा रहे थे। पकड़े गए आरोपियों में संजय गिरी पुत्र राममिलन गिरी निवासी समसुद्दीनपुर थाना अहिरौली और अनिल गौड़ पुत्र राधेश्याम निवासी अंकारीपुर थाना गोसाईगंज अयोध्या शामिल हैं। दोनों के पास शराब ले जाने का कोई वैध अधिकार पत्र नहीं मिला है।

### 3.82 लाख किसानों को मिलेगा सम्मान निधि का लाभ

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर :** जनपद में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत 3 लाख 82 हजार 280 किसानों को जल्द ही 20वीं किस्त का ली मिलने वाला है। कृषि विभाग ने इन पात्र किसानों की सूची शासन को भेज दी है।बता दें जनपद में कुल 4 लाख 4 हजार 762 किसान हैं। जिनमें से 11 हजार 242 किसानों की आधार सीडिंग नहीं है। साथ ही 16 हजार 240 किसानों की ई-केवाईसी नहीं होने के कारण वह योजना का लाभ नहीं ले पा रहे हैं। कृषि विभाग ने इन किसानों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए समय दिया है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसानों को प्रति वर्ष 6 हजार रुपए की राशि दी जाती है। यह राशि 2-2 हजार रुपए की तीन किस्तों में हर चार महीने पर वितरित की जाती है।

### समाधान दिवस पर 127 मामलों में से 7 का हुआ निस्तारण

**संवाददाता, मार्टिनगंज, आजमगढ़, अमृत विचार :** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना की उपस्थिति में शनिवार को तहसील मार्टिनगंज के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 127 मामले आये, जिसमे से 07 मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने राजस्व कर्मियों, लेखपाल व चकबंदी लेखपाल को निर्देश देते हुए कहा कि बीते 03 मई से लेकर 20 जून 2025 तक राजस्व विभाग के 320 और पुलिस विभाग के 179 प्रार्थना पत्र लंबित है,संबंधित विभाग प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करें। आइजीआरएस प्रकरण में कोई भी केस डिफाल्टर की श्रेणी में नहीं जाना चाहिए। सरकारी जमीन से अवैध कब्जा हटाया जा रहा है, परंतु पुन: कब्जा कर लिया जा रहा है। इस अवसर पर सीएमओ डॉ. अशोक कुमार, उप जिलाधिकारी मार्टिनगंज, तहसीलदार मार्टिनगंज एवं अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# एनटीपीसी में मनाया गया योग दिवस

**टांडा, अंबेडकरनगर:**

**अमृत विचार।** एनटीपीसी टांडा में 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर एक ऊर्जावान एवं पुनर्योजित करने वाला योग सत्र एनटीपीसी टाउनशिप स्थित उमंग स्टेडियम में आयोजित किया गया। सुबह के शांत वातावरण में आयोजित इस योग सत्र में एनटीपीसी के कर्मचारियों और उनके परिवारजनों ने बढ़-चढक़र भाग लिया, जो सामूहिक रूप से स्वास्थ्य, मानसिक शांति और संतुलित जीवनशैली के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस आयोजन की मुख्य अतिथि के रूप में अजय सिंह यादव महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण एनटीपीसी टांडा ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। योग सत्र का समापन अनुभवी प्रशिक्षक मोहिंदर सिंह पूर्व महाप्रबंधक के मार्गदर्शन में हुआ, जिन्होंने प्रतिभागियों को विभिन्न आसनों, प्राणायाम और ध्यान की तकनीकों से अवगत कराया।


एनटीपीसी टांडा में योगाभयास करते अधिकारी और कर्मचारी। अमृत विचार

### हम सभी को प्रतिदिन करना चाहिए योग : प्रेमचंद

**जलालपुर, अंबेडकरनगर :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर जलालपुर नरेंद्र इंटर कॉलेज में योग दिवस का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि निवर्तमान जिला अध्यक्ष मिथलेश त्रिपाठी मौजूद रहे। इसके अलावा सीडीपीओ शेषनाथ वर्मा, अधिशासी अधिकारी अरविंद कुमार, अमित मद्धेशिया, सतनाम सिंह समेत तमाम लोग मौजूद रहे। वहीं कटका थाना अध्यक्ष प्रेमचंद की मौजूदगी में योग दिवस का आयोजन किया गया। थाना अध्यक्ष ने कहा कि शरीर स्वस्थ रखने के लिए सभी को प्रतिदिन योग करना चाहिए।

# हमें नियमित करना चाहिए शारीरिक अभ्यास : जिला जज

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर**

**अमृत विचार:** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अंबेडकरनगर के तत्वाधान में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जनपद न्यायाधीश रीता कौशिक के आदेशानुसार और अपर जिला जज भारतेन्दु प्रकाश गुप्ता के देखरेख में योग शिविर का आयोजन किया गया।

11वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जनपद न्यायाधीश के न्यायिक अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा योग शिविर में प्रतिभाग कर योग किया गया। इस अवसर पर जिला जज रीता कौशिक ने बताया कि कोविड-19 जैसी वैश्विक महामारी को योग के द्वारा हराने व निरोगी एवं स्वस्थ जीवन यापन के लिए योग के महत्व बेहद बढ़ जाता है। हमें नियमित प्राणायाम, योगाभ्यास व शारीरिक अभ्यास करते रहना चाहिए। योग से न केवल हमें शारीरिक समस्याओं के निदान के लिए लाभ होता है, बल्कि मानसिक समस्याओं से लडऩे में भी सहायता मिलती है। काम तनाव और व्यस्त दिनचर्या के कारण शरीर और दिमाग दोनों थक जाते हैं ऐसे में हमें अपनी सेहत का ख्याल रखना बेहद जरूरी है। योग इसी आवश्यकता को पूर्ण करने वाला एक प्राकृतिक और सरल माध्यम है। अशोक कुमार वर्मा योग प्रशिक्षक क्षेत्रीय आर्युवेदिक एवं यूनानी विभाग द्वारा जनपद न्यायालय में आयोजित योग महोत्सव में सम्मानित न्यायिक अधिकारी और जनपद न्यायालय के उपस्थित कर्मचारियों को योगाभ्यास कराया गया।


अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
मैं **अनिल कुमार पुत्र दुर्गा प्रसाद ग्राम पहाड़पुर तहसील बीकेटी लखनऊ** का निवासी हूं। मेरा आधार अनिल कुमार पुत्र दुर्गा प्रसाद के नाम से बना है जो सही है। त्रुटिवश बीमा के दस्तावेजों पर पिता का नाम सुखराम दर्ज हो गया। जो कि गलत है।

**सूचना**
सूचित हो कि **सोनम पुत्री आसन्न निवासी शांती नगर बहुआ कस्बा तहसील व जिला फतेहपुर**, मेरी पत्नी सरिता देवी से एक पुत्री सोनम का जन्म 16/07/2015 को घर पर ही हुआ था जानकारी के अभाव में उसका जन्म प्रमाण पत्र नहीं बन सका अतः मेरे पुत्री सोनम का जन्म तिथि 16/07/2015 का पंजीकरण कर जन्म प्रमाण पत्र जारी किया जाय।

**सूचना**
सूचित हो कि **यासीन पुत्र सैयद अली निवासी कृष्णा नगर पूर्वी बहुआ कस्बा तहसील वा जिला फतेहपुर** । मेरी पत्नी मीना से एक पुत्र यासीन का जन्म 01/01/2010 को घर पर ही हुआ था जानकारी के अभाव में उसका जन्म प्रमाण पत्र नहीं बन सका अतः मेरे पुत्र यासीन का जन्म तिथि 01/01/2010का पंजीकरण कर जन्म प्रमाण पत्र जारी किया जाय।

**सूचना**
मै **महेंद्र पाल पुत्र श्याम बाबू नाई निवासी ऐरवा पछेला थाना ऐरवा कटरा जिला औरैया**, उत्तर प्रदेश का हूँ। मै अपने पुत्र सौरभ व इनकी पत्नी प्रिया के झगडालू स्वभाव के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। आज के बाद इनके द्वारा नैतिक अनैतिक कार्यो से मेरा व मेरे परिवार का कोई संबंध नही होगा। इन दोनों लोगो के द्वारा किये गए किसी भी कृत्यो के लिए यही जिम्मेदार होंगे।

**सूचना**
मेरा हाईस्कूल प्रमाण पत्र, सह-अंकपत्र वर्ष 2015 अनुक्रमांक 1318855 एवं इंटरमीडिएट प्रमाणपत्र-सह- अंक अंकपत्र वर्ष 2017 अनुक्रमांक 0960375 वास्तव में खो गए हैं। **हर्षित गुप्ता पुत्र राधाकृष्ण गुप्ता, निवासी- ग्राम सुरजीपुर पोस्ट सतवाखेड़ा जनपद रायबरेली।**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे बैनामाशुदा जमीन के पूर्व बैनामेदार का मूल दस्तावेज बैनामा संबंधित ग्राम कटहामाफी की गाटा संख्या 13 व 14 दिनांकित 04-01-2018 सहवन कहीं खो गया है, जिस सज्जन को बैनामा की प्रति प्राप्त हो मो. नंबर 9839956774 पर सूचित करने की कृपा करे। **गुड़िया पत्नी अजय कुमार सिंह, ग्राम कटहामाफी गोंडा उत्तर प्रदेश।**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम RAMU S/O SITARAM था जो कि आज दिनांक 10/06/2025 को मैने अपना नाम बदलकर RAMU BAHELIYA S/O SITARAM रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए। **निवासी ग्राम काशीजोत पोस्ट काशीजोत पयागपुर, जिला बहराइच यूपी।**

**सूचना**
मैं भारतीय सेना में दिनांक 10/11/1983 से नियुक्त था 01/12/2007 को सेवा मुक्त हुआ हूं वहां के अभिलेखों में मेरे पत्नी का नाम KALA BATI गलती से दर्ज हो गया है सही नाम KALAVATI VERMA है । **राम उजागर वर्मा पुत्र मोती लाल वर्मा निवासी किशुनपुर ग्रिंट उतरौला बलरामपुर।**

**सूचना**
पैन कार्ड में मेरा नाम DILEEP KUMAR अंकित है जो कि गलत है। आधार कार्ड में मेरा नाम DILEEP KUMAR YADAV S/O Shesh Ram Yadav है जो कि सही है। अन्य अभिलेख व कागजातों में भी मेरा नाम सही अंकित है। पैन कार्ड में भी मेरा नाम DILEEP KUMAR YADAV S/O Shesh Ram Yadav दर्ज किया जाए। **दिलीप कुमार यादव पुत्र शेषराम यादव ग्राम सुंदरघाट पूरे तेंदुआ जनपद गोंडा**


# शहरी गांव में रुपये के लेनदेन में हुई थी युवक की हत्या

**जलालपुर, अंबेडकरनगर**

**अमृत विचार:** जैतपुर थाना क्षेत्र के शहरी गांव में मझुई नदी के किनारे मिले शव के मामले में पुलिस ने मुख्य पांचवे आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है।

बता दें कि 15 जून को जैतपुर थाना क्षेत्र के सेहरी गांव के निकट मझुई नदी के किनारे जौनपुर जनपद के सरपतहा थाना अंतर्गत अरसिया गांव निवासी अब्दुल रवीश का शव पाया गया था। जिसमें मृतक की पत्नी रेहाना बानो द्वारा तीन लोगों को नामजद किया गया था, लेकिन पुलिस ने अपनी जांच में इन सभी को निर्दोष पाया तथा हत्या करने में पांच लोगों के नाम प्रकाश में आए। तत्पश्चात पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था और पांचवा मुख्य आरोपी राजेश निवासी जगदीशपुर थाना अखंडनगर सुल्तानपुर फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी के लिए जैतपुर पुलिस लगातार प्रयास कर रही थी। इसी बीच 21 जून को जैतपुर पुलिस ने मुख्य आरोपी राजेश को मालीपुर थाना क्षेत्र के नेमपुर घाट से गिरफ्तार कर लिया। जिसके पास से एक डंडा जो घटना में प्रयोग किया गया था, उसे बरामद कर लिया। पूछताछ मे राजेश ने बताया कि रुपये के लेनदेन में हत्या की गई थी।

# चन्द्रमा ऋषि आश्रम में योगाभ्यास का किया गया आयोजन

**संवाददाता, आजमगढ़**

**अमृत विचार:** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर ऐतिहासिक एवं पौराणिक तमसा एवं सिलनी नदी के संगम तट पर स्थित चंद्रमा ऋषि आश्रम के प्रांगण में आयोजित 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का भगवान धनवंत्री के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर योग प्रशिक्षकों द्वारा पर प्रभारी मंत्री अनिल राजभर, नोडल अधिकारी जीएस नवीन कुमार एवं जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार की उपस्थिति में मुख्य विकास अधिकारी परीक्षित खटाना सहित


पुलिस लाइन परिसर में योगाभ्यास करते डीआईजी और एसपी। अमृत विचार

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

जनपद के समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों, शिक्षकों एवं सैकड़ों की संख्या में उपस्थित योग प्रतिभागियों को विभिन्न मुद्राओं में योगाभ्यास कराया गया।

इस मौके पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन राहुल विश्वकर्मा, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व गम्भीर सिंह, मुख्य राजस्व अधिकारी संजीव ओझा, जिला विकास अधिकारी संजय कुमार सिंह, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी आदि ने प्रतिभाग किया।

वहीं पुलिस लाइन परिसर में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर पुलिस उप महानिरीक्षक सुनील कुमार सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना की उपस्थिति में योगाभ्यास किया गया। इस अवसर पर योगा प्रशिक्षक द्वारा विभिन्न प्रकार के योग आसनो जैसे अनुलोम-विलोम, कपाल भांति, अर्धचक्रासन आदि आसनों का अभ्यास कराया गया। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक मधुबन कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) चिराग जैन, अपर पुलिस अधीक्षक यातायात विवेक त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी नगर गौरव शर्मा सहित तमाम लोग रहे।

**आयोजन** सभी तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस पर अधिकारियों ने सुनीं समस्याएं

# 431 शिकायतों में से 47 का मौके पर निस्तारण

**जिला संवाददाह्मता, अंबेडकरनगर**

**अमृत विचार:** शासन के मंशानुसार जनसमस्याओं के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए जनपद के समस्त तहसीलों पर संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस पर सभी तहसीलों में कुल मिलाकर 431 शिकायतें आईं, जिनमें से 47 का मौके पर निस्तारण किया गया। वहीं शेष बची हुई शिकायतों को निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं।

तहसील अकबरपुर में मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस सीडीओ के समक्ष कुल 81 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिनमें से मौके पर पांच शिकायती प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया। वहीं शेष बचीं 76 शिकायती प्रार्थना पत्रों को निस्तारण के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को प्राप्त कराते हुए निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों ने जिम्मेदारों को प्रार्थना पत्रों को ससमय गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान मौके पर उप जिलाधिकारी अकबरपुर, परियोजना निदेशक डीआरडीए अनिल कुमार सिंह तथा जनपद स्तरीय अधिकारी मौके पर उपस्थित रहे। तहसील आलापुर में संपूर्ण समाधान दिवस पर उप जिलाधिकारी आलापुर के समक्ष कुल 121 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमे से 13 शिकायती प्रार्थना पत्र का मौके पर निस्तारित किया गया। वहीं शेष 108 शिकायती प्रार्थना पत्रों को निस्तारण के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। तहसील भीटी में संपूर्ण समाधान दिवस पर उप जिलाधिकारी भीटी के समक्ष 69 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें से 4 शिकायती प्रार्थना पत्रों को मौके पर निस्तारित करा दिया गया। वहीं शेष 65 शिकायतों के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं।


फरियादियों की शिकायतें सुनते सीडीओ आनंद कुमार शुक्ला व अन्य। अमृत विचार

# किशोर ने फांसी लगाकर दी जान

**महराजगंज, आजमगढ़:** क्षेत्र के देवारा जदीद टोटहवा गांव निवासी अभिनव यादव (17 वर्ष) पुत्र सुरेंद्र यादव इस साल 12वीं की परीक्षा पास किया था। शुक्रवार की रात में घर के समाने मड़ई में सो रहा था। शनिवार की सुबह उसकी मैना देवी जानवरो की नाद पर बांध रही थी। इस दौरान वह मड़ई में गई तो बेटे का गमछा के सहारे शव लटक रहा था। बेटा को लटकता देख मां के होश उड़ गए। इसके बाद आस-पास के लोगो सहित गांव के लोग आ गए। घटना के बाद से परिवार के लोग रो-रोकर बेहाल हैं।


# हादसे में दो लोग हुए घायल

**जलालपुर, अंबेडकरनगर:** दो बाइको की टक्कर में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों द्वारा घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगपुर भेजवाया गया। जहां से दोनों को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। मामला सम्मनपुर थाना क्षेत्र के सम्मनपुर मोड पर शनिवार दोपहर घटित हुई। जानकारी के मुताबिक एक बाइक पर सम्मनपुर थाना क्षेत्र के बलुआ बहादुरपुर गांव निवासी इंद्रसेन व दिलीप एक बाइक पर बैठकर जा रहे थे, तभी सामने से आ रही बाइक से टक्कर हो गई। जिसमें इंद्रसेन और दिलीप को गंभीर चोटे आईं। जबकि दूसरे बाइक सवार अपनी बाइक लेकर फरार हो गए। मौके पर पहुंचे राहगीरों ने सीएचसी केंद्र भिजवाया है।


शोध निदेशालय
Directorate of Research
महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
Mahatma Jyotiba Phule Rohilkhand University, Bareilly
Phone No. : 0581-4022293 E-mail : director.dor@mjpru.ac.in
महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
**Ph.D. Admission Notice**
Applications are invited for the admission to Doctor of Philosophy (Ph.D.) full time / part time and D.Sc./D.Litt. in various subjects from 18 June 2025. Only online applications are acceptable. Online application form and detailed instructions are available on www.mjpru.ac.in and https://mjprudor.ac.in.
REGISTRAR


मेडिकल कॉलेज हॉल में योगाभ्यास करते प्रभारी मंत्री दारा सिंह चौहान, डीएम नेहा शर्मा व सीडीओ अंकिता जैन। अमृत विचार


बभनजोत ब्लॉक में योग करते विधायक प्रभात वर्मा। अमृत विचार


कोंडर में योगाभ्सास करते विधायक प्रेम नरायन पांडेय।


पुलिस लाइन में योग करते पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल। अमृत विचार

# महर्षि पतंजलि की जन्मस्थली से निकला 'करो योग रहो निरोग' का संदेश


नंदिनी नगर स्टेडियम में योग करते पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह।


**11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस**

**▸▸ जिले के प्रभारी मंत्री, डीएम, पुलिस अधीक्षक, सीडीओ व अन्य अफसरों ने मेडिकल कालेज हॉल में किया योगाभ्यास**

संवाददाता गोंडा

**अमृत विचार:** 11 में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शनिवार को जिले भर में योग कार्यक्रमों की धूम रही। इस विधा से दुनिया को परिचित कराने वाले योग के प्रणेता महर्षि पतंजलि की जन्मस्थली से करो योग रहो निरोग का संदेश दिया गया। प्रदेश सरकार के कैबिनेट व जिले के प्रभारी मंत्री दारा सिंह चौहान, जिलाधिकारी नेहा शर्मा, एसपी विनीत जायसवाल, मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन समेत जिले भर के लोगों ने मेडिकल कॉलेज हाल में योगाभ्यास किया। जिले के सभी विधायकों ने अपने क्षेत्र में स्थानीय लोगों को साथ योगाभ्यास किया और सभी को नियमित रूप से योग करने की सलाह दी। मेडिकल कालेज हॉल में आयोजित कार्यक्रम में परिषदीय स्कूल के बच्चों ने अपने हैरतअंगेज योग आसनों से सभी को अचंभित कर दिया। कार्यक्रम के बाद प्रभारी मंत्री ने बच्चों की सराहना करते हुए कहा कि यह बच्चे एक दिन अंतर्राष्ट्रीय मंच अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने में कामयाब होंगे।

जिला प्रशासन व आयूष विभाग की तरफ से आयोजित इस 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में योगाचार्य आदर्श मिश्र ने लोगों को योगाभ्यास कराया। इस मौके पर जिला युनानी अधिकारी डा इंद्रजीत समेत जिले भर के प्रशासनिक अधिकारी व अन्य संभ्रांत जन मौजूद रहे। योग के प्रणेता महर्षि पतंजलि की जन्मस्थली कोंडर में आयोजित सामूहिक योग कार्यक्रम का नेतृत्व तरबगंज विधायक प्रेम नरायन पांडेय ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि महर्षि पतंजलि को सही मायने में योग का जनक कहा जाता है। उन्होंने अपने योग सूत्र में योग के विभिन्न पहलुओं को व्यवस्थित रूप से संकलित और परिष्कृत किया। उन्होंने मानव के सर्वांगीण विकास के लिए योग के आठ गुना मार्ग की वकालत की, जिसे लोकप्रिय अष्टांग योग के रूप में भी जाना जाता है। योग न केवल भारतीय संस्कृति की प्राचीन धरोहर है, बल्कि यह आत्मिक संतुलन, मानसिक शांति और शारीरिक सुदृढ़ता का अद्वितीय मार्ग भी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में योग ने वैश्विक मंच पर भारतीय संस्कृति की गौरवमयी पताका फहराई है। इसी का परिणाम है कि आज पूरा विश्व योग के माध्यम से भारत की आध्यात्मिक चेतना और जीवन शैली से जुड़ रहा है। गौरा विधायक प्रभात वर्मा ने बभनजोत ब्लाक परिसर में क्षेत्रीय लोगों के साथ योगाभ्यास किया। करनैलगंज विधायक अजय सिंह ने डाक बंगला परिसर में लोगों के साथ योग किया। पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने नंदिनी नगर स्टेडियम में लोगों को योगाभ्यास कराया। धानेपुर थाना परिसर में प्रभारी निरीक्षक निर्भय नारायण सिंह ने सभी पुलिस कर्मियों संग योग किया। इसके अतिरिक्त सभी ब्लाकों, थानों और परिषदीय स्कूलों में योग दिवस का आयोजन हुआ जहां हजारों की संख्या में बच्चों व अन्य लोगों ने योगाभ्यास किया।


करनैलगंज में योग करते विधायक अजय सिंह। अमृत विचार

## फर्जी नियुक्ति पत्र देकर की साढ़े चार लाख की ठगी

**परसपुर, गोंडा, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र में नौकरी के नाम पर चल रहा फर्जीवाड़ा एक बार फिर सामने आया है। जहां एक युवक को फर्जी नियुक्ति पत्र थमा कर साढ़े चार लाख रुपये की ठगी कर ली गई। विरोध करने पर पीड़ित को जान से मारने की धमकी भी दी गई।

परसपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पुरैना, पूरे हिमांचल निवासी अखिलेन्द्र प्रताप सिंह पुत्र नरसिंह नारायण सिंह ने थाना परसपुर में शिकायत दर्ज कराई है कि श्रीप्रकाश शर्मा पुत्र रामकुमार शर्मा, निवासी कड़रू पूरे बरइन, थाना परसपुर ने नौकरी दिलाने के नाम पर माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड का फर्जी नियुक्ति पत्र थमा दिया। झांसे में आए पीड़ित से आरोपी ने अलग-अलग किस्तों में कुल साढ़े चार लाख रुपये हड़प लिए। पीड़ित का आरोप है कि जब उसे पता चला कि यह चयन पत्र जाली है तो वह अपना पैसा वापस मांगने लगा। वह बार-बार अपनी रकम वापस मांगने आरोपी के घर जाने लगा तो उसे न केवल अपशब्द कहे बल्कि जान से मारने की धमकी भी दी। जिससे पीड़ित का मानसिक शोषण भी हुआ। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक हेमंत कुमार गौड़ ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# डीएम की चौपाल से पूर्व दो पक्षों में हुई मारपीट

**पंचायत चुनाव की आहट**

**▸▸ नवाबगंज के तुलसीपुर माझा गांव के कंपोजिट विद्यालय में होनी थी चौपाल तीन आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घायल**

संवाददाता, नवाबगंज

**अमृत विचार:** नवाबगंज थाना क्षेत्र के तुलसीपुर माझा गांव के कम्पोजिट विद्यालय में शुक्रवार को आयोजित जिलाधिकारी की चौपाल में डीएम के पंहुचने से पहले दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। मारपीट की इस घटना से भगदड़ मच गयी। मारपीट व भगदड़ में चौपाल में शामिल होने पहुंची तीन आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घायल हो गईं। इस घटना ने पंचायत चुनाव की आहट के संकेत दे दिए हैं और पंचायत की शिकायतों की भरमार शुरू हो गई है।


मारपीट के दौरान भगदड़ में जुटे ग्रामीण। अमृत विचार

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव से पहले शिकायतों की बाढ़ आ गई है। चुनाव में जोर आजमाइश करने को लेकर गांवों में लोग सक्रिय हो गए हैं। प्रतिदिन डीएम, सीडीओ सहित अन्य अधिकारियों की चौपालों, तहसील दिवसों व अधिकारियों के कार्यालयों में रोज तमाम मामले आने लगे हैं। कहीं आवास के नाम घपला, तो कहीं बिना काम कराए धन निकालने का तो कहीं जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायतें आम हो गई हैं। प्रधानों पर यहां तक आरोप लग रहे हैं कि प्रधान ने अपने चहेतों व परिजनों को कोटा, पंचायत सहायक बनाने के भी आरोप लग रहे हैं। यही कारण है कि शुक्रवार को जब नवाबगंज ब्लाक के तुलसीपुर माझा गांव में डीएम की चौपाल की घोषणा हुई तो पक्ष व विपक्ष शिकायतों के अंबार लेकर सक्रिय हो गए। डीएम के पहुंचने से पहले दोनों पक्षों में मारपीट हो गई।

प्रधान प्रतिनिधि लालजी सिंह और उनके समर्थकों से कहासुनी हो गयी। देखते देखते यह कहासुनी पहले हाथापाई और फिर मारपीट में बदल गयी। दोनों पक्षों की तरफ से जमकर लात घूंसे चलाए गए। इस घटना से चौपाल कार्यक्रम में भगदड़ मच गयी। भगदड़ के चलते आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कुसुम गिर गयीं और गंभीर रूप से घायल हो गयीं। उनके जेवर भी गिरकर खो गये। आंगनबाड़ी कार्यकत्री रंभा और अर्चना भी घायल हुई हैं। पुलिसकर्मियों ने दोनों पक्षों को काबू कर मामले को संभाला। वहीं चौपाल में पहुंचने पर जब डीएम नेहा शर्मा को घटना की जानकारी हुई तो उन्होने नाराजगी जताते हुए पुलिस को सभी के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि प्रधान प्रतिनिधि लालजी सिंह व अनिल सिंह समेत दोनों पक्षों के पांच लोगों को हिरासत में लेकर उनका शांति भंग में चालान किया गया है। दोनों पक्षों की तहरीर पर मारपीट व बलवा का मुकदमा दर्ज किया गया है।

## डीएम और एसपी ने सुनीं जनसमस्याएं

करनैलगंज, गोंडा

**अमृत विचार :** शनिवार को तहसील करनैलगंज में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें जिलाधिकारी नेहा शर्मा और पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने जनसमस्याओं की सुनवाई की। इस दौरान कुल 107 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से चार का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया, जबकि शेष शिकायतों के समाधान के लिए संबंधित विभागों की टीमों को मौके पर भेजा गया। सुनवाई के दौरान भूमि विवादों से संबंधित अधिकतर शिकायतें पुलिस और राजस्व विभाग से जुड़ी रहीं। डीएम ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों का निस्तारण तथ्यों के आधार पर गंभीरता से किया जाए।


संपूर्ण समाधान दिवस के मौके पर शिकायतें सुनतीं डीएम नेहा शर्मा। अमृत विचार

उन्होंने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि अगर किसी मामले में दोबारा शिकायत प्राप्त होती है, तो संबंधित अधिकारी या कर्मचारी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. रश्मि वर्मा, प्रभागीय वन अधिकारी पंकज शुक्ला, एसडीएम यशवंत राव, सीओ विनय सिंह, न्यायिक एसडीएम नेहा मिश्रा, तहसीलदार अनु सिंह, जेएन राव समेत विभिन्न विभागों के ब्लॉक और जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। इसके अलावा मनकापुर, तरबगंज व सदर तहसील में अधिकारियों ने शिकायतें सुनीं।

## संचारी रोग नियंत्रण को लेकर टास्क फोर्स की हुई बैठक

**रुपईडीह, अमृत विचार:** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रुपईडीह में गठित खंड स्तरीय टास्क फोर्स के सदस्यों की बैठक खंड विकास अधिकारी सत्य प्रकाश पांडेय की देखरेख में ब्लॉक मुख्यालय पर आयोजित की गई। इस बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने आगामी एक जुलाई से स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान को सफल बनाए जाने के लिए कार्य योजना तैयार की। एडीओ पंचायत गिरजेश पटेल, मुख्य सेविका सुमिता वर्मा, बीसीपीएम महेंद्र विश्वकर्मा, प्रभाकर त्रिपाठी, श्याम सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

## बेचे गए प्लॉट बैनामा कर छह लाख हड़पने वाले पति-पत्नी गिरफ्तार

**धानेपुर, अमृत विचार:** रुद्रगढ़ नौसी गांव के दंपति ने धोखा करते हुए एक व्यक्ति को पहले से बेचे गए प्लॉट का बैनामा कर दिया और उससे 6 लाख रुपये लेकर हड़प लिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी दंपति के खिलाफ केस दर्ज कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया। धानेपुर थाना क्षेत्र कम अलफ नगर गांव के रहने वाले राम नरायन के मुताबिक रुद्रगढ़ नौसी गांव के रहने वाले रफीक व उसकी पत्नी जैन्नतुननिशा ने वर्ष 2021 में उसे 6 लाख रुपये में एक प्लॉट बेंचा था। प्लॉट खरीदने के बाद जब वह कब्जा लेने गया तो पता चला कि जिस प्लॉट को उसने खरीदा है वह पहले ही किसी दूसरे व्यक्ति के नाम पर बेचा जा चुका है। इस धोखाधड़ी की शिकायत लेकर जब वह रफीक के पास गए तो दोनों ने उसका पैसा लौटाने के बजाय उसे जान से मारने की धमकी दी गयी। मामले में राम नरायन ने धानेपुर थाने में रफीक उसकी पत्नी जन्नतुनिशा के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कर दोनों की तलाश में जुटी थी। प्रभारी निरीक्षक डा निर्भय नारायण सिंह बताया कि विवेचना में दोषी पाए जाने पर शनिवार को पुलिस टीम ने पति पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी दंपति को पकड़ने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक त्रिपुरारी मिश्रा, हेड कांस्टेबल धर्मेन्द्र यादव, महिला आरक्षी भावना सिंह व प्रियंका मिश्रा शामिल रहीं।

### सार-संक्षेप

#### निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष के घर पहुंच मंत्री ने दी श्रद्धाजंलि


जिलाध्यक्ष की पत्नी के निधन पर श्रद्धाजंलि देते कैबिनेट मंत्री डा. संजय निषाद।

**नवाबगंज, गोंडा :** क्षेत्र के दुल्लापुर गांव निवासी निषाद पार्टी के जिला अध्यक्ष राजकुमार निषाद कि पत्नी किरन का बीते बृहस्पतिवार को आकस्मिक निधन हो गया था। जिलाध्यक्ष की पत्नी के निधन की सूचना पर शनिवार को प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री संजय निषाद ने जिलाध्यक्ष के आवास पर पहुंचकर जिलाध्यक्ष की पत्नी के चित्र पर श्रद्धा-सुमन अर्पित कर शोक व्यक्त किया। मंत्री ने शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर ढांढस बंधाया और हर संभव मदद का आश्वासन भी दिया है। जिलाध्यक्ष के पैतृक आवास पर काफी समय तक उपस्थित रहे। इस दौरान उन्होंने लोगों की समस्याओं का समाधान भी किया। मनकापुर गांव की समुन्दरा देवी के जमीन विवाद को लेकर उन्होंने तहसीलदार से बात कर हर-संभव मदद करने को कहा। दूसरी तरफ पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से उनका सुख-दुख भी साझा किया। इस दौरान स्थानीय पुलिस मुस्तैद नजर आई है। कैबिनेट मंत्री के साथ निषाद पार्टी के पदाधिकारियों में शिव बक्स निषाद, राजा बाबू निषाद, जसवंत निषाद, शिवकुमार निषाद, अरुण निषाद, मनीष निषाद, हरिराम निषाद, रामानंद निषाद सहित सैकड़ों कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

#### अश्लील फोटो खींचकर वायरल करने पर मुकदमा दर्ज

**खरगूपुर, गोंडा :** महिला की अश्लील फोटो खींचकर इंस्टाग्राम पर वायरल करने के मामले में पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव निवासिनी ने थाने पर दिए गए तहरीर में कहा है कि तीन सप्ताह पहले सुबह आठ बजे उसकी अश्लील फोटो बनाकर इंस्टाग्राम पर वायरल कर दिया गया है। थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बताया कि अश्लील फोटो वायरल करने के मामले में अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

#### बिना अनुमति काटे 14 पेड़, मुकदमा दर्ज

**खरगूपुर, गोंडा :** सागौन के 14 वृक्ष अवैध रूप से काटने के मामले में पुलिस ने एक युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। कटरा बाजार रेंज के रुपईडीह बीट प्रभारी समीर रंजन वर्मा ने थाने पर दिए गए तहरीर में कहा है कि स्थानीय थाना क्षेत्र के मधवानगर गांव निवासी बच्चाराम पाल के खेत में लगे सागौन के 14 पेड़ को इटियाथोक थाना क्षेत्र के करुआपारा के जितेन्द्र दूबे ने बिना परमिशन बनवाये काट कर गायब कर दिया। थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बताया कि वृक्ष संरक्षण अधिनियम के जितेन्द्र दुबे के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

#### न्यायालय के आदेश पर दुष्कर्म के दो आरोपी गिरफ्तार

**इटियाथोक, गोंडा :** न्यायालय सिविल जज सीनियर डिवीजन के आदेश पर युवती से दुष्कर्म के आरोप में दो युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई। थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती दिनांक 06.12.2024 को अपने गांव में गई थी। वह शाम 7 बजे घर वापस आ रही थी। रास्ते में आरोपी रंजीत ने अपने एक अन्य साथी के साथ मुंह दबा कर बगल के खेत में ले जाकर दुष्कर्म किया। प्रभारी निरीक्षक शेषमणि पाण्डेय ने बताया कि रंजीत निवासी ग्राम रैगांव व एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

#### शिक्षक की हृदयाघात से मौत, दी श्रद्धांजलि



**बेलसर, गोंडा :** बेलसर के एक निजी विद्यालय के शिक्षक की शुक्रवार की रात हार्ट अटैक से मौत हो गई। बेलसर के एक निजी इंटर कॉलेज के शिक्षक अमरनाथ शुक्ला निवासी परसदा की शुक्रवार की रात 2:00 बजे अचानक तबीयत खराब होने पर सी.एस.सी. बेलसर ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने गोंडा के लिए रेफर किया। एंबुलेंस से गोंडा जिला अस्पताल में इलाज के दौरान लगभग 5:00 बजे सुबह इनका देहांत हो गया। यह क्षेत्र के लोकप्रिय व्यक्ति थे शिक्षा के क्षेत्र में 25 वर्षों से कार्य कर रहे थे। इनका एक बेटा है अभिषेक शुक्ला है। मौत की सूचना पर क्षेत्रीय विधायक प्रेम नारायण पांडेय एवं अन्य गणमान्य लोगों ने परिवार को सांत्वना दिया है।

#### गुरु दरबार के लिए जत्था रवाना, भक्ति से गूंजा जरौली

**परसपुर, गोंडा :** आस्था व श्रद्धा से ओतप्रोत माहौल में परसपुर क्षेत्र के ग्राम जरौली से 45 श्रद्धालुओं का जत्था गुरु दरबार सक्तेश गढ़ मिर्जापुर के लिए रवाना हुआ। शिव दर्शन सिंह के नेतृत्व में श्रद्धालुओं ने गुरु भगवान के गगनभेदी जयकारों के साथ सक्तेशगढ़ के लिए प्रस्थान किया। इस विशेष यात्रा का उद्देश्य महान संत परमहंस स्वामी अड़गड़ानंद जी महाराज के दर्शन करना एवं उनके पावन आश्रम में आयोजित भण्डारा एवं सत्संग कार्यक्रम में सहभागिता करना है। श्रद्धालु रविवार को गुरु दरबार पहुंचकर आध्यात्मिक आयोजन में भाग लेंगे और सन्तवाणी का श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित करेंगे। यात्रा में शामिल प्रमुख श्रद्धालुओं में विजय सिंह, आशु सिंह, पिन्टू सिंह, राजन कुशवाहा, संजय गुप्ता, सन्त कुमार कुशवाहा, राम किशोर गुप्ता, मनीष सिंह, संतोष गुप्ता, जादू पाण्डेय, बलराम सिंह, मैत्री पाण्डेय आदि नाम शामिल हैं।

**खतरा** अस्पताल परिसर में है जलभराव, नाली और गंदगी में पनप सकता है मच्छरों का लार्वा, जल निकासी को लेकर गंभीर नहीं हैं जिम्मेदार

# ...तो मेडिकल कॉलेज परिसर में ही पनपेंगे डेंगू-मलेरिया के मच्छर

गोंडा, कार्यालय

**अमृत विचार :** मेडिकल कॉलेज परिसर का बुरा हाल है। बारिश आते ही परिसर में जलभराव हो गया है। जल जनित रोगों के बचाव को लेकर स्वास्थ्य महाकमा अभियान चला रहा है, लेकिन परिसर में जल जमाव को लेकर कोई गंभीर नहीं है। डेंगू व मलेरिया का खतरा उत्पन्न हो सकता है। अब तक छह मरीजों में डेंगू की पुष्टि हो चुकी है। मलेरिया का भी एक मरीज मिल चुका है। स्वास्थ्य विभाग का दावा है कि जिले में डेंगू-मलेरिया न फैले इसके लिए पहले ही तैयारी की जा रही है, लेकिन इसमें कितनी सच्चाई है यह बाबू ईश्वर शरण चिकित्सालय की दशा देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है। परिसर में पानी भरा है। सीएमओ कार्यालय के बगल ही जलभराव है। एंटी लार्वा दवाई तक का छिड़काव नहीं कराया जाता है। वर्षा का मौसम डेंगू का लार्वा पनपने के लिए सबसे अधिक अनुकूल माना जाता है। बारिश का पानी एकत्र होने पर लार्वा पनप सकते हैं। जिले में डेंगू से बचाव का मंत्र देने के लिए अभियान चलाने वाली मुख्य चिकित्सा अधीक्षक कार्यालय के बगल ही पानी भरा है। क्षेत्रीय निदान केंद्र पर जाने वाले मरीज इसी जल भराव के बीच होकर गुजरते हैं। यहां मच्छर का लार्वा पनप सकता है। अधिकारी इससे अनजान है। सभी को पानी न एकत्र होने देने का मंत्र देने वाले अधिकारी कार्यालय के बगल सफाई नहीं करा पा रहे हैं।


अस्पताल परिसर एकत्रित बारिश का पानी। अमृत विचार

**डायलिसिस रोगियों को संक्रमण का खतरा**

मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के बगल ही डायलिसिस यूनिट है। यहां किडनी रोगियों की डायलिसिस की जाती है। सामने ही गंदा पानी भरा होने से संक्रमण का खतरा रहता है। कई बार जल निकासी का प्रबंध करने के लिए शिकायत की गई, लेकिन जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं। हद तो यह है कि डायलिसिस कराने आने वाले मरीज भी इसी गंदे पानी के बीच होकर गुजरते हैं

**पानी के बीच जांच कराने जाना मजबूरी**

बाबू ईश्वर शरण चिकित्सालय के क्षेत्रीय निदान केंद्र में जांच कराने जाने में रोगियों को काफी समस्या होती है। पानी से होकर केंद्र में जाना पड़ता है। यही हाल टीबी क्लीनिक जाने के लिए मुश्किल हो रही है। कभी-कभी गंभीर रूप से बीमार मरीज को जांच के लिए जाने में काफी समस्या का सामना करना पड़ता है और वह लोग बिना जांच के ही इलाज करने के लिए मजबूर हो जाते हैं। फिलहाल समस्या को लेकर अस्पताल प्रशासन गंभीर नहीं दिख रहा है।

> समय-समय विभिन्न स्थानों पर एंटी लार्वा दवाई का छिड़काव कराया जाता है। जहां भी मच्छरों का लार्वा पनप रहा है उसकी जांच कराकर उन्हें नष्ट कराया जाएगा। जल भराव की समस्या को लेकर उच्च अधिकारियों को अवगत कराया गया है। उम्मीद है जल्दी कोई व्यवस्था जल निकासी की कर ली जाएगी।- **डॉ. सीके वर्मा**, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी

# आनंद का विज्ञान है योग

योग आनंद का विज्ञान है। पतंजलि के योगसूत्र में "चित्तवृत्ति के निरोध को ही योग" कहा गया है। चित्तवृत्ति के प्रभाव में ही संसार दुखमय है। आधुनिक विश्व में गलाकाट प्रतिस्पर्धा है। तनाव और अवसाद बढ़े हैं। क्रोध उफना रहा है। मनुष्य अकेला है। परिवार टूट रहे हैं। आस्थाएं धीरज नहीं देती। आत्महत्याएं बढ़ी है। हिंसा युद्ध रक्तपात भी लगातार बढ़ रहे हैं। दुनिया में अनेक आस्थाएं हैं और अनेक विश्वास। सबके अपने सत्य और विश्वास हैं। आस्था और विश्वास को लेकर हो रहे रक्तपात विश्वमानवता के लिए खतरा है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण का युग है लेकिन वैज्ञानिक शोधों ने हत्या और हिंसा के नए उपकरण दिए हैं। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से सत्य का पथ आसान हुआ है लेकिन जीवन का शिव और सुंदर फिसल गया है।

वैज्ञानिक शोधों की अंतर्राष्ट्रीय चर्चा होती है। चिकित्सा विज्ञान के शोध मनुष्य के लिए हितकर भी है। अन्य वैज्ञानिक शोध भी विश्व स्तरीय चर्चा का विषय बने हैं लेकिन आज जैसी अंतर्राष्ट्रीय चर्चा योग दर्शन की है वैसी चर्चा यूनानी दर्शन के दिग्गजों के निष्कर्षो की भी नहीं हुई-न अरस्तू, सुकरात या प्लेटो की और न ही थेल्स, अनसिक्मेनस, हिराक्लिटस या पाइथागोरस की ही। कांट दर्शन की भी अंतर्राष्ट्रीय चर्चा नहीं हुई लेकिन योग दर्शन का नगाड़ा बज रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी को धन्यवाद। दुनिया ने 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया है। समूचा भारत योग गंध से हहरा रहा है। योग ऋग्वेद के उगने के पहले से परम स्वास्थ्य का मार्ग था। गीता (6.21) में श्रीकृष्ण ने अर्जुन को योग का लाभ बताया "योग से प्रशान्त हुआ आत्म बुद्धि द्वारा ग्रहण किए जाने योग्य सुख प्राप्त करता है। बुद्धि और इन्द्रिय सुख से परे परम आनंद को भी प्राप्त करता है।" योग साधक संसार को दुखमय नहीं आनंदमय देखता है। आनंद पाता है और आनंद बांटता भी है। योग आनंद का विज्ञान है। भारत के 8 दर्शनों में एक योग दर्शन भी है। प्रकृति आनंद से भरीपूरी है लेकिन मनीषियों ने संसार को दुखमय बताया है। दुख और आनंद साथ-साथ नहीं रह सकते। संसार वस्तुतः हमारे मन का सृजन है। प्रकृति सदा से है। आनंद से भरीपूरी होने के कारण ही वह सतत् सृजनरत है। संसार


हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> मन स्थिरिता आसान कर्म नहीं है। मन अपनी चलाता है, बुद्धि उसी की पिछलग्गू हो जाती है, हम मनमानी करते हैं, हमारी बुद्धिमानी भी मनमानी की पूरक होती है। मन की ताकत बड़ी है। उसे प्रशिक्षित करने के बाद ही बुद्धि के अनुरूप लाया जा सकता है। वरना मन मनमानी ही कराता है।

इसी का भाग है। तो भी हम आनंद के स्रोत से वंचित हैं। ऐसा क्यों है? बीच में चित्त की बाधा है। योग चित्त अतिक्रमण का ही तंत्र है। चित्तवृत्ति का परदा उठे तो आनंद ही आनंद।

पतंजलि ने योग सिद्धि के अनेक लाभ बताएं हैं। सुन्दर स्वास्थ्य प्राथमिक है। बुद्धि का अनंत प्रज्ञा से जुड़ना बड़ा लाभ है। पतंजलि ने इसके लिए आधे से भी छोटा श्लोक लिखा है-"ऋतम्भरा तत् प्रज्ञाः"। तब प्रज्ञा ऋत से भर जाती है। ऋत प्रकृति का संविधान है। यही सत्य भी है लेकिन ऋतम्भरा में सत्य के साथ सौन्दर्य और शिव भी है। योग सिद्ध व्यक्ति की लाभ हानि सोंचने की परिभाषा बदल जाती है। श्रीकृष्ण अर्जुन से कहते हैं, "योग से प्राप्त आनंद से बड़ा कोई दूसरा लाभ नहीं।" (गीता 6.22) वे आगे योग की खूबसूरत परिभाषा करते हैं "दुख संयोगं वियोग योगं संजिज्ञम्-दुख संयोग से वियोग हो जाना ही योग है।" (वही 6.23) श्रीकृष्ण और अर्जुन के साथ हुए मित्रवत सम्वाद में योग विज्ञान की सरलतम झांकी है। लेकिन अर्जुन तो भी संतुष्ट नहीं होता। अर्जुन हमारे आपके जैसा सामान्य व्यक्ति था। योग विज्ञान सुनने से ही नहीं समझा जा सकता। योग बातों-बातों का बतरस नहीं है, इसके लिए प्रगाढ़ अभ्यास चाहिए। अर्जुन ने श्रीकृष्ण से पूछा, "आपने जो समत्व भाव वाला योग समझाया है, मनचंचलता के कारण मुझे उसका कोई मजबूत आधार नहीं दिखाई पड़ता। मन चंचल होता है, शक्तिशाली और हठी होता है, मन को वश में करना वायु को वश में करने की तरह बहुत कठिन है। (वही 33 व 34)" अर्जुन बेशक योद्धा है, लेकिन मन चंचलता के रहस्यों से परिचित है।

मन स्थिरिता आसान कर्म नहीं है। मन अपनी चलाता है, बुद्धि उसी की पिछलग्गू हो जाती है, हम मनमानी करते हैं, हमारी बुद्धिमानी भी मनमानी की पूरक होती है। मन की ताकत बड़ी है। उसे प्रशिक्षित करने के बाद ही बुद्धि के अनुरूप लाया जा सकता है। वरना मन मनमानी ही कराता है। श्रीकृष्ण ने मनचंचलता की बात स्वीकार की "निस्संदेह मन को वश में करना बहुत कठिन है, यह चंचल है लेकिन इसे अभ्यास और वैराग्य से वश में किया जा सकता है-अभ्यासेन तु कौन्तेय वैराग्येण च गृह्यते।" (वही 35) गीता का यह श्लोक पतंजलियोगसूत्र से मिलता-जुलता है। पतंजलि का योग 'चित्तवृत्ति निरोध' है। श्रीकृष्ण का योग 'मनोनिग्रह' है। दोनो का मन्तव्य एक है। श्रीकृष्ण 'अभ्यास और वैराग्य' का मंत्र देते हैं। पतंजलि की भाषा भी वही है "अभ्यास वैराग्याभ्यां तन्निरोधः-अभ्यास और वैराग्य से इन वृत्तियों का नियंत्रण संभव है।" (पतंजलियोगसूत्र 1.12) पतंजलि की शैली वैज्ञानिक है, वे आगे अभ्यास की परिभाषा बताते हैं "इन दो (अभ्यास, वैराग्य) में अभ्यास स्वयं में दृढ़ता से प्रतिष्ठित होने का प्रयास है-तत्रस्थितौ यत्नो अभ्यासः।" (वही 13) यहां अभ्यास का मतलब योगासन नहीं, स्वयं के कर्म में स्थिर होने का प्रयास है।

अभ्यास स्वयं के प्रति सजग चेष्टा है, वैराग्य इच्छा शून्यता है। अभ्यास और वैराग्य चित्त को संयत करते हैं। असली बात है संयत चित्त। योगासन और ध्यान इसी के उपकरण हैं। व्यक्तित्व की पूरी ऊर्जा को एकाग्र करने का नाम अभ्यास है। फिर वैराग्य बताते हैं, "ऐन्द्रिक सुखों की तृष्णा में सजग प्रयास से भोग आसक्ति के प्रति वितृष्णा वैराग्य की प्रथम अवस्था है, पुरूष के अंतरतम का बोध होने पर सभी इच्छाओं का विलीनीकरण वैराग्य की पूर्णता है।" (वही 15 व 16) श्रीकृष्ण ने कहा, "असंयत के लिए योग कठिन है, लेकिन संयत व्यक्ति संकल्पबद्ध होकर योगलब्ध हो जाता है।" (गीता 6.36) अभ्यास, वैराग्य, असंयत और संयत चित्त मनुष्य की अंतर्यात्रा के पड़ाव हैं।

पतंजलि योग सूत्र सुव्यवस्थित दर्शन है और यथार्थ विज्ञान भी। दर्शन के आत्मिक अनुभव में मन की चंचलता बाधा है। बाधाएं और भी हैं। पतंजलि ने योग सूत्र (30) में बताया है कि "रोग, प्राणहीनता, संशय, प्रमाद, आलस्य, आसक्ति, भ्रान्ति और अस्थिरता बाधाएं हैं। दुख, निराशा, कपकपी और अनियमित श्वसन लक्षण हैं।" यहां 'रोग' ध्यान देने योग्य हैं। पतंजलि वैद्य या चिकित्सक नहीं थे। चरक संहिता आयुर्विज्ञान की प्रख्यात ग्रंथ है। बताते हैं-"बिना रोग का होना सुख है और रोग दुख है।" आगे स्वास्थ्य के बारे कहते हैं "जब मन और बुद्धि का समान योग रहता है तब मनुष्य स्वस्थ रहता है जब इनका अतियोग, अयोग और मिथ्या योग होता है तब रोग।" रोग मन और बुद्धि के अतियोग, अयोग और मिथ्यायोग के परिणामी है। योग परम स्वास्थ्य है। प्राण और शरीर का योग जीवन है। प्राण का कम होना जीवनी शक्ति का घटना है। आलस्य प्राण शक्ति घटाता है, आसक्ति बढ़ाता है। भ्रान्ति और अस्थिरता मन विक्षेप लाते ही हैं। पतंजलि ने मनुष्य का रहस्यपूर्ण विवेचन किया है और परम स्वास्थ्य के प्राचीन दर्शन को पुनर्जीवित किया है। शरीर, मन, बुद्धि और आत्म से स्वस्थ व्यक्ति हिंसक नहीं हो सकता। आनंदित व्यक्ति सृजन करता है और तनावग्रस्त व्यक्ति ध्वंस। योग तनावग्रस्त विश्वमानवता को भारत का प्रशांत उपहार है।

# योगः परम स्वास्थ्य

भारत ज्ञानात्मक संवेदना और संवेदनात्मक ज्ञान का एक आध्यात्मिक देश है। इसका चिंतन और कर्म सदा सर्वकालिक, सर्वजनीन और वैश्विक रहा है। बहुजन हिताय बहुजन सुखाय की कामना से भरी यहां की पूजा और प्रार्थनाएं होती है। भारत ने विश्व को योग के रूप में अनमोल और अतुलनीय उपहार दिया है। शारीरिक, मानसिक, आत्मिक और आध्यात्मिक विकास में योग परम सहयोगी है। आज दुनिया के लोग इसे अपनी दिनचर्या में सम्मिलित कर रहे हैं। कोरोना-संकट में योग बहुत ही कारगर सिद्ध हुआ है।

शाश्वत चिंतन, जीवन मूल्य और वसुधैव कुटुंबकम कोई अवधारणा मात्र नहीं है बल्कि यह तो भारत का नित्य चरित्र है। इस चरित्र के निर्माण में जिन संसाधनों, तत्वों और कारकों के महत्वपूर्ण योगदान हैं उनमें योग सर्वोपरि है। योगीश्वर शिव से योगेश्वर कृष्ण तक योग के दिग्दर्शन हैं। वेद और उपनिषद से आगे बढ़ता हुआ यही योग महर्षि पतंजलि तक आते-आते कुछ बाह्य रूपाकार भी ले लेता है। उसमें आसनों का समावेश होता है। अष्टांग योग के अंतर्गत शरीर सौष्ठव से लेकर आत्मा और चेतना तक को शुद्ध, बुद्ध और प्रबुद्ध बनाने का प्रावधान सन्निहित किया गया है। यद्यपि योग का सीधा अर्थ जोड़ है मगर इसके अर्थ-विस्तार में सात्विक वृत्ति, परम सत्य, आत्मबोध और वैश्विकता का सहज प्रवेश होता है। मन और बुद्धि योग के कारण सदा सही ठिकाने पर स्थित होते हैं। जहां आसनों से शरीर निरोग रहता है वहीं योग की चरम शक्ति से चित्त समग्रतः स्वस्थ होता है। स्वस्थ तन और मन ही परिवार, समाज, परंपरा, प्रगति और विश्व को समरसता में समाहित करने की शक्ति से संपन्न होता है। महर्षि पतंजलि ने योग को आकार और विस्तार दिया। उसे व्यवहारिक स्वरूप प्रदान किया।


डॉ. संजय पंकज
वरिष्ठ लेखक, मुजफ्फरपुर

अनेक ऋषियों, महर्षियों, योगियों और चिंतकों से आलोकित होता हुआ यह योग अब वैश्विक हो गया है। इसकी वैज्ञानिकता सिद्ध और सर्वमान्य है। यह और बात है कि कुछ एक धर्मबीमार तथा विचार संकीर्ण लोग इसे किसी जातिविशेष से संबद्ध कर देते हैं। जबकि खुली दृष्टि से देखा जाए तो यह सर्वधर्म और किसी न किसी रूप में सर्वजन स्वीकृत और क्रियान्वित है।

जैसे विभिन्न प्राणियों की ध्वनियों से मनुष्य की कला-बुद्धि ने सरगम का संयोजन किया और संगीत की बहुविध श्रीवृद्धि होती चली गई। राग-रागिनी में ढालते हुए स्वर और सुर को अनुशासित करते हुए आत्मझंकृति पैदा करने की संगीत साधकों ने शक्ति अर्जित की। सबकुछ प्रकृति से ही प्राप्त होता है। योग भी सहज प्राप्त मनुष्य की अनमोल निधि है। मानवेतर कई प्राणियों से योगासनों का कौशल प्राप्त किया गया तो मनोयोग की साधना भी कुछेक प्राणियों से ही हासिल की गई। हम छात्रों को सीख देते हुए सजग करते हैं- 'काक चेष्टा बको ध्यानं श्वान निद्रा'। अंतर्वृत्तियों को साधने की सीख भी हमें प्रकृति से मिलती है। दिनानुदिन तेजी से कृत्रिम जीवन के अभ्यासी होने के कारण मनुष्य प्रकृति से कटता चला जा रहा है। प्रकृति को मनुष्य बुरी तरह से विकृत कर रहा है। इसका दुष्परिणाम केवल समय समय पर ही नहीं बल्कि अब तो हर समय किसी न किसी रूप में भोगना पड़ रहा है। नए-नए रोग आ रहे हैं। नएपन के दौर में हमारी परंपरा और विरासत नष्ट हो रही है। परंपरा को हम अकारण ही लीक पीटना और रूढ़िवादिता मान लेते हैं। नए रोग के इलाज में नई दवाइयों के सेवन से रोज-रोज नए विकार पैदा हो रहे हैं। हम समृद्ध परंपरा से कटकर सिर्फ सांस भरते हुए जीवन जीए चले जा रहे हैं। इस जीने में अलौकिक आनंद नहीं, एक विवशता है। योग ज्ञान और विज्ञान भर नहीं है, यह वह आलोक है जिससे सर्वलोक परमात्म दर्शन से ज्योतित होता है।

# कोबरा की एवरेस्ट तक चढ़ाईः जलवायु परिवर्तन की आहट

हिमालय की बर्फीली ऊंचाइयों पर, जहां सदियों से केवल शांति, तप और प्रकृति की पवित्रता के लिए जानी जाती थी वहां अब कोबरा जैसे विषैले सरीसृप का दिखाई देना केवल एक विचलित कर देने वाली खबर नहीं, बल्कि बदलते युग की सबसे खतरनाक चेतावनी है। यह सिर्फ एक जंगल से दूसरे जंगल तक जीवों के स्थानांतरण की घटना नहीं है, बल्कि यह धरती की जलवायु में हो रहे उस मौलिक परिवर्तन की जीवित मिसाल है, जिसे विज्ञान ने वर्षों पहले आंकड़ों में परिभाषित किया था और जिसे आज हम अपनी आंखों से घटित होते देख रहे हैं। यह चेतावनी केवल हिमालय के लिए नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के लिए है- क्योंकि जब बर्फ में सांप रेंगने लगें, तो यह समझ लेना चाहिए कि पृथ्वी की नाड़ी अब सामान्य नहीं रही।


डॉ.जितेंद्र शुक्ला
वन्य जीव विशेषज्ञ

नेपाल के हिमालयी क्षेत्रों में हाल ही में ऐसी खबरें सामने आईं, जिन्होंने वैज्ञानिकों, पर्यावरणविदों और सरकारों को समान रूप से स्तब्ध कर दिया। काठमांडू घाटी और उसके आसपास के क्षेत्रों जैसे सोखोल, गोपालेश्वर, फूलचौक, भञ्ज्याङ आदि में एक महीने के भीतर नौ राजा कोबरा और एक मोनोकल्ड कोबरा पाए गए। ये सांप केवल जीवित ही नहीं थे, बल्कि उनके अंडे और घोंसले भी उन जंगलों में मौजूद थे, जो इस बात का स्पष्ट संकेत थे कि वे वहां रहने के लिए उपयुक्त वातावरण पा चुके हैं। यह स्थिति सामान्य नहीं है, क्योंकि कोबरा सदैव से उष्णकटिबंधीय, समतल, और आर्द्र जलवायु वाले क्षेत्रों में पाए जाते रहे हैं। उनका हिमालय की तलहटी से होते हुए बर्फीली पहाड़ियों के करीब पहुंच जाना यह दर्शाता है कि वहां का पारिस्थितिक तंत्र अब उनके अस्तित्व के अनुकूल बनता जा रहा है।

वर्षों पहले तक जहाँ हिमालयी क्षेत्रों में सर्दियों के दौरान तापमान शून्य से 10 से 15 डिग्री नीचे चला जाता था, वहां अब यह धीरे-धीरे बढ़ रहा है। वैज्ञानिक रिपोर्टों के अनुसार, हिमालयी क्षेत्र में हर वर्ष औसतन 0.05C की वृद्धि हो रही है। यह वृद्धि दिखने में बहुत कम प्रतीत हो सकती है, लेकिन उच्च पर्वतीय पारिस्थितिकी में, जहां हर एक डिग्री का प्रभाव सौ वर्षों की स्थिरता को डगमगा सकता है, वहां यह परिवर्तन अत्यंत विनाशकारी है। तापमान में यह सूक्ष्म किंतु लगातार बदलाव न केवल बर्फ के तेजी से पिघलने का कारण बन रहा है, बल्कि इससे वहां की जैव विविधता में भी अप्रत्याशित परिवर्तन हो रहे हैं। यही कारण है कि अब ऐसे जीव, जिनका वहां कभी अस्तित्व नहीं रहा, वहां पाए जाने लगे हैं।

कुछ विशेषज्ञों ने प्रारंभ में यह आशंका जताई कि ये सांप संभवतः लकड़ी, घास या अन्य मालवाहक ट्रकों के माध्यम से इन क्षेत्रों तक पहुंचे होंगे। लेकिन समस्या केवल उनके पहुंचने की नहीं है, बल्कि यह अधिक गंभीर इस कारण है कि वे वहां पर जीवित रह पा रहे हैं, सामंजस्य बना रहे हैं, और यहां तक कि प्रजनन भी कर रहे हैं। यह साबित करता है कि अब वह क्षेत्र, जो कभी ठंडे वातावरण के कारण इन जीवों के लिए प्रतिकूल था, अब धीरे-धीरे उनके लिए अनुकूल हो गया है। यह



अनुकूलता केवल एक जीव के स्तर पर नहीं, बल्कि पूरी पारिस्थितिक श्रृंखला में असंतुलन का संकेत है। कोबरा जैसे शिकारी जीव यदि इन क्षेत्रों में बसने लगे, तो यह न केवल छोटे स्तनधारियों, पक्षियों और सरीसृपों के लिए खतरा है, बल्कि यह पारिस्थितिक स्थिरता को भी पूरी तरह छिन्न-भिन्न कर सकता है।

कोबरा की यह चढ़ाई केवल नेपाल तक सीमित नहीं है। भारतीय हिमालय के क्षेत्रों से भी ऐसी रिपोर्टें सामने आ रही हैं। उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और सिक्किम के कुछ हिस्सों में भी अब उन क्षेत्रों में विषैले सर्प देखे जाने लगे हैं, जहां पहले कभी इनकी उपस्थिति की कोई संभावना नहीं थी। मुक्तेश्वर, नैनीताल, गढ़वाल, कुल्लू और सिरमौर जैसे क्षेत्रों में अब कोबरा के दिखाई देने की घटनाएं बढ़ रही हैं। ये घटनाएं जलवायु परिवर्तन के उस अदृश्य जाल की गवाही देती हैं, जिसमें एक-एक कर सभी जैविक कड़ियां फंसती जा रही हैं। हिमालय, जो अब तक भारत और दक्षिण एशिया के लिए एक प्राकृतिक सुरक्षा कवच था, अब खुद कमजोर होता दिख रहा है। कोबरा जैसे जीवों की ऊंचाई तक चढ़ाई केवल जीवविज्ञानियों के लिए एक शोध विषय नहीं रह गई, यह अब नीति निर्माताओं और सामान्य नागरिकों दोनों के लिए एक चेतावनी का स्वर बन चुकी है। जब हिमालय में पहले से ही ग्लेशियरों का तीव्र गति से पिघलना, असामान्य वर्षा, और भूस्खलन जैसी आपदाएं बढ़ रही हैं, तब इन विषैले जीवों का वहां दिखाई देना उस संकट को और अधिक गहरा बना देता है। यह जैविक आक्रमण नहीं है, बल्कि एक पारिस्थितिक शिफ्ट है-जो न केवल वन्यजीवों के जीवन पर असर डालेगा, बल्कि मानव जीवन, कृषि, पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी सीधे प्रभावित करेगा। ग्लेशियरों का पिघलना, नदियों का रुख बदलना, दुर्लभ पक्षियों का गायब होना और अब कोबरा की चढ़ाई- ये सभी एक ही चेतावनी के अलग-अलग रूप हैं। प्रकृति अब धीरे नहीं, बल्कि स्पष्ट और तेज़ स्वर में बोल रही है। पहले यह स्वर आंकड़ों और रिपोर्टों में था, अब यह जीवन के हर पहलू में दिखने लगा है। यदि हम अब भी नहीं चेते, तो यह बदलाव आने वाले वर्षों में और अधिक गंभीर रूप ले लेगा।

यह समय है जब जलवायु परिवर्तन को केवल 'भविष्य की समस्या' मानने की भूल से बाहर निकलना होगा। कोबरा का हिमालय तक पहुंचना इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण है कि अब भविष्य नहीं, वर्तमान ही खतरे में है। यह पृथ्वी का वह संकेत है, जिसे हम अनदेखा नहीं कर सकते। यह केवल विज्ञान की चिंता नहीं, यह नैतिकता की पुकार है। यदि हम चाहते हैं कि हिमालय आने वाली पीढ़ियों के लिए भी बर्फ, शांति और पवित्रता का प्रतीक बना रहे, तो हमें अभी, इसी क्षण जलवायु परिवर्तन के विरुद्ध निर्णायक कदम उठाने होंगे।

# इतिहास के टुकड़े और देश प्रेम

देशप्रेम का गहरा संबंध देश को जानने से है। देश को जानने के मार्ग में मुख्य बाधाएं हैं- इतिहास की औपनिवेशिक समझ, बहिष्कारपरक राष्ट्रवाद और एकायामी आधुनिकता। आज हमारे सामने इतिहास नहीं इतिहास के टुकड़े हैं- 'फ्रैग्मेंटेड पास्ट' और सबका अपना-अपना अतीत है। कोई साझी भावना नहीं बची है, कोई साझा जीवन-लक्ष्य नहीं है। स्वाधीनता आंदोलन के दौर में अतीत लड़ रहा था, आज वह लड़ा रहा है। आनंद कुमारस्वामी एक श्रीलंकाई कला-दार्शनिक थे। उन्होंने देश के स्वदेशी आंदोलन में भाग लिया था। वे रवींद्रनाथ के भी नजदीक थे। उन्होंने इतिहास से ज्यादा महत्व कला-साहित्य की परंपराओं को दिया और कहा कि इनकी रोशनी में अपने को देखो। इतिहास खंड-खंड करता है, खासकर अंग्रेजों की औपनिवेशिक धारणाओं से प्रेरित खंड-खंडवादी इतिहास, जबकि कला और साहित्य जोड़ते हैं! ऊपर से पश्चिमी आधुनिकता ने लोगों को कबंध बना दिया जिसके पास सिर नहीं है, केवल धड़ है। कुमारस्वामी किसी बिंदु पर रहस्यमय हो जाते हों, पर उन्होंने 'राष्ट्र' की यूरोपीय धारणा का विरोध किया। दरअसल भारत में राष्ट्रीयता का विकास न पश्चिमी पद्धति से हुआ न स्त्री-दलित-आदिवासियों को अलग रखकर। इसलिए भारत को भारत की दृष्टि से ही जाना जा सकता है। देशप्रेम के लिए देश को जानना पहली जरूरत है। इसके लिए 'अ-पर' की खोज करने वाले वैदिक ऋषियों, बौद्धों, जैन साधकों, प्राचीन कवियों, भक्तों-सूफियों-संतों को जानना जरूरी है। उन सभी ने 'अदर्स' को लेकर बुद्धिपरक चिंतन किया, 'अ-पर' का महत्व बताया और पर-पीड़ा को 'अधमाई' माना। उन्होंने हमेशा प्रेम को महत्व दिया जो मनुष्य संसार से आगे बढ़कर पेड़-पौधों, पर्वत-नदियों, पशु-पक्षियों बल्कि संपूर्ण पर्यावरण तक विस्तृत था- 'पाती तोरै मालिनी, पाती पाती जीव' (कबीर)। रामायण में जब लक्ष्मण सीता को वन में छोड़कर जाते हैं, सीता के क्रंदन के साथ संपूर्ण वन रो पड़ता है, 'रूदितं वनेपि' और रोने की आवाज कवि वाल्मीकि तक पहुंचती है। कवि हमेशा बहिष्कृत की आवाज सुनता है! प्राचीन ऋषियों-कवियों की दृष्टि में जो भारत है उसका संबंध कभी किसी छोटे राज्य या साम्राज्य से नहीं रहा है। वे 'परस्पर मिलो-परस्पर संवाद करो-साथ सोचो' (वेद) गणतंत्र (बौद्ध-दर्शन), वृंदावन के कल्पलोक (सूरदास), 'ठाढ़े सिंह चरावै गाई' की अहिंसा (कबीर), राम राज्य (तुलसी), बेगमपुरा (रैदास), भूमा लोक (शैव दर्शन) आदि का स्वप्न देखते रहे हैं। भक्त कवियों में तुलसी ने अवधी से प्रेम के बावजूद 'भारत' का नाम लिया था- 'भलि भारत भूमि' और एक जगह गंगा के साथ दक्षिण भारत की नदियों का भी उल्लेख किया था। उन सभी ने अपने-अपने 'लोकेल' से अपनी सीमा में भारत को लेकर बड़े सपने रचे। कहना न होगा कि भारत के लोगों के सपने उनकी स्मृतियों से महान है।


शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता


# डिजिटल भंवर में फंसे रिश्ते



> पिता की भूमिका अब जिम्मेदारी से अधिक 'रोल' बनकर रह गई है- जिसे निभाना है, दिखाना है, शेयर करना है। भावनात्मक रूप से पिता कहीं अकेले पड़ते जा रहे हैं।

गौर से देखकर यदि कहूं तो तीन पीढ़ियों में पिता की छवि समय के साथ लगातार बदलती गई है। एक समय था जब अधिकतर पिता किसानी और मेहनत-मजदूरी से परिवार पालने वाले व्यक्ति हुआ करते थे। वे कम बोलते थे, लेकिन उनकी मेहनत की गंध पूरे घर को सुरक्षा और स्थायित्व का एहसास देती थी। उस दौर का पिता अपनी मौजूदगी से परिवार की नींव को मजबूती देता था। वह अपने बच्चों के भविष्य के लिए खुद को मिटा देता था, लेकिन कभी एहसान नहीं जताता था। घर के बड़े फैसलों में उनकी अंतिम बात ही मान्य होती थी, लेकिन वह कोई तानाशाही नहीं बल्कि अनुभव का निचोड़ होती थी।

दूसरी पीढ़ी के पिता थोड़ा और बदले। अब वे खेत-खलिहान से निकलकर दफ्तरों में, फाइलों और पेंशन के चक्र में आ गए थे। वे बच्चों की फीस भरते थे, स्कूल छोड़ते थे, रिपोर्ट कार्ड देखते थे, लेकिन संवाद की गहराई अब भी सीमित थी। उस दौर में पिता का प्यार अक्सर अनुशासन के रूप में देखा जाता था। उनका जीवन कर्तव्यों में बंधा था। वे चाहते थे कि उनके बच्चे उनसे आगे निकलें, लेकिन अपने अनुभव के आधार पर उन्हें रोकने-टोकने की कोशिश भी करते थे। वे अपनी भावनाओं को शब्दों में नहीं, कार्यों में व्यक्त करते थे। उनके भीतर एक संघर्ष था-परंपरा और परिवर्तन के बीच संतुलन साधने का।


प्रवीण त्रिवेदी
फतेहपुर

तीसरी पीढ़ी के पिता अब स्मार्टफोन, गूगल कैलेंडर और इंस्टाग्राम के साथ जीने लगे हैं। अब वे बच्चों के 'बेस्ट फ्रेंड' बनने की कोशिश करते हैं, उन्हें खुलकर बोलने की आज़ादी भी देते हैं और उनके निर्णयों में दखल देने से बचते हैं। वे कूल डैड बनना चाहते हैं जो बच्चों को गाइड करें, लेकिन कंट्रोल न करें। पर इसी कोशिश में कहीं न कहीं वह परछाईं धुंधली पड़ने लगी है, जो पिता को पिता बनाती थी। अब संवाद तो है, लेकिन गहराई कम है। सहमति तो है, पर वह अधिकार नहीं जो पहले वाली पीढ़ियों के पिता सहज रूप से रखते थे। आज के पिता बच्चों के साथ चैट करते हैं, लेकिन क्या वे उनके मन की खामोशी को सुन पाते हैं? पिता की भूमिका अब जिम्मेदारी से अधिक 'रोल' बनकर रह गई है-जिसे निभाना है, दिखाना है, शेयर करना है। भावनात्मक रूप से पिता कहीं अकेले पड़ते जा रहे हैं। पहले की पीढ़ियों में पिता चुप रहकर भी बच्चे का मन समझ लेते थे, आज के पिता बोलते हैं, पूछते हैं, लेकिन जवाबों के बीच खो जाते हैं।

समय के साथ पिता की छवि में जो बदलाव आया है, वह केवल बाहरी नहीं है। यह समाज की संरचना, परिवार के ताने-बाने और हमारी जीवनशैली में आए व्यापक परिवर्तन का परिणाम है। अब यह जरूरी हो गया है कि हम पिता को फिर से केवल जिम्मेदारी या भूमिका के दायरे से निकालकर एक भावनात्मक, मानवीय और संवेदनशील संबंध के रूप में पुनर्स्थापित करें। क्योंकि चाहे कोई भी समय हो, पिता वही होता है- जो बिना कहे सब कुछ दे देता है और बदले में सिर्फ एक मुस्कान चाहता है।

# नए टोल टैक्स भुगतान नियम से उम्मीदें

'टोल टैक्स' पर आए दिन घटित होती नाना प्रकार की सामान्य-असामान्य घटनाओं को ध्यान में रखते हुए आखिरकार केंद्र सरकार ने एक दफे फिर पुरानी टोल्स नीतियों में बदलाव करते हुए नए फास्टैग नियम लागू करने का ऐलान किया है। बदले नियमों को केंद्र सरकार ने 'सुपरफास्ट फास्टैग' बताया है। हालांकि, ये नवीनतम योजना दो महीने बाद यानी आगामी 15 अगस्त से देशभर में अमल आएगी। इसके संबंध में मोटी-मोटी सूचनाएं विभागीय मंत्री नितिन गडकरी ने बीते गुरुवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' के जरिए देशवासियों से साक्षा की। नई नियमों को लेकर लोगों के जेहन में सिर्फ दो सवाल प्रमुखता से उठ रहे हैं। अव्वल, क्या अब टोल टैक्स पर लगने वाली लंबी-लंबी कतारें कम होंगी। वहीं दूसरा, क्या इससे वाहन चालकों को थोड़ी बहुत रियारत मिल पाएगी?


डॉ. रमेश ठाकुर
नई दिल्ली

गौरतलब है कि पिछले वर्ष भी मंत्री नितिन गडकरी ने एक ऐलान किया था कि 60 किमी अंतराल में आने वाले टोल से वसूली नहीं की जाएगी। लेकिन अफसोस वह योजना सिरे नहीं चढ़ पाई। कम दूरी वाले किसी टोल को बंद नहीं किया गया, आज भी टोल्स पर वसूली बदस्तूर जारी है। ज्यादातर पुराने टोल की दूरी 60 किमी से काफी कम हैं। 30-40 किमी की दूरी में ही बने हैं। विगत सालों पहले सरकार ने टोल से नगद वसूली के नियमों को बदलकर जब से फास्टैग योजना को लागू किया था, तब से उसकी आमदनी में चार चांद लग गए। दरअसल, फास्टैग एक इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह प्रणाली है, जिसे एनएचएआई लीड करती है।

फास्टैग से टोल वसूली का पैसा धीरे सरकार के खजाने में जाता है। फास्टैग रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन तकनीक से उपयोग होती है, जिससे ग्राहक टोल भुगतान सीधे प्रीपेड या बचत खाते से आसानी से करते हैं। वित्तीय वर्ष-2024 में भारत भर में राष्ट्रीय राजमार्गों पर टोल संग्रह राजस्व का मूल्य 648 बिलियन भारतीय रुपए से अधिक रहा। यही कारण है कि सरकार इस सब्जेक्ट को इतनी गंभीरता से लेकर चल रही है। सरकार का मकसद है कि नए नियमों का फायदा ग्राहकों को भी हो और उनकी आमदनी में भी इजाफा हो?

केंद्र सरकार राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम-1956 और शुल्क नियम-2008 के तहत टोल प्लाजा के माध्यम से शुल्क वसूलती है। नियमों में बदलाव पहले भी कई मर्तबा किए गए। पर, बीते एकाध दशक से टोल वसूली में बेहताशा इजाफा हुआ। जिसे कम करने का आमजन का भारी दबाव सरकार पर है। आम लोगों को मिलने वाली किफायत की जहां तक बात है, तो नई पॉलिसी फिलहाल निजी वाहनों पर लागू होगी। तीन हजार रुपए का वैध वार्षिक पास बनवाने के बाद ग्राहक साल




भर की अवधि में 200 टोल टैक्स क्रॉस कर सकेंगे। ये पास मौजूदा फास्टैग में ही संचालित होगा, नया बनवाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

हालांकि, इसमें पेंच एक फंसाया गया है। योजना सिर्फ भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) और विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्गों में प्रयोग होगी। राज्य स्तरीय मार्गो-सड़कों, निकाय और नगर निगम की अधिकृत सड़कों को इससे नहीं जोड़ा गया है। योजना से ग्राहकों को जो फायदा होगा, वह ये है कि अभी तक अमूमन प्रत्येक एनएचएआई टोल टैक्स पर भुगतान करने की कीमत 50 रु से लेकर 200 रुपए के बीच होती है। लेकिन 3 हजारी वैध पास के बाद मात्र 15 रूपए ही प्रत्येक टोल पर वसूले जाएंगे। ये फायदा निजी वाहन चालकों को सीधे तौर होगा।

योजना की एक अच्छी बात ये है। चालक अगर साल में 200 टोल्स को क्रॉस नहीं करता है, तो उसकी वैधता अगले वर्ष भी जारी रहेगी। राष्ट्रीय राजमार्गों पर रोजाना और नियमित चलने वालों के लिए 'सुपरफास्ट फास्टैग' योजना निश्चित रूप से कारगर साबित होने वाली है। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय पर बीते कुछ वर्षों से टोल प्लाजा पर ट्रैफिक को कम करने का भारी प्रेसर पड़ा है। प्रत्येक दिन कहीं न कहीं मारपीट की घटनाएं रिपोर्ट होती रही हैं। इन सभी से छुटकारा पाने के लिए केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने इस योजना को लागू किया। भारत में राष्ट्रीय राजमार्गों का विशाल नेटवर्क बिछ चुका है। वर्ष-2014 तक राष्ट्रीय राजमार्गों की कुल लंबाई 91,287 किलोमीटर थी, जो अब बढ़कर 1,46,195 किलोमीटर हो चुकी है।

अगले 10 सालों में राजमार्गों की लंबाई डेढ़ गुनी तक बढ़ने की संभावनाएं हैं और उसमें नए टोल भी जुड़ेंगे। आंकड़ों के मुताबिक हिंदुस्तान में करीब 1,063 टोल प्लाजा हैं जिनमें 457 टोल प्लाजा का निर्माण वर्ष 2025 में किया गया। टोल नीति केंद्र सरकार की वह इकाई है जो सबसे बड़ी कमाउ है। नई 'सुपरफास्ट फास्टैग' नीति से भी उसे ढेरों उम्मीदें हैं। टोल पॉलिसी को केंद्र सरकार राजस्व वसूली का सबसे बड़ा जनरेटर मानती ही है, तभी इसमें नित नए नियमों को जोड़ती चली जा रही है। मात्र दिल्ली-मुंबई मार्ग पर एनएच-48 के वडोदरा-भरूच खंड पर स्थित टोल प्लाजा ने पिछले 5 पांच सालों में 400 करोड़ रुपए से ज्यादा कमाकर दिए हैं। सरकार को सुविधाओं पर भी ध्यान देना होगा। निर्बाध और सुगम सड़क यात्राओं की इच्छाएं सभी में हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना*
05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharayodhya@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

# दैनिक जीवन में अपनाएं योग, दूर भगाएं रोग

## 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जन सहभागिता के साथ अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों ने भी किया योग


योग दिवस पर इंदिरा स्टेडियम में योगा करते लोग। अमृत विचार



सरस्वती शिशु मंदिर में योग के लिए एकत्र लोग। अमृत विचार

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जिले में जगह-जगह कार्यक्रमों का आयोजन कर योग व प्राणायाम का अभ्यास कराया गया और उससे होने वाले लाभों को बताया गया। इसी क्रम में इंदिरा स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में हजारों की संख्या में सरकारी अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, वृद्धजनों व युवाओं और बच्चों ने योग किया।

इस दौरान विधान परिषद सदस्य डॉ प्रज्ञा त्रिपाठी ने कहा कि आज पूरा विश्व अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मना रहा है। योग का अर्थ है जोड़ना, ये हर व्यक्ति के लिए आवश्यक है। चाहे वो किसी भी आयु का हो, सबको योग करना चाहिये। कहा बदलती लाइफ स्टाइल में योग बेहद जरूरी हो जाता है। योग को अपने जीवन में शामिल करें।

### योग सिर्फ व्यायाम नहीं, जीवन जीने की एक स्वस्थ पद्धति

**विशेश्वरगंज (बहराइच)।** ग्राम सभा बड़ागांव स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय यूपीस में विद्यालय की प्रधानाध्यापक रीता कुमारी और अनुदेशक ज्योति सिंह ने छात्र-छात्राओं के साथ मिलकर सामूहिक योगाभ्यास किया। कार्यक्रम की शुरुआत सूर्य नमस्कार और प्रार्थना से हुई, जिसके बाद ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, भुजंगासन और अनुलोम-विलोम का अभ्यास कराया गया। उन्होंने कहा कि योग सिर्फ व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक स्वस्थ पद्धति है, जो मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को संतुलित रखता है। अनुदेशक ज्योति सिंह ने भी बच्चों को नियमित योग करने की सलाह दी और बताया कि इससे पढ़ाई में एकाग्रता बढ़ती है और शरीर मजबूत होता है।


योग करते छात्र - छात्राएं एवं शिक्षक। अमृत विचार

### एनसीसी कैडेट ने संयुक्त रूप से किया प्रतिभाग

किसान महाविद्यालय बहराइच में एनसीसी कैडेट्स के द्वारा बृहद योग अभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया एनसीसी द्वारा आयोजित योग दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सुरेश्वर सिंह विधायक महसी महाविद्यालय के प्रबंधक एस पी सिंह, महाविद्यालय के अध्यक्ष संजीव सिंह, कार्यालय अधीक्षक राजवंत सिंह, योग दिवस के कार्यक्रम के संयोजक पंकज सिंह अन्य सिविल स्टाफ, शिक्षक एवं 512 एनसीसी कैडेट व NCC अधिकारी लेफ्टिनेंट सूर्यभान रावत, लेफ्टिनेंट देवशरण, थर्ड अफसर रामेंद्र मिश्रा उपस्थित रहे योग दिवस के अवसर पर किसान महाविद्यालय बहराइच, महाराज सिंह इंटर कॉलेज बहराइच, राजकीय इंटर कॉलेज बहराइच के एनसीसी कैडेट ने संयुक्त रूप से प्रतिभाग किया।

### योग कर निरोगी रहने की दी सलाह

**पयागपुर (बहराइच)।** शनिवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर तहसील पयागपुर, नगर पंचायत कार्यालय, थाना परिसर, परिषदीय विद्यालयों के साथ ही महाविद्यालय पर योग के कार्यक्रम हुए। तहसील परिसर में विधायक सुभाष त्रिपाठी, उपजिलाधिकारी राकेश कुमार मौर्य, तहसीलदार रविकांत द्विवेदी, बनवारी देवी इंटर कॉलेज पर प्रमुख प्रतिनिधि समय प्रसाद मिश्रा, थाना परिसर में थानाध्यक्ष करुणाकर पांडेय, नगर पंचायत कार्यालय में कौशल त्रिपाठी ने योग कर लोगों को निरोगी जीवन के लिए योग करने की सलाह दी। विधायक सुभाष त्रिपाठी ने कहा कि योग करने से हमारा शरीर स्वस्थ रहता है। प्रमुख प्रतिनिधि समय प्रसाद मिश्र ने लोगों को प्रतिदिन योग करने की सलाह दी। इस अवसर पर उप निरीक्षक दिनकर शुक्ला, शिक्षक सुधीर मिश्रा, प्रदीप पाण्डेय, अजय श्रीवास्तव, राजेन्द्र नाथ शर्मा, सभासद प्रतिनिधि पिंटू सिंह, मुकेश शर्मा, सत्यम तिवारी, युवा नेता दानेंद्र शर्मा, लिपिक सत्यपाल यादव, कौशल त्रिपाठी, अभिषेक मिश्रा, योग प्रशिक्षक ज्ञान प्रकाश शुक्ला आदि ने भाग लिया।


तहसील परिसर में योग करते ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि समय प्रसाद मिश्र व अन्य।

### योगाभ्यास के साथ की सफाई और पौधरोपण

**रूपईडीहा (बहराइच)।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर रूपईडीहा क्षेत्र में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सरस्वती विद्या मंदिर में चेयरमैन डॉ. उमाशंकर वैश्य एवं डॉ. अश्विनी वैश्य के संयोजन में हुए कार्यक्रम में योग के महत्व को बताते हुए वक्ताओं ने दैनिक जीवन में योग को अपनाने का संदेश दिया। इस दौरान भाजपा के पूर्व अध्यक्ष अजय मिश्रा, विजय कुमार सिंह, भीमसेन मिश्रा, दिनेश अग्रवाल, रतन अग्रवाल, संजय वर्मा, ए टू जेड अंकल, संघ प्रचारक सर्वेश, कन्हैया वर्मा, रुपईडीहा पत्रकार संघ संरक्षक शेर सिंह कसौधन रतन अग्रवाल राजकुमार शर्मा, तेज प्रताप वर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष महाराज दीन वर्मा, अनुज सिंह, सभासद राजकुमार गुप्ता, पवन अग्रवाल, ब्रजेश श्रीवास्तव, संदीप सोनी आदि उपस्थित रहे। वन विभाग के रूपईडीहा रेंज में भी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' थीम के अंतर्गत मनाया गया। क्षेत्रीय वन रेंज अधिकारी अतुल श्रीवास्तव के नेतृत्व में उप क्षेत्रीय वन अधिकारी विनय कुमार, राना वन दरोगा अरशद खान, हरिओम गौतम, अनंतराम, विमल कुमार, वनरक्षक ब्रह्म देव, रविकांत एवं समस्त स्टाफ ने योगाभ्यास किया। इसके साथ ही परिसर में स्वच्छता अभियान एवं पौधरोपण भी किया गया। अंत में प्रतिभागियों ने योग को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का संकल्प लिया।

# महसी तहसील में हुआ संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

महसी, बहराइच

**अमृत विचार।** जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण की श्रंखला में उप जिलाधिकारी महसी आलोक प्रसाद की अध्यक्षता में तहसील संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न हुआ, तहसील सभागार में आयोजित कार्यक्रम में फ़रियादियों द्वारा विभिन्न विभागों से कुल 49 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 4 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

इसी कड़ी में रमपता पत्नी बाबूराम चौहान निवासी उदवापुर ने शिकायती पत्र देकर कहा कि 10 वर्ष पूर्व सालिक राम से बैनामा ली गयी जमीन पर विपक्षी राम खेलावन ने मड़हा रख लिया है और बगल में गड्ढा खोद कर मछली पालन कर रहा है, मना करने पर फावड़ा से सर काट लेने की धमकी दे रहा है। थाना देहात कोतवाली के ग्राम पंचायत यादवपुर के लोधन गोलवा गांव निवासी सुसमा पत्नी अवधेश कुमार व अब्दुल कलाम ने शिकायती पत्र के माध्यम से बताया कि महमूद फार्म के निकट मौजूदा ग्राम प्रधान के संकेत पर उनके कुछ नातेदारों ने जमीन पर अवैध निर्माण कर लिया है और धमकी दे रहे हैं, शिकायत पर वर्तमान उपजिलाधिकारी के आदेश के बावजूद भी प्रशासनिक अधिकारी उसकी एक बात सुन नहीं रहे हैं जिससे समस्या का समाधान नही हो पा रहा है।



फरियादियों की शिकायतें सुनते उप जिलाधिकारी आलोक प्रसाद।

दाखिला चंदपुईया के डिहुवा निवासी मंगन विहारी ने विपक्षी बाबूलाल पर आरोप लगाया है कि बैनामा ली गयी जमीन पर वह दीवार नहीं उठाने दे रहे हैं, समाधान हेतु सी ओ महसी डी के श्रीवास्तव ने सहायक चौकी प्रभारी तहसील मुख्यालय को दे दिया है, उपजिलाधिकारी श्री प्रसाद ने समस्त शिकायतों को गुणवक्ता पूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण के निर्देश संबंधित कर्मियों को दिए, इस दौरान महसी पुलिस क्षेत्राधिकारी डी के श्रीवास्तव, खंड विकास अधिकारी महसी हेमंत कुमार यादव, नवागत नायब तहसीलदार अनिल प्रकाश शुक्ल, राजस्व निरीक्षक महसी विवेक कुमार वर्मा, राजेश कुमार श्रीवास्तव, सी डी पी ओ महसी शीमा इसराइल, एस आई हरदी राजेश सिंह, बौड़ी से हुवराज सिंह, राम गांव से बैजनाथ यादव, देहात कोतवाली से शिवदास गोड़, खैरीघाट से इंद्रेश कुमार गौड़, पूर्ति निरीक्षक महसी रंजीत कनौजिया, आदि लोग उपस्थित रहे।

### 212 प्रार्थना पत्र आए 24 का हुआ निस्तारण

**बहराइच, अमृत विचार।** जिले के विभिन्न तहसीलों में आज शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया इस अवसर पर कल 212 प्रार्थना पत्र आए जिनमें 24 का मौके पर निस्तारण किया गया सदर तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता जिला अधिकारी मोनिका रानी ने की। तहसील सदर बहराइच में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह, उप जिलाधिकारी सदर श्रीमती पूजा चौधरी, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर पहुप सिंह, जिला विकास अधिकारी राज कुमार व अन्य अधिकारियों के साथ आए हुए फरियादियों के समस्याओं की गंभीरता पूर्वक सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिए। डीएम ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पूरी संवेदनशीलता के साथ जनसमस्याओं का निस्तारण करते हुए गरीब व पीड़ित व्यक्तियों को तत्काल न्याय दिलाये तथा जनसुनवाई में आने वाले सभी गरीब, ज़रूरतमन्द तथा असहाय लोगों की हर संभव मदद की जाय।

### बार एसोसिएशन ने किया न्यायमूर्ति ओ पी शुक्ल का स्वागत

**बहराइच, अमृत विचार।** जिला बार एसोसिएशन के संघ भवन में न्यायमूर्ति ओ. पी. शुक्ल का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बार एसोसिएशन अध्यक्ष रामजी बाजपेयी एडवोकेट ने की। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री बाल कृष्ण मिश्र एडवोकेट ने किया। सम्मान समारोह में जनपद न्यायाधीश सत्येन्द्र कुमार व जनपद न्यायाधीश बलरामपुर उत्कर्ष चतुर्वेदी विशिष्ठ अतिथि के रुप में मौजूद रहे। सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि तत्पश्चात मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति श्री शुक्ल का पूर्व अध्यक्ष व पूर्व महामंत्री द्वारा माल्यार्पण किया गया। जिला बार एसोसियेशन के समस्त सदस्यो की ओर से अध्यक्ष रामजी बाजपेयी व महामंत्री बाल कृष्ण मिश्र द्वारा स्मृति चिहन व अंग वस्त्र भेंट किया गया।

## सार-संक्षेप

### अनुपस्थित अधिकारियों पर डीएम सख्त, रोका गया वेतन

**बहराइच, अमृत विचार।** आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए तहसील सदर बहराइच में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में पहुंचने पर डीएम ने जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति का जायज़ा लिया। जिस पर पाया कि पूर्वान्ह 11:00 बजे तक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, अधि.अभि. लो.नि.वि. प्रा.ख., अधि.अभि. विद्युत वितरण खण्ड बहराइच, उप निदेशक कृषि, जिला कृषि अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं परियोजना अधिकारी डूडा सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित नहीं हुए थे। इस स्थिति का कड़ा संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों का वेतन रोकने के निर्देश दिये हैं।

### मार्ग दुर्घटना में युवक की मौके पर मौत

**कैसरगंज, अमृत विचार।** थाना कैसरगंज अंतर्गत लखनऊ बहराइच राजमार्ग स्थित अपेक्स इंटरनेशनल स्कूल के निकट बस ने मोटरसाइकिल स्वर को पीछे से टक्कर मार दी जिसमें मोटरसाइकिल सवार को बस रगड़ते हुए 50 मीटर दूर खींच ले गईजिसमें मोटरसाइकिल सवार की मौके पर मौत हो गई प्राप्त जानकारी के अनुसार जरवल कस्बा से कैसरगंज आ रही मोटरसाइकिल पर बैठे तीन व्यक्ति को पीछे से अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे मोटरसाइकिल पर सवार मोहम्मद नादिर पुत्र अब्दुल कादिर उम्र लगभग 40 वर्ष निवासी रुकनापुर खुर्द थाना फखरपुर की मौके पर मौत हो गई जबकि पीछे बैठे आसिफ पुत्र सरफुद्दीन और सुफियान पुत्र सिराजुद्दीन निवासी रुकनापुर खुर्द थाना फखरपुरगंभीर रूप से घायल हो गए स्थानीय लोगों की मदद से गंभीर रूप से घायल आसिफपुत्र सरफुद्दीन को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कैसरगंज लाया गया जहां हालत गंभीर होने पर जिला चिकित्सालय रेफर कर दियाघटना की सूचना पाते ही थाना प्रभारी कैसरगंज दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया घटना करने वाला वाहन मौके से फरार हो गया।

### राशन लेने जा रहे बालक की तालाब में डूबने से मौत

**बहराइच।** देवरा गांव निवासी 15 वर्षीय अशोक कुमार पुत्र ननकू कोलिक गांव के थोड़ा दूर स्थित अन्नपूर्णा भवन जा रहा था। अन्नपूर्णा भवन पर खदान का वितरण चल रहा था। उसे भी परिजनों ने अनाज लाने के लिए कहा था रास्ते में ताला पड़ता है और उसी के किनारे से वह गुजरा अचानक पैर फिसल कर तालाब में गिर गया। जिससे डूब कर उसकी मौत हो गई है जानकारी मिलने पर परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे। पुलिस को सूचना दी। पुलिस और तहसीलदार भी घटना स्थल पर पहुंच गए।

### आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने कार्य बहिष्कार कर दिया धरना

**बहराइच, अमृत विचार।** कैसरगंज ब्लॉक सभागार में अखिल भारतीय आंगनबाड़ी कर्मचारी महासभा के बैनर तले गोपीनाथ मिश्रा प्रदेश उपाध्यक्ष के नेतृत्व में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन व कार्य का बहिष्कार कर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा गया। धरने को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष गोपीनाथ मिश्रा का सरकार मुगल शासन की तर्ज पर आज भी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से कार्य लेने पर उतारू है। बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग में कार्यरत आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों से विभाग के कार्यों के अलावा स्वास्थ्य विभाग टीका करण, बीएलओ चुनाव ड्यूटी व अन्य कामों में भी बिना पारिश्रमिक दिए काम लिया जाता है और मानदेय के नाम पर इस भीषण महंगाई में मात्र 4500 रुपए ही दिया जाता है। इस मौके पर ओपी सिंह प्रदेश अध्यक्ष रेखा सिंह पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मौलाना खालिद, जिला संरक्षण वेदमित्र चौधरी, महामंत्री गुड़िया गौतम, जिला अध्यक्ष नीतू, ब्लॉक अध्यक्ष कैसरगंज शशिकांत सिंह, जय नारायण, सुमन, कृष्णावती, कुसुम वर्मा, निमिशरण रावत, पुष्पा, नीलम बेबी आदि तमाम कार्यकत्रियां मौजूद रहे।

### एसएससी जीडी में चयनित युवक की सड़क दुर्घटना में मौत

**अमृत विचार पयागपुर बहराइच:** हुजूरपुर थान्तर्गत क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव डीहा, हमीरपुर छिदकुरी निवासी करण सिंह (उम्र 19 वर्ष) पुत्र मनोज सिंह की आज सुबह सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। यह हृदयविदारक हादसा हमीरपुर छिदकुरी मोड़, लालपुर ऐमा चौराहा के निकट उस समय हुआ जब वह सुबह चार बजे दौड़ (रनिंग) प्रैक्टिस के लिए निकले थे। करण सिंह का हाल ही में एसएससी जीडी (केंद्रीय सुरक्षाबल में भर्ती) में चयन हुआ था और वह आगामी ट्रेनिंग के लिए अपनी शारीरिक तैयारी में जुटा हुआ था। लेकिन शनिवार की सुबह, एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। वाहन चालक दुर्घटना के बाद फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सीडीपीओ ने आठ आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का वेतन रोका

बहराइच, अमृत विचार। बाल विकास परियोजना अधिकारी नगर ने शासकीय कार्यों में उदासीनता बरतने वाली 08 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का माह जून का वेतन रोक दिया है। सीडीपीओ ने बताया कि वर्तमान समय में शासन एवं जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुसार नगर क्षेत्र में आंगनबाड़ी केंद्र के पंजीकृत लाभार्थी की केवाइसी और फेस एथेंटीफिकेशन की प्रक्रिया चल रही है। इसमें लापरवाही एवं प्रगति शून्य मिलने पर आठ आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का जून माह 2025 का मानदेय रोक दिया गया है। उन्होंने बताया कि शहर के ब्राह्मणीपुरा वार्ड की विनीता जायसवाल, चांदमारी की प्रेम कुमारी, हमजापुरा की ऊषा शर्मा व ऊषा जायसवाल, चिक्कीपुरा की पुष्पा, कानूनगोपुरा दक्षिणी की युगल किशोरी और छावनी की कौसर जहां का मानदेय रोक दिया है। इन कार्यकत्रियों को तीन दिवस में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए गए है। यदि कार्य पूरा नहीं होता तो 50 प्रतिशत से कम प्रगति वाली कार्यकत्रियों पर अग्रिम विभागीय कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी।

**▸▸ तीन दिन में कार्य पूरा न करने पर विभागीय कार्यवाही की चेतावनी**

### नदी के किनारे मिले घड़ियाल के ढाई दर्जन नवजात

**बहराइच, अमृत विचार।** मिहींपुरवा विकासखंड के उर्रा बाजार के पास से गुजर रही नदी से कुछ दूरी पर झाड़ी में शनिवार की सुबह घड़ियाल के करीब ढाई दर्जन नवजात शिशु मिले हैं। ग्रामीण ने जब घड़ियाल के नवजात शिशुओं को देखा तो इसकी सूचना वन विभाग को दी। वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी घड़ियाल के नवजात शिशुओ का रेस्क्यू करने में जुट गए हैं। कतर्नियाघाट वन्य जीव विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि हो सकता है नदी में मादा मगरमच्छ निवास करती हो और बाहर निकल कर झाड़ी में उसने अंडे दे दिए हों। फिलहाल इन्हें संरक्षित किया जा रहा है और गेरुआ नदी में छोड़ने की तैयारी की जा रही है।

# इसराइल में फंसे श्रमिकों को वापस लाने की मांग

**▸▸ इसराइल-यूक्रेन के युद्ध के बाद यूपी से बड़े पैमाने पर भेजे गए थे श्रमिक**

**संवाददाता, बहराइच, अमृत विचार।** इसराइल और ईरान के बीच चल रहा युद्ध लगातार भीषण रूप लेता जा रहा है। दोनों देश रोजाना एक दूसरे पर हमला तेज करते जा रहे हैं। इन दोनों देशों के रहने वाले नागरिकों के अलावा बड़े पैमाने पर भारत से पहुंचे श्रमिक इस जंग के बीच फंसे हुए हैं। लगातार हमलों की सूचना से परिवार के लोग काफी चिंता में है। परिजनों ने भारत सरकार से सभी को सुरक्षित वापस लाने की मांग की है।

मोतीपुर थाना के मिहींपुरवा क्षेत्र के करीब डेढ़ सौ से अधिक श्रमिक रोजगार के लिए करीब एक वर्ष पूर्व इसराइल भेजे गए थे। इजरायल की मांग पर केंद्र सरकार की ओर से विभिन्न जनपदों से श्रमिकों को भेजा गया था। इसके लिए जनपद के 400 से अधिक श्रमिकों ने श्रम विभाग में पंजीकरण करवाया था। आवदेन करने वाले श्रमिकों का लखनऊ के अलीगंज स्थित आईटीआई में 23 जनवरी 2024 से प्रशिक्षण शुरू हुआ था जिसमें पूरे प्रदेश के पांच हजार से अधिक श्रमिक शामिल हुए थे। श्रमिकों की दक्षता परीक्षा इजराइल और लखनऊ के अधिकारियों ने ली थी जिसमें 120 श्रमिकों का चयन इजराइल के लिए हुआ था। कमलावती ने बताया कि उनके पति गोपाल को इजरायल भेजा गया था। उसने अपने पति की सुरक्षित वापसी की मांग की है। लालू प्रसाद ने बताया कि उनके दो बेटे संजय कुमार व संदीप कुमार एक साल पहले इजरायल भेजे गए थे। उन्होंने भी अपने बेटों की सुरक्षित वापसी की मांग सरकार से की है। सहायक श्रम आयुक्त सिद्धार्थ मोदियानी ने बताया कि श्रमिकों को वापस लाने के लिए अभी तक कोई निर्देश नहीं मिले हैं। इस मामले में जो कुछ भी होगा एक्सटर्नल अफेयर मिनिस्टर व एंबेसी द्वारा फैसला लिया जाएगा। हमारे मुख्यालय से भी अभी तक कोई निर्देश नहीं मिले हैं।

### जेसीबी मशीन से की नाला सफाई, बीडीओ ने कार्य को श्रमदान घोषित किया

**खैरीघाट (बहराइच)।** शिवपुर ब्लाक क्षेत्र के बेतनिहा ग्राम पंचायत में मनरेगा योजना में जेसीबी मशीन से कार्य कराने का मामला सामने आया। स्थानीय लोगों ने इसका वीडियो बनाकर खंड विकास अधिकारी को भेजकर कार्यवाही किये जाने की मांग की। बीडीओ ने इस शिकायत को संज्ञान में लेते हुए किये गये कार्य को श्रमदान घोषित कर दिया। स्थानीय लोगों ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा है कि गांव के श्रमिकों को काम पर न लगाकर जेसीबी मशीन से कार्य करवाया जाता है। मनरेगा में फर्जीवाड़ा कर जिम्मेदार सरकारी धन की लूट कर रहे हैं। खंड विकास अधिकारी अनुष्का श्रीवास्तव ने बताया है कि जिस कार्य पर जेसीबी मशीन चलाने का मामला सामने आया है। उस कार्य को श्रमदान घोषित कर दिया गया है।

## वर्ग पहेली-9

**बाएं से दाएं**

2. 1. अघ अथवा पाप करने वाला 2. पातकी, पापी।

3. 1. (संगीत) अपने नियत स्वर या सुर से हटा हुआ 2. (व्यक्ति) जो सही स्वर में न गाता हो 3. ठीक समय पर न होने वाला, बेमौका।

4. 1. अतिशय रूप देने की क्रिया 2. बढ़ा-चढ़ाकर दिया गया स्पष्टीकरण 3. परम अधिकता का भाव।

6. किसी अन्य की बराबरी करने की इच्छा

8. 1. वह भूमि जिसपर सरकार का अधिकार हो, सरकारी ज़मीन 2. ऊपर से नीचे गिरने या उतरने की क्रिया या भाव 3. सामने उपस्थित होना 4. नजला नामक रोग जिसमें नाक बहती है।

9. 1. फ़सल की कटाई 2. कटे हुए फ़सल के डंठल का मुट्ठा 3. बछिया।

**ऊपर से नीचे**


1. कामदेव, मदन।

2. योगसाधना में सहस्रदल कमल के मध्य स्थित चंद्रबिंदु की प्रेरणा से होने वाला एक प्रकार का स्राव जिसे अमृत

4. 1. वह जो आगे बढ़कर अगवानी या स्वागत करता है 2. अगवानी 3. (परंपरा) कन्या पक्ष के वे लोग जो आगे बढ़कर बरात का स्वागत करते हैं।

5. 1. कृपालु, दयालु 2. करम करने वाला 3. उदार, नेक, क्षमाशील।

7. 1. लंबी विलायती घास जो मैदानों में लगाई जाती है 2. ब्रिटेन में प्रचलित एक प्रकार का सोने का सिक्का जो इक्कीस शिलिंग का होता है।




### वर्ग पहेली -8 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 जा | |
| | 2 दि | | 3 अं | ज | न | क |
| | 4 वां | टे | ड | | का | |
| 5 पो | ध | | बं | | री | |
| | | 6 कं | ड | रा | | 7 सो |
| 8 मू | | गा | | | | ह |
| ढ़ी | | ली | | 9 बु | न | ना |

## सुडोकू -16

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 7 | 8 | | 6 | | | |
| | 1 | | 4 | | | | | 9 |
| | | | | 3 | | | | 5 |
| 9 | | 5 | | 2 | | | 8 | |
| | | | | | | | | |
| | 6 | | | 1 | | 3 | | 4 |
| 2 | | | 9 | 6 | | | | 7 |
| 4 | | 6 | | | 3 | | 1 | |
| | | | | | 5 | 6 | | |

### सुडोकू - 15 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 9 | 7 | 3 | 1 | 2 | 8 | 5 |
| 5 | 3 | 2 | 6 | 8 | 4 | 7 | 9 | 1 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 2 | 5 | 4 | 6 | 3 |
| 1 | 4 | 5 | 3 | 7 | 8 | 9 | 2 | 6 |
| 7 | 2 | 8 | 1 | 9 | 6 | 5 | 3 | 4 |
| 6 | 9 | 3 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 | 7 |
| 9 | 1 | 6 | 8 | 4 | 7 | 3 | 5 | 2 |
| 3 | 5 | 7 | 2 | 6 | 9 | 1 | 4 | 8 |
| 2 | 8 | 4 | 5 | 1 | 3 | 6 | 7 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति: 22 जून, रविवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, द्वादशी- 23 जून 01.21 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पश्चिम। **ऋतु**- ग्रीष्म।

चन्द्रबल-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुम्भ।

ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।

नक्षत्र-भरणी 05.38 तक तत्पश्चात कृतिका।

**मेष** — आज कार्यक्षेत्र में आपकी सराहना होगी। अनुसंधान संबंधी प्रोजेक्ट्स से जुड़े हुए लोगों को बड़ी सफलता मिल सकती है। आज आप परिवार को पर्याप्त समय देंगे। छोटे कारोबारियों की आय में वृद्धि होगी। धार्मिक कार्यकलापों में आपकी रुचि बढ़ेगी।

**वृष** — आज घर में किसी बात के कारण आपके ऊपर दबाव बन सकता है। किसी अपने के व्यवहार से आपका हृदय व्यथित हो सकता है। अपने शत्रुओं को कमजोर समझने की गलती न करें। छात्र अपने करियर को लेकर थोड़े भ्रमित हो सकते हैं।

**मिथुन** — आज जॉब में स्थान-परिवर्तन करने के लिए दिन शुभ है। नई पॉलिसी में धन निवेश कर सकते हैं। वैवाहिक जीवन प्रेम और रोमांस से भरपूर रहने वाला है। होटल और पर्यटन से जुड़े कारोबार में आय काफी तेजी से बढ़ने की सम्भावना है। घर में मेहमानों का आगमन हो सकता है।

**कर्क** — आज आप अपने सहकर्मियों और विरोधियों के ऊपर काफी हावी रहेंगे। कई दिनों से चला आ रहा तनाव आज दूर होगा। समाज में आपका काफी सम्मान बढ़ने वाला है। परिजनों के साथ शॉपिंग के लिए जा सकते हैं। कारोबार में नये सहयोगी जुड़ सकते हैं।

**सिंह** — आज आपके सुझावों से लोगों को काफी अच्छा लाभ होगा। शत्रु आपका मनोबल तोड़ने का प्रयास करेंगे पर सफल नहीं होंगे। अध्यात्मिक विषयों और दर्शन को लेकर उत्साहित रहेंगे। उच्च अधिकारियों के लिये आज का दिन शान्तिदायक हो सकता है।

**कन्या** — आज शुगर के रोगियों को तनाव और अत्यधिक मेहनत वाले कार्यों से बचना चाहिए। आपको अपनी छवि की काफी चिंता रहेगी। यात्रा अत्यन्त खर्चीली और उदासीन हो सकती है। अपनी कमजोरियों पर पर्दा न डालें। कार्यक्षेत्र में आपकी इच्छानुसार काम होंगे।

**तुला** — आज आप अपने लक्ष्य को लेकर काफी सक्रिय रहेंगे। वैवाहिक जीवन की उथल-पुथल शांत हो सकती है। शुभचिंतक आपको अच्छी सलाह देने का प्रयास करेंगे। कारोबार में विस्तार करने के लिए अच्छा समय है। प्रेम संबंधों में परस्पर विश्वास और मजबूती बढ़ेगी।

**वृश्चिक** — आज परिजनों के साथ आप अच्छा समय बितायेंगे। अति आत्मविश्वासी रवैये से आपको बचना चाहिए। आपके ऊपर जिम्मेदारियों का दबाव बढ़ेगा। लेकिन आप सब आसानी से संभाल लेंगे। विरोधी आपके हितैषियों से आलोचना कर सकते हैं।

**धनु** — आज कार्यक्षेत्र में अचानक धन लाभ हो सकता है। संतान के करियर की चिन्ता दूर होगी। आज आप दोस्तों के साथ अच्छा समय बितायेंगे। रचनात्मक विचारों के कारण लोगों के बीच आपकी लोकप्रियता में वृद्धि हो सकती है। साझेदारों के साथ मतभेद दूर होंगे।

**मकर** — आज संपत्ति के क्रय-विक्रय को लेकर विवाद हो सकता है। धन को लेकर किसी से वादा न करें। यदि काम पर आप एकाग्र नहीं हो पा रहे हैं तो आपको कुछ नया सीखने का प्रयास करना चाहिए। अपने निजी कार्य दूसरों के विश्वास में न छोड़ें।

**कुंभ** — आज आपकी आर्थिक स्थिति काफी अच्छी रहेगी। यदि आप जॉब बदलना चाह रहे हैं तो दिन विशेष रूप से अनुकूल है। व्यवसाय में बड़े ऑर्डर मिल सकते हैं। निजी संबंधों की समस्या को सुलझा लेंगे। जीवनसाथी के साथ घूमने जा सकते हैं।

**मीन** — आज अधीनस्थ कर्मचारियों के कारण आपके काम में कुछ परेशानियां आ सकती हैं। अपरिचित लोगों से अपनी निजी बातें शेयर न करें। आप अपनी ही बातों में उलझ जाते हैं। इसीलिए शब्दचयन में विशेष सावधानी रखें। काम समय पर होने के कारण आपका मनोबल बढ़ा हुआ रहेगा।

# गैंगस्टर एक्ट के मामले में सात साल बाद बहस पूरी, 27 को होगा फैसला

## बल्दीराय थानाक्षेत्र में 7 वर्ष पूर्व दर्ज हुए गैंगस्टर एक्ट से जुड़ा मामला

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** जनपद के बहुचर्चित गैंगस्टर एक्ट मामले में सात वर्षों बाद बहस की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट राकेश पांडेय की अदालत अब इस संवेदनशील मुकदमे में 27 जून को अपना फैसला सुनाएगी। मामले में आरोपित बल्दीराय निवासी मोहर्रम अली और कसीर की किस्मत का फैसला इसी दिन तय होगा।

शासकीय अधिवक्ता सुशील सिंह के मुताबिक 20 जून 2018 को बल्दीराय थाने के तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक कमल सिंह द्वारा दोनों आरोपियों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज कराया गया था। पुलिस की रिपोर्ट के मुताबिक मोहर्रम अली और कसीर गोकशी के अवैध कारोबार में लंबे समय से लिप्त थे। गिरफ्तारी के समय पुलिस ने इनके पास से अवैध तमंचा, खोखा कारतूस, लोहे का बांका, 50 किलोग्राम गोमांस, एक छूरी और तराजू बरामद किया था।

पुलिस ने तफ्तीश पूरी कर दो अगस्त 2018 को आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया, जिस पर 24 अक्टूबर 2018 को संज्ञान लेते हुए अदालत ने सुनवाई आरंभ की। दोनो आरोपियों पर आरोप तय करने के बाद विचारण शुरू हुआ। अभियोजन पक्ष ने इस मामले में साक्ष्य के रूप में आठ गवाहों को कोर्ट में प्रस्तुत किया। वर्षों तक चली न्यायिक प्रक्रिया के बाद अब मामला अपने निर्णायक मोड़ पर पहुंच गया है।

### बीएसए कार्यालय में हंगामा और धमकी देने के मामले में दरोगा तलब

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दीपिका चतुर्वेदी के कार्यालय में हंगामा, गाली-गलौज और आत्मदाह की धमकी देने वाले मामले में अभियोजन गवाह विवेचक दरोगा नियाज़ी हुसैन को सीजेएम नवनीत सिंह ने पांच जुलाई को तलब किया है। मामले में बचाव पक्ष के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने बताया कि आरोप है कि 22 फरवरी 2023 को ग्राम बेलामोहन, पोस्ट अभियाकलां, भदैंया निवासी सुरेश प्रताप सिंह बीएसए कार्यालय में पहुंचे और अमर्यादित व्यवहार करने लगे। आरोप है कि उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से अनियमित कार्य करवाने का दबाव बनाया, न मानने पर गाली-गलौज, धमकी और आत्मदाह की बात कही। स्थिति बिगड़ने पर बीएसए ने तत्काल नगर क्षेत्राधिकारी को सूचना दी। बीएसए की शिकायत पर नगर कोतवाली में सुरेश प्रताप सिंह के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। मामला अभियोजन साक्ष्य में विचाराधीन है।


दीवानी न्यायालय में अपने तख्तों पर काम करते अधिवक्तागण। अमृत विचार

### छेड़छाड व दुष्कर्म के प्रयास का केस दर्ज करने का कोर्ट ने दिया आदेश

अमेठी जिले के थाना कमरौली क्षेत्र की एक पीड़िता द्वारा डेढ़ माह पूर्व छेड़छाड, दुष्कर्म के प्रयास और मारपीट के मामले में अदालत में दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए सीजेएम नवनीत सिंह ने थाना अध्यक्ष कमरौली को आरोपी उमर के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है। पीड़िता की ओर से अधिवक्ता शेख नजर अहमद ने न्यायालय में याचिका दायर कर बताया कि बीती 3 मई को दोपहर करीब 2 बजे पीड़िता के पिता नमाज पढ़ने गए थे, तभी आरोपी उमर दुकान पर आया और पीड़िता से छेड़छाड़ करते हुए दुष्कर्म का प्रयास किया। शोर सुनकर लोग जमा हो गए, लेकिन कुछ देर बाद उमर ने फिर आकर पीड़िता को पीटा, जिससे उसका हाथ टूट गया। पुलिस मे सूचना के बाद कारवाई न होने पर पीड़िता ने कोर्ट की शरण ली।

### उसामा हत्याकांड में सुनवाई 30 को

सुलतानपुर, अमृत विचारः कोतवाली नगर थानाक्षेत्र के राहुल चौराहा चिकमंडी गांधीनगर में कक्षा चार के मासूम छात्र उसामा के अपहरण व हत्या के मामले में जिला जज लक्ष्मीकांत शुक्ल के अवकाश पर होने के कारण सुनवाई 30 जून तक टल गई। अभियोजन पक्ष से वादी के वकील अरविंद सिंह राजा के मुताबिक छात्र उसामा को बीते साल 25 नवम्बर को अगवा कर पांच लाख की फिरौती के लिए गला दबाकर आसिफ ने हत्याकांड को अंजाम दिया। मृतक के पिता मोहम्मद शकील ने अज्ञात में केस दर्ज कराया था। पुलिस ने दौरान तफ्तीश आसिफ उर्फ सोनू के साथ ही उसके पिता ताज उर्फ बब्बू , चाचा मोहम्मद सलीम, चाची रिजवाना और बहन शबनम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था । मामले में आरोपियों पर आरोप तय होने के बाद अब अभियोजन गवाह में पत्रावली विचाराधीन है।

### राजस्व टीम पर हमले के आरोप में जेल में निरुद्ध दो आरोपियों की जमानत अर्जी सेशन कोर्ट में दाखिल

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** तहसील गौरीगंज, जनपद अमेठी में एसडीएम प्रीति तिवारी , नायब तहसीलदार और राजस्व टीम पर हुए हमले के मामले में जेल में बंद दो आरोपियों रामकृष्ण मौर्य और उदयभान सिंह ने सत्र न्यायालय में शनिवार को जमानत अर्जी दाखिल की है। प्रभारी जिला जज संतोष कुमार ने सुनवाई के लिए 30 जून की तारीख नियत की है। अभियोजन के मुताबिक 18 अगस्त 2024 को गौरीगंज थाने के माधवपुर कस्बा में चक मार्ग पर अवैध अतिक्रमण हटाने पहुंची राजस्व टीम पर आरोपियों ने लाठी-डंडों और ईंट-पत्थरों से हमला कर दिया था। हमले में उपजिलाधिकारी समेत कई राजस्व कर्मियों को चोटें आई थीं और सरकारी दस्तावेज फाड़े गए थे। साथ ही सरकारी वाहन पर भी हमला किया गया था। प्रकरण में थाना गौरीगंज मे उदयभान सिंह , तेजभान सिंह, मन्नू सिंह समेत कई अजात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया था। पुलिस ने उदयभान सिंह समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

### तलबी आदेश को दी गई सेशन कोर्ट में चुनौती

▸▸ सुनवाई 30 जून को, अधिवक्ता दम्पति व उनके पुत्रों की तलबी से जुड़ा मामला

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** थाना कोतवाली अमेठी क्षेत्र से जुड़े एक आपराधिक मामले में अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा जारी तलबी आदेश को सत्र न्यायालय में चुनौती दी गई है। आरोप है कि विपक्षियों अधिवक्ता दम्पत्ति त्रियुगी नारायण मिश्र व उनके पुत्र शुभम व अनुराग उर्फ प्रिंस ने नुनांवा निवासी परिवादिनी लीलावती के घर में घुसकर मारपीट की, खपरैल तोड़ा और मवेशी खोलकर भगा दिए। परिवादिनी लीलावती द्वारा न्यायालय में दायर परिवाद पर संज्ञान लेते हुए एसीजेएम कोर्ट मजिस्ट्रेट पौमेला श्रीवास्तव बीती 24 अक्टूबर को त्रियुगी नारायण उनके पुत्र आशीष उर्फ शुभम, अनुराग उर्फ प्रिंस और पत्नी माधुरी के विरुद्ध घर पर मे घुसकर मारपीट , व नुकसानी के तहत विचारण हेतु तलब करने का आदेश पारित किया था। इस तलबी आदेश आदेश से व्यथित होकर अधिवक्ता दम्पत्ति ने अधिवक्ता संतोष पांडेय के जरिए सेशन कोर्ट में चुनौती दी है, जिस पर सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट द्वितीय के न्यायाधीश राकेश की अदालत में विचाराधीन है। इस मामले की अगली सुनवाई के लिए 30 जून की तिथि निर्धारित की गई है।

## एक नजर

### टैक्सी स्टैंड की निविदा खुली

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद सुलतानपुर द्वारा टैक्सी स्टैंड एवं ओवरलोडिंग ई-रिक्शा संचालन के लिए शनिवार को निविदा खोली गई। पालिका कार्यालय में पारदर्शी प्रक्रिया के तहत सम्पन्न इस कार्यवाही में कुल तीन फर्मों ने निविदा में भाग लिया। खुले निविदा पत्रों की जांच के बाद शुक्ला इलेक्ट्रिकल्स एंड कंस्ट्रक्शन कंपनी को यह निविदा प्रदान की गई। निविदा प्रक्रिया में पालिका के जिम्मेदार अधिकारी मौजूद रहे। संबंधित टैक्सी स्टैंड और ई-रिक्शा संचालन व्यवस्था को सुव्यवस्थित और सुदृढ़ करने के लिए यह कदम उठाया गया है।

### संदिग्ध हालात में गमछे से लटका मिला युवक का शव

**गोसाईगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के बसौढ़ी गांव में शनिवार को एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक सुरेश निषाद (45) का शव उनके ही घर में गमछे से लटकता मिला, जिससे पूरे गांव में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही टाटियानगर चौकी प्रभारी गुलाबचंद्र पाल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, परंतु सच्चाई पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही सामने आएगी। मृतक छह बच्चों के पिता थे। उनकी पत्नी रीता और चार बेटियों सहित दो बेटों का रो-रोकर बुरा हाल है। पूरे गांव में शोक की लहर व्याप्त है, जबकि पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।

### ग्रामीण बैंक में एंट्री गड़बड़ी से खाताधारक परेशान

**भदैंया, सुलतानपुर, अमृत विचार :** ग्रामीण बैंक की हनुमानगंज शाखा में शनिवार को एक तकनीकी गड़बड़ी ने खाताधारक को असहज स्थिति में डाल दिया। हनुमानगंज निवासी रमेश कुमार गुप्ता ने अपने खाते में 40 हजार रुपये जमा किए, उन्हें जमा पर्ची भी मिल गई, लेकिन घर पहुंचते ही उन्हें डै मिला कि उनके खाते से 40 हजार रुपये निकल गए हैं। हड़बड़ाए रमेश गुप्ता फिर से बैंक पहुंचे और जब कैशियर से जांच कराई, तो पता चला कि तकनीकी कारणों से क्रेडिट की जगह डेबिट एंट्री हो गई थी। शाखा प्रबंधक पूजा रावत ने जानकारी दी कि तत्काल एंट्री को सही कर लिया गया है। घटना के बाद स्थानीय लोगों में जमा पर्ची मिलने के बावजूद निकासी दिखने की यह घटना चर्चा का विषय बनी रही।

# जिले भर में गूंजा 'योग करें रोज़, जीवन बने निरोग' का मंत्र

## पर्यावरण पार्क में हुए आयोजन में प्रभारी मंत्री ओमप्रकाश राजभर रहे मुख्य अतिथि, जिले में करीब 6 हजार लोगों ने एक साथ किया योगाभ्यास

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस शुक्रवार को जिले भर में बड़े उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए थीम पर आधारित इस अवसर पर मुख्य कार्यक्रम जिला मुख्यालय स्थित पर्यावरण पार्क, सीताकुंड घाट पर आयोजित हुआ, जहां उत्तर प्रदेश सरकार के पंचायती राज, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज मंत्री और सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ महर्षि पतंजलि और मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर अयोध्या मंडलायुक्त गौरव दयाल, जिलाधिकारी कुमार हर्ष, पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह, सीडीओ अंकुर कौशिक सहित अनेक प्रशासनिक अधिकारियों ने सहभागिता की। मुख्य आयोजन में मास्टर ट्रेनर सुनील दत्त तिवारी के नेतृत्व में योग प्रशिक्षकों संदीप तिवारी और किशन विश्वकर्मा द्वारा उपस्थित जनसमूह को भ्रामरी, वज्रासन, ताड़ासन, त्रिकोणासन, प्राणायाम आदि का अभ्यास कराया गया। मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उद्बोधन को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि योग भारतीय संस्कृति का वैश्विक परिचायक बन चुका है। उन्होंने आमजन से अपील की कि योग को दिनचर्या में शामिल करें।

### तहसीलों से लेकर स्कूल-कॉलेज तक दिखा उत्साह


मुख्य कार्यक्रम के साथ-साथ जिले की सभी तहसीलों व ब्लॉकों में भी योग दिवस पर भव्य आयोजन हुए। कादीपुर, जयसिंहपुर, लम्भुआ, बल्दीराय, अखण्डनगर, दोस्तपुर, दूबेपुर, धनपतगंज, कुड़वार, पीपी कमैचा ब्लॉकों में करीब 5300 लोगों ने सामूहिक योगाभ्यास में भाग लिया। कार्यक्रमों में उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, ब्लॉक प्रमुख, ग्राम प्रधानों सहित जनप्रतिनिधि और आमजन की उल्लेखनीय भागीदारी रही।

### भाजपा के 26 मंडलों पर भी हुआ आयोजन

भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिले के 26 मंडलों पर योग दिवस आयोजित किया गया। प्रमुख आयोजन तिकोनिया पार्क में हुआ जहां आरएसएस के प्रांत बौद्धिक प्रमुख मिथिलेश, पल्लवी वर्मा, गायत्री परिवार के राकेश सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने योगाभ्यास किया। मिथिलेश ने कहा कि निरोग रहने के लिए योग ही सबसे सुलभ और शाश्वत माध्यम है।


तिकोनिया पार्क में भाजपाइयों के साथ अन्य ने किया योगाभ्यास।


पर्यावरण पार्क में प्रभारी मंत्री के साथ अधिकारियों ने किया योगाभ्यास।


भदैंया में योगाभ्यास करते लोग। अमृत विचार

### शैक्षणिक संस्थानों में भी दिखा जोश

राजकीय हाईस्कूल कनकपुर, पूर्व माध्यमिक विद्यालय साढ़ापुर, सरस्वती विद्या मंदिर झारखंड, संत तुलसीदास पीजी कॉलेज सहित कई शिक्षण संस्थानों में योग दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। बच्चों और शिक्षकों ने सूर्य नमस्कार, वृक्षासन, त्रिकोणासन आदि का अभ्यास किया।

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) सुलतानपुर में प्राचार्य हरिकेश यादव के नेतृत्व में रंगोली, निबंध, वाद-विवाद व पोस्टर प्रतियोगिताओं के साथ योगाभ्यास हुआ। वहीं कमला नेहरू इंजीनियरिंग कॉलेज और मेडिकल कॉलेज में भी विद्यार्थियों और प्राध्यापकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

### सीएचसी और अन्य संस्थानों ने भी निभाई सहभागिता

सीएचसी बल्दीराय, कादीपुर सहित अन्य स्वास्थ्य केंद्रों पर चिकित्सकों व कर्मचारियों ने योग किया। डॉ. अजय सिंह, डॉ. एस.आर. यादव, डॉ. आमिर राशिद, डॉ. अशोक मिश्रा सहित स्वास्थ्य कर्मियों ने योग करें रोज, जीवन बने निरोग का संदेश दिया।

### भवानीपुर में योग दिवस पर योगाभ्यास, बताई योग की चमत्कारी शक्ति

सूरापुर में अमृत सरोवर भवानीपुर प्रांगण में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित योगाभ्यास कार्यक्रम में प्रधान प्रतिनिधि प्रेम प्रकाश जायसवाल ने योग को शरीर और मन दोनों की सृजनकारी विधा बताया। उन्होंने कहा कि योग चमत्कारी शक्ति है जिसे आज पूरी दुनिया अपना रही है। कार्यक्रम में कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### नकल कर लेते तो भी आ जाती अक्लः राजभर

▸▸ कार्यक्रम के बाद मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने सपा और अखिलेश यादव पर बोला तीखा हमला

**संवाददाता, सुलतानपुर :** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम के बाद पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने समाजवादी पार्टी और उसके राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव अगर किसी से नकल करना ही सीख लेते, तो भी उन्हें अक्ल आ जाती। मंत्री ने आरोप लगाया कि अखिलेश यादव की सरकार पिछड़ी जातियों के अधिकारों को पूरी तरह से सुनिश्चित नहीं कर सकी। उन्होंने कहा कि 27 प्रतिशत आरक्षण का लाभ सभी पिछड़ी जातियों तक नहीं पहुंच पाया। राजभर ने सपा शासनकाल को दंगों से जोड़ते हुए कहा कि समाजवादी सरकार में 800 दंगे हुए। पिछड़ों का हक लूटने वाली पार्टी है समाजवादी पार्टी। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि 1986 में अखिलेश यादव ने 46 यादवों को एसडीएम बना दिया था। मंत्री ने बसपा सुप्रीमो मायावती का उदाहरण देते हुए कहा कि अगर अखिलेश मायावती से भी कुछ सीख लेते, तो उन्हें अक्ल आ जाती। प्रदेश में कानून व्यवस्था पर उन्होंने योगी सरकार का बचाव करते हुए कहा, "कुछ हल्की-फुल्की घटनाएं सामने आती हैं, लेकिन समग्र रूप से स्थिति नियंत्रण में है।"

# 295 में से 23 शिकायतों का निस्तारण

कादीपुर, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** शासन की मंशा के अनुरूप जनता की समस्याओं के त्वरित व गुणवत्तापूर्ण समाधान के उद्देश्य से शनिवार को ब्लॉक सभागार में तहसील स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी कुमार हर्ष ने की। समाधान दिवस में कुल 295 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 23 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

फरियादियों की समस्याएं सुनते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का स्थलीय निरीक्षण कर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। मौके पर कुछ शिकायतों के समाधान के लिए संयुक्त टीमों को भेजा गया। इस मौके पर सीडीओ अंकुर कौशिक, प्रशिक्षु आईएएस रिदम आनंद, सीएमओ डॉ. भारत भूषण, परियोजना निदेशक अशोक, एसडीएम उत्तम कुमार तिवारी, सीओ विनय गौतम, तहसीलदार घनश्याम भारती समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



ब्लॉक सभागार में समस्याएं सुनते डीएम कुमार हर्ष व मौजूद अन्य अधिकारी।

**संपूर्ण समाधान दिवस**

- डीएम ने गुणवत्तापूर्ण शिकायत निस्तारण के दिए निर्देश

### तीन बच्चों को डंपर ने रौंदा एक की मौत

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** टांडा-बांदा राष्ट्रीय राजमार्ग पर शनिवार सुबह एक दिल दहला देने वाला हादसा हो गया। जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के हालापुर, तिवारी का पुरवा गांव के तीन बच्चे आम बीनकर लौटते वक्त तेज रफ्तार डंपर की चपेट में आ गए। हादसे में 14 वर्षीय लकी शर्मा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अनुराग (14) व अश्वनी (15) गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब तीनों बच्चे सड़क के दूसरी ओर स्थित आम के बाग से लौट रहे थे। इसी बीच अंबेडकर नगर की ओर से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने तीनों को कुचल दिया। ग्रामीणों की मदद से घायलों को तत्काल अंबेडकर नगर मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया, जहां से हालत नाजुक होने पर अनुराग व अश्वनी को लखनऊ रेफर कर दिया गया।

# शिक्षा सेवा का कोई अवकाश नहीं होता

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** पीएम श्री विद्यालय शिवगढ़ में शनिवार को पूर्व प्रधानाध्यापक राकेश कुमार सिंह (कम्पोजिट विद्यालय केशवपुर) के सेवा सम्मान समारोह का आयोजन गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रधानाध्यापक रामचंद्र मिश्रा ने की। मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई।

मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ लंभुआ के अध्यक्ष रणवीर सिंह ने कहा कि "शिक्षक कभी सेवा निवृत्त नहीं होता, उसकी ज्ञान यात्रा समाज को जीवन पर्यंत दिशा देती है।" उन्होंने उपस्थितजनों को योग दिवस की शुभकामनाएं भी दीं। राकेश सिंह ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि शिक्षक यदि समय पालन और अभिभावक विश्वास बनाए रखते हुए बच्चों से मित्रवत व्यवहार करे तो समाज में सदा सम्मानित रहता है। समारोह में एआरपी जेके तिवारी, मंत्री द्वारिका प्रसाद यादव, इंद्रभान दुबे, राजेंद्र सिंह, राधेश्याम यादव, अमर बहादुर वर्मा, उदयराज पाल सहित तमाम शिक्षकों और गणमान्य जनों ने विचार व्यक्त किए। सेवानिवृत्त शिक्षक को अंगवस्त्र, रामचरितमानस और तैलीय चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया।


सेवानिवृत्त शिक्षक को दी गई विदाई। अमृत विचार

- पीएम श्री विद्यालय शिवगढ़ में सेवानिवृत्त शिक्षक राकेश कुमार सिंह का हुआ सम्मान

**आस्था** शनिवार को हनुमान जी का किया अलौकिक श्रृंगार, भक्तों ने चढ़ाई कढ़ाही

# विजेथुआ महावीर धाम में श्रद्धालुओं की लगी भारी भीड़

सूरापुर, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** आषाढ़ मास के कृष्ण पक्ष दशमी/एकादशी के शुभ अवसर पर प्रसिद्ध पौराणिक विजेथुआ महावीर धाम में शनिवार को हनुमान जी का दिव्य एवं अलौकिक श्रृंगार किया गया। यह श्रृंगार काशी में शिक्षा ग्रहण कर रहे संत सूर्य दत्त पांडेय शनि महाराज द्वारा भक्ति भाव से संपन्न हुआ।

श्रृंगार के उपरांत हनुमान जी की दिव्य छवि भक्तों के आकर्षण का केंद्र रही। गर्भगृह को रंग-बिरंगी झालरों से भव्य रूप से सजाया गया, जिसमें विपिन पांडेय, महेंद्र प्रसाद पांडेय व रिंकू मिश्रा का सहयोग सराहनीय रहा। दर्शन के लिए उमड़ी भारी भीड़ को नियंत्रित करने हेतु पुलिस की ड्यूटी भी लगाई गई थी। मुख्य पुजारी शनि महाराज ने बताया कि बाबा का श्रृंगार करना उनके लिए सौभाग्य की बात है और हर बार बेहतर प्रयास उनका संकल्प होता है। धाम में कढ़ाही चढ़ाने की परंपरा के अनुरूप कई श्रद्धालुओं ने रोट, लड्डू, माला, बताशा आदि चढ़ाकर आशीर्वाद लिया। परिसर में लगे मेले में मिठाई, चाट, खिलौने की दुकानों पर भी जबरदस्त भीड़ उमड़ी।


हनुमानजी का दर्शन-पूजन करते श्रद्धालु। अमृत विचार

### कटका बाजार में हुआ काली माता मंदिर का भव्य जीर्णोद्धार

**गोसाईगंज, सुलतानपुर :** थाना क्षेत्र के द्वारिकागंज चौकी अंतर्गत कटका बाजार स्थित गाना मिश्र का पुरवा में स्थित लगभग 80 वर्ष पुराने काली माता मंदिर का युवाओं और ग्रामीणों के सामूहिक प्रयास से भव्य जीर्णोद्धार कराया गया। वर्षों से उपेक्षित इस मंदिर को नवजीवन देने के लिए गांव के युवाओं ने अपने खर्चे से पुनर्निर्माण करवाया। जीर्णोद्धार के उपरांत मंदिर प्रांगण में हवन-पूजन एवं भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर लखनऊ विकास प्राधिकरण में कार्यरत जेई नागेंद्र मिश्र ने कहा कि देवी-देवताओं की पूजा भारत की सनातन परंपरा का अहम अंग है और काली माता कृपा की अधिष्ठात्री हैं। पूर्व अपर निदेशक अभियोजन ओमप्रकाश मिश्र ने बताया कि यह मंदिर परिसर 80 साल पूर्व स्थापित हुआ था और अब एक भव्य मंदिर बन चुका है। भंडारे में आए सभी श्रद्धालुओं को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कटका क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष सौरभ मिश्र विनम्र ने सभी का आभार जताया। इस पुनीत कार्य में सोनू मिश्र, राकेश मिश्र, पुष्कर मिश्र, शुभम मिश्र, अंकित मिश्र, प्रदीप मिश्र, एडवोकेट अनूप मिश्र सहित समस्त ग्राम वासियों का योगदान सराहनीय रहा।

### ग्राम पंचायत निधि में फर्जीवाड़े का आरोप, सचिव के खिलाफ जांच शुरू

**दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** विकास खण्ड दोस्तपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत गांगूपुर में पंचायत निधि के दुरुपयोग का मामला सामने आने से हड़कंप मच गया है। ग्राम प्रधान सरोजा देवी ने सचिव सुनील कुमार पर फर्जी हस्ताक्षर कर दो बार में 90 हजार रुपये निकालने का आरोप लगाया है। आरोप है कि यह धनराशि इंडिया मार्का-2 नलों के रिबोर और बैटरी आदि की खरीद के नाम पर निकाली गई। जिलाधिकारी को दिए गए प्रार्थना पत्र पर कार्रवाई करते हुए डीपीआरओ ने जांच की जिम्मेदारी एडीओ पंचायत ईश नारायण यादव को सौंपी। शुक्रवार को उन्होंने मौके पर पहुंचकर हैंडपंपों की जांच की। एडीओ पंचायत ने बताया कि सचिव को नोटिस जारी कर उनका पक्ष भी सुना जाएगा, फिर रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंपी जाएगी।

### कादीपुर क्षेत्र में मारपीट व सड़क हादसे के मामले दर्ज

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कादीपुर क्षेत्र में दो अलग-अलग घटनाएं चर्चा का विषय बनीं। पहली घटना कोतवाली क्षेत्र के खतीवपुर गांव की है। जहां दरवाजे के सामने गंदा पानी फेंकने और रास्ते में बर्तन साफ करने को लेकर दो पक्षों में कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। आरोप है कि राधेश्याम, उनकी पत्नी आरती और रिश्तेदार निशा ने राजाराम, उनकी पत्नी शीला और बेटी मंजू को लाठी-डंडों से पीटा। पुलिस ने शीला की तहरीर पर नामजद केस दर्ज कर लिया है। दूसरी घटना में नूरपुर गांव की आशा देवी अपने बेटे आदर्श के साथ साइकिल से सामान लेकर घर लौट रही थीं। इसी दौरान एक तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि बाइक सवार मौके से फरार हो गया। पुलिस केस दर्ज कर जांच कर रही है।

**स्व0 संतराम तिवारी विधि महाविद्यालय पारासराय, इटियाथोक, गोण्डा**

में स्ववित्तपोषित योजनांतर्गत स्नातक स्तर पर विधि संकाय के अंतर्गत एल.एल.बी.(त्रिवर्षीय) पाठ्यक्रम हेतु

**में आवश्यकता है**

प्राचार्य – 01 पद

विधि प्रवक्ता – 10 पद

**योग्यता एवं वेतनमान–** यू.जी.सी. राज्य विश्वविद्यालय एवं बी.सी.आई. के मानकानुसार।

इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि के 10 दिवसों के अन्दर अपने शैक्षिक अभिलेखों के साथ महाविद्यालय के पते पर सम्पर्क स्थापित करें।

**प्रबंधक**

मो0नं0–7234065611

# सामूहिक रूप से योगाभ्यास कर लिया निरोग रहने का संकल्प

## अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जगह-जगह हुए कार्यक्रम, जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने किया अभ्यास

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** 11वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शनिवार को 'एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य' थीम जिला स्पोर्टस स्टेडियम में आयोजित योगाभ्यास कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रदेश के मत्स्य विभाग मंत्री डा संजय निषाद, सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल तथा विधायक शोहरतगढ़ विनय वर्मा, जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान, जिलाधिकारी डा राजा गणपति आर एवं मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित करके किया।

कुशल योग प्रशिक्षकों द्वारा योगा प्रोटोकाल के अनुसार कपालभाति, अनुलोम-विलोम, सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, वृक्षासन, पवनमुक्तासन आदि आसन कराया गया। इस अवसर पर मंत्री डा संजय निषाद ने कहा कि यह गौतम बुद्ध की धरती है, योग की शुरूआत यही से हुई। सभी लोग यह संकल्प ले कि प्रतिदिन 30 मिनट योग अवश्य करे। सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल ने कहा कि युनाइटेड नेशन में प्रधानमंत्री के प्रस्ताव को 177 देशो ने स्वीकार किया और योग दिवस को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जाता है। कहा कि स्वस्थ रहने के लिए योग आवश्यक है। इसी क्रम में विधायक शोहरतगढ़ विनय वर्मा, जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान ने लोगों को बधाई दी। जिलाधिकारी डा राजा गणपति आर ने धन्यवाद ज्ञापित किया। योग सप्ताह में हुए कार्यक्रमों में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पाने वाले छात्र छात्राओं तथा ग्राम प्रधानों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा रजत कुमार चौरसिया, पीडी नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी गौरव श्रीवास्तव, डीसी मनरेगा सन्दीप सिंह, वरिष्ठ कोषाधिकारी रमेन्द्र कुमार मौर्य, एआरटीओ सुरेश कुमार मौर्य, जिला पूर्ति अधिकारी देवेन्द्र प्रताप सिंह, जिला आबकारी अधिकारी वीर अभिमन्यु कुमार, जिला कृषि अधिकारी मु मुजम्मिल जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेष कुमार आदि उपस्थित थे।


जिला स्पोर्टस स्टेडियम में योग करते लोग। फोटो : अमृत विचार


किसान इंटर कॉलेज में शिविर में योग का अभ्यास। फोटो : अमृत विचार

### किसान इंटर कालेज के प्रांगण में योग शिविर आयोजित

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** उसका बाजार नगर क्षेत्र अंतर्गत स्थित किसान इंटर कालेज उसका बाजार के प्रांगण में शनिवार को सुबह में अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रशिक्षक देवी लाल, प्राणायाम के विभिन्न तरीकों के बारे में लोगो को अभ्यास कराया और विस्तार से जानकारी दी। खंड कार्यवाह पवन ने लोगो को उत्तम शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए नियमित योग करने के लिए सुझाव दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय कुमार गुप्ता ने योग दिवस की सभी को शुभकामना दी। नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी अभिनव श्रीवास्तव, भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश आर्य, हरिशंकर सिंह, मनीष अग्रहरि, शिवकुमार, पिन्टू पाण्डेय, पवन उपाध्याय हिमांशु पाठक, अमित कुमार उपाध्याय, देवी प्रसाद, मनोज कुमार, अष्टभुजा, अभिषेक उपाध्याय, बालमुकुंद त्रिपाठी उपस्थित रहे। मुकामी थाना परिसर में एसओ हरे कृष्ण उपाध्याय के अगुवाई में पुलिसकर्मियों ने योग, व्यायाम, प्राणायाम किया।

### मन-शरीर के साथ आत्मा का भी समन्वय करता है योग



**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** योग मन और शरीर के साथ आत्मा का भी समन्वय करता है। योग न केवल सकारात्मक ऊर्जा का स्रोत है बल्कि वसुधैव कुटुंबकम की अवधारणा को साकार करता है। भारत को विश्व गुरु बनाने की दिशा में योग पूरी तरह से सक्षम है। उक्त विचार राम विलास इंस्टीट्यूट आफ नर्सिंग एंड मेडिकल साइंसेज सोनकर बांसी स्थित कॉलेज में 11वीं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर बतौर मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ विमल द्विवेदी ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कही। इसी क्रम में कॉलेज की प्रबंधक डॉ. अनीता द्विवेदी ने योग शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि कर्मों की कुशलता और जीवन जीने की कला भी सीखने का काम करता है योग। शिविर में योग शिक्षक राम फिर गिरी ने प्रतिभागियों को स्वस्थ जीवन के लिए योग को दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने की सलाह दी। कार्यक्रम में कॉलेज की प्रधानाचार्य अनुराधा तुमाटी, जुही शुक्ला आदि मौजूद रहे।


योग करते जवान। फोटो : अमृत विचार

### योगाभ्यास से जीवन शैली में सकारात्मक बदलाव संभव

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर ''एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग'' कार्यक्रम के अंतर्गत 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल द्वारा वृहद् स्तर पर योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त जानकारी देते हुए रीना, कमांडिंग अधिकारी, 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, सिद्धार्थनगर ने बताया कि भारत सरकार के प्रस्ताव के अनुरूप योग के महत्व को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 11 दिसम्बर 2014 को पूरे विश्व में 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने की घोषणा की गई। योगाभ्यास से हम अपने शरीर को स्वस्थ रखते हुए अपने जीवन शैली में सकारात्मक बदलाव ला सकते है। योग वह क्रिया है, जिसके अन्तर्गत शरीर के विभिन्न भागों को एक साथ लाकर शरीर, मस्तिष्क और आत्मा को सन्तुलित करने का कार्य किया जाता है। सशस्त्र बल मे योग का महत्व और अधिक बढ़ जाता है योग की विभिन्न मुद्राओ, आसान, प्राणायाम और ध्यान मुद्रा का अभ्यास कर एक जवान अपने शरीर को लचीलापन, मन को एकाग्र और तनावमुक्त होकर अपने कर्तव्य का बखूबी निर्वहन कर सकता है। इसी क्रम में 43 वीं वाहिनी एसएसबी द्वारा वाहिनी मुख्यालय और सभी सीमा चौकियों मे योगाभ्यास कराया गया। वाहिनी मुख्यालय मे कमांडिंग अधिकारी रीना के नेतृत्व मे यशवंत कुमार, उप कमांडेंट की उपस्थिति मे कार्यक्रम का आयोजन हुआ। सीमा चौकी अलीगढ़वा द्वारा सिद्धार्थ विश्वविद्यालय के कुल-रक्षा प्रोफेसर दीपक मिश्रा की उपस्थिति मे कपिलवस्तु पार्क सिद्धार्थनगर मे, सीमा चौकी खुनवा द्वारा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर स्कूल के प्रांगण मे योग कार्यक्रम हुआ। इस दौरान सिद्धार्थ विश्वविद्यालय के प्रोफेसर दीपक बाबू, सतेन्द्र कुमार दुबे प्रोफेसर हिन्दी साहित्य सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, बुद्धि सागर प्रधानाचार्य सरस्वती शिशु विद्या मंदिर खुनवा, योगा आचार्य जगन्नाथ, जल जीवन मिशन संस्था से उत्कर्ष पांडे मानव सेवा संस्थान से नीतू भारती और स्थानीय नागरिकों ने हिस्सा लिया।

# योग का उद्देश्य शरीर व अंगों के प्रति सजग रहना

संवाददाता, गोरखपुर

**अमृत विचार।** 11वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून, 2025 को पूर्वोत्तर रेलवे के कार्मिक विभाग के तत्त्वावधान में मुख्यालय गोरखपुर, तीनों मंडलों, प्रमुख स्टेशनों, प्रशिक्षण केन्द्रों, डीजल लॉबी तथा रेलवे स्टेडियम में योग के कार्यक्रम आयोजित किये गये। मुख्यालय, गोरखपुर स्थित रेलवे अधिकारी क्लब में अपर महाप्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे डीके सिंह के नेतृत्व में प्रमुख विभागाध्यक्षों एवं वरिष्ठ रेल अधिकारियों ने योगाभ्यास किया। योग प्रशिक्षक डॉ जयन्त नाथ तथा बबिता एवं अनुपमा ने योग का डिमांस्ट्रेशन किया और योग का अनुसरण कराया।

इस अवसर पर अपर महाप्रबन्धक डीके सिंह ने कहा कि वर्ष 2014 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में भारतवर्ष द्वारा ही इसका प्रस्ताव दिया गया था। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने इस प्रस्ताव को स्वीकार किया और 21 जून को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाये जाने की घोषणा की। इसी क्रम में बहुविषयक पद्धति प्रषिक्षण केन्द्र, गोरखपुर में रेल अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिवार-जनों ने कुशल योग प्रशिक्षिका सुश्री आराधना सिंह एवं सिखा सिंह की देखरेख में योगाभ्यास किया। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि गोरखपुर में सैयद मोदी रेलवे स्टेडियम, रेलवे सुरक्षा बल प्रषिक्षण केन्द्र तथा यांत्रिक कारखाना में भी योगाभ्यास किया गया। पूर्वोत्तर रेलवे हायर सेकेण्ड्री स्कूल तथा सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों द्वारा योगाभ्यास किया गया। योग प्रशिक्षक जयन्त नाथ ने कहा कि योगासन के बहुत से लाभ है। इससे शरीर स्वस्थ्य रहता है तथा तनाव नहीं होता। उन्होंने योग के द्वारा कई बीमारियों से बचाव के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि योग का उद्देश्य है कि हम अपने शरीर एवं अंगो के प्रति सजग रहें।


अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अपर महाप्रबन्धक डी .के .सिंह एवं अन्य अधिकारीगण। अमृत विचार

# बिजली कटौती से त्रस्त लोग जाग-जाग कर काट रहे रात

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** शहर हो या गांव, बिजली कब कटेगी और कितनी देर बाद आएगी, इसका ठिकाना नहीं है। शाम को बार-बार बिजली कट रही है और कुछ देर बाद ही आ रही है। लोगों का कहना है कि बिजली निगम में लोकल फॉल्ट के बहाने कटौती की जा रही है, और उपभोक्ता त्रस्त हैं। पूरी रात बिजली के इंतजार में बीत रही है।

विभाग का दावा है कि शहरी क्षेत्र में 23:30 घंटे बिजली दी जा रही है, जबकि गुरूवार को मुख्यालय पर ही सुबह आठ बजे बिजली कटी तो फिर एक बजे दिन में ही बहाल हो सकी। अभी आधा दिन और पूरी रात पड़ी है। तब छत पर ठहल कर रात गुजारने के अलावा कोई चारा न होगा। गांवा व कस्बों की हालत इससे भी बुरी है। बिजली कटौती के इस तौर तरीके से परेशान लोग व्यवस्था को कोस रहे हैं। लोगों का कहना है कि जितनी देर में बिजली का फॉल्ट पता चलना चाहिए, उससे कम समय में ही वापस आ जाती। इस कटौती से नींद हराम हो रही है। सरकार के आदेश के अनुसार शहरों में 24 घंटे और ग्रामीण इलाकों में 18 घटे बिजली मिलनी चाहिए, लेकिन बिजली निगम के अधिकारी कर्मचारी सरकार की मंशा पर पानी फेर रहे हैं। इस बारे में निगम के अधिशासी अभियंता ज्ञान प्रकाश का कहना है कि बिजली रोस्टर के अनुसार ही दी जा रही है। बारिश की वजह से ट्रिपिंग बढ़ती है उसे भी तत्काल सही करवाया जा रहा है।

## सार-संक्षेप

### मंत्री ने किया खरिका पाण्डेय बांध का निरीक्षण

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** मंत्री जल शक्ति विभाग ( सिंचाई एवं जल संशाधन, बाढ़ नियन्त्रण, परती भूमि विकास, लघु सिंचाई, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग) उप्र सरकार स्वतन्त्र देव सिंह द्वारा जनपद में चल रही बाढ़ परियोजनाओं, बांसी तहसील के खरिका पाण्डेय बांध का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मंत्री के साथ विधायक बांसी जय प्रताप सिंह भी थे। निरीक्षण के दौरान मंत्री स्वतन्त्र देव सिंह ने सम्बन्धित अधिकारियों से की गयी तैयारियों/कार्यों के बारें में पूरी जानकारी प्राप्त की। अधिशासी अभियन्ता सिंचाई निर्माण खण्ड द्वारा बाढ़ से बचाव को लेकर सिद्धार्थनगर में 16 परियोजनाएं चल रही थी। इनमें ज्यादातर परियोजनाएं पूरी हो गई है। कुछ अपूर्ण परियोजनाओं को 1 सप्ताह के भीतर पूर्ण करने हेतु मंत्री द्वारा अधिकारियों को निर्देश दिया गया। मंत्री ने कहा कि इन परियोजनाओं से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी और बाढ़ में जो जनधन और फसलों का बड़ा नुकसान होता था, वो बहुत कम हो जायेगा। निरीक्षण के दौरान उपरोक्त के अतिरिक्त मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।

### जिला विद्यालय निरीक्षक से मिले प्रधानाचार्य

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद के पदाधिकारियो ने नवागत जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार का स्वागत कर शिष्टाचार भेंट किया। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि मेरी प्राथमिकता होगी कि जिले में माध्यमिक शिक्षा उत्तरोत्तर उन्नति की ओर अग्रसर हो। प्रधानाचार्य परिषद से सहयोग की अपेक्षा भी किया। प्रधानाचार्य परिषद के पदाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक को आश्वस्त किया कि जो भी शासन की मंशा होगी उसके अनुरूप जिले का शैक्षिक माहौल बनाने का कार्य किया जाएगा। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष रमाकांत द्विवेदी ,कार्यकारी जिला अध्यक्ष गोपेश्वर प्रसाद चौबे, जिला मंत्रीप्रदेशीय सोशल मीडिया प्रभारी बृजेश कुमार द्विवेदी, संगठन मंत्री डॉ शेषनारायण पाण्डेय , संयुक्त मंत्री जयराम यादव, प्रधानाचार्य आलोक त्रिपाठी , प्रधानाचार्य रविंद्र उपाध्याय , प्रधानाचार्य विजय कुमार मिश्र आदि प्रधानाचार्य उपस्थित रहे।

### रेलवे मानव तस्करी रोकने को निरंतर प्रयासरत

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे सुरक्षा बल, पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा, रेल सम्पत्ति की सुरक्षा, अवैध सामानों की धर-पकड़, यात्रियों को सुरक्षा प्रदान करने के साथ ही बचपन बचाओ अभियान के तहत मानव तस्करी की रोकथाम का निरंतर प्रयास किया जाता है। इसी क्रम में 18 जून 2025 को गाड़ी सं. 22411 के ट्रेन अधीक्षक को 01 नाबालिग लड़की उम्र लगभग 14 वर्ष लावारिस हालत में मिली, जिसे उन्होने रेलवे सुरक्षा बल गोरखपुर को सुपुर्द किया, जिन्हें 19 जून 2025 को चाइल्ड लाइन गोरखपुर को सुपुर्द किया गया। 19 जून 2025 को गाड़ी सं. 18201 के टिकट निरीक्षक को 01 नाबालिग लड़की उम्र लगभग 16 वर्ष लावारिस हालत में मिली, जिसे उन्होने रेलवे सुरक्षा बल, मऊ को सुपुर्द किया जहॉ से उन्हें चाइल्ड लाइन मऊ को सुपुर्द किया गया। 19 जून 2025 को रेलवे सुरक्षा बल कासगंज को प्लेटफार्म सं.-01 पर 01 नाबालिग लड़की उम्र लगभग 16 वर्ष लावारिस हालत में मिली, जो यात्रा के दौरान माता-पिता के छूट गयी थी को चाइल्ड लाइन कासगंज के समक्ष वन स्टॉप सेंटर कासगंज को सुपुर्द किया गया। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

### परीक्षा शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 21 जुलाई

**अमृत विचार, लखनऊ :** नर्सिंग कॉलेज व पैरामेडिकल प्रशिक्षण केंद्रों पर आगामी सितंबर माह में जीएनएम, एएनएम व पैरामेडिकल डिप्लोमा प्रशिक्षणों की होने वाली मुख्य परीक्षाओं के लिए परीक्षा शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 21 जुलाई तक निर्धारित की गयी है, शुल्क जमा न होने की स्थिति में परीक्षार्थी को परीक्षा में शामिल नहीं होने दिया जाएगा। यह निर्देश उप्र .स्टेट मेडिकल फैकल्टी के सचिव डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने शनिवार को जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि नर्सिंग कॉलेज व प्रशिक्षण केन्द्रों में प्रथम वर्ष, द्वितीय वर्ष व तृतीय वर्ष के छात्रों की मुख्य वार्षिक परीक्षाएं आगामी सितंबर माह में आयोजित होंगी। साथ ही सचिव ने बताया कि शुल्क यदि एनईएफटी व आरटीजीएस चालान के माध्यम से जमा करना हो तो 15 जुलाई शाम पांच बजे तक चालान माध्यम से परीक्षा शुल्क जमा किया जाएगा।

### अगले वर्ष की काउंसिलिंग से 12 छात्र प्रतिबंधित

**अमृत विचार, लखनऊ :** नीट पीजी काउंसिलिंग 2024-25 में स्ट्रे वैकेन्सी राउंड में सीट आवंटन के बाद भी दाखिला न लेने वाले अभ्यर्थियों की धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी, साथ ही आगामी नीट पीजी 2025-26 की काउंसिलिंग में प्रतिभाग करने से प्रतिबंधित कर दिया जाएगा। यह निर्देश चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक किंजल सिंह ने शनिवार को स्पेशल स्ट्रे वैकेंसी राउंड की काउंसिलिंग में सीट आवंटन के बाद भी दाखिला न लेने वाले नौ अभ्यर्थियों की सूची जारी करते हुए दिए हैं। साथ ही दंत संकाय में दाखिला न लेने वाले तीन अभ्यर्थियों की भी सूची प्रकाशित कर अगले शैक्षणिक सत्र की प्रवेश प्रक्रिया से बाहर कर दिया है।

### एमबीबीएस डॉक्टरों को सीएमओ के पास देनी होगी ज्वाइनिंग

**अमृत विचार, लखनऊ :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ( सीएचसी ) में अनिवार्य सेवा बांड के तहत नियुक्ति पाने वाले नीट 2019 बैच के एमबीबीएस उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को संबंधित मुख्य चिकित्सा अधिकारी के यहां ज्वाइनिंग देनी होगी। अन्य सभी को चिकित्सा संस्थान व संबंधित मेडिकल कॉलेज में समस्त प्रपत्रों के साथ ज्वाइनिंग देनी होगी। उक्त निर्देश चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक किंजल सिंह ने शनिवार को निर्देश जारी कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि अनिवार्य सेवा बांड के तहत सभी को काउंसिलिंग के माध्यम से सरकारी अस्पतालों में चिकित्सकीय सेवाएं देने के लिए तैनात किया गया है।

यह तैनाती उन्हें चिकित्सा विश्वविद्यालयों, मेडिकल कॉलेज और स्वास्थ्य विभाग के सीएचसी में दी गयी है। महानिदेशक ने बताया कि नियुक्ति पाए समस्त चिकित्सकों को संबंधित संस्थान के कार्यालय में अपने समस्त मूल प्रपत्रों के साथ उपस्थित होकर ज्वाइनिंग देनी होगी।

# थाने के सामने हो रही हत्याएं : अखिलेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में अपराधी खुलेआम हत्याएं कर रहे हैं। प्रदेश में कोई कहीं भी सुरक्षित नहीं है। थानों के सामने हत्याएं हो रही हैं। गाजियाबाद में एफआईआर लिखाने गए व्यक्ति की हत्या हो गयी। महिलाएं, बेटियों के साथ जघन्य घटनाएं हो रही हैं।

सपा प्रमुख ने शनिवार को कन्नौज में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि पुलिस वसूली करते पकड़ी जा रही है। हर जिले से वसूली और भ्रष्टाचार की शिकायतें आ रही हैं। भाजपा सरकार ने प्रदेश के टॉप-टेन माफिया की सूची तो जारी नहीं की। कम से कम इन्हें जिलों के ही टॉप-टेन माफिया की सूची जारी कर देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सपा प्राथमिक स्कूलों को बंद करने और उनके मर्जर के खिलाफ है। बच्चे और बच्चियां दूर के स्कूलों में कैसे पहुंचेंगे। जब स्कूल खोले गये थे तब उद्देश्य था कि गरीब परिवारों के बच्चे आसानी से स्कूल पहुंच जाएं। सबको शिक्षा मिले इसीलिए मिड-डे-मील योजना शुरू की गयी थी। भाजपा जानबूझकर स्कूलों को बंद कर गरीबों से शिक्षा, नौजवानों से नौकरी और पीडीए का आरक्षण छीनना चाहती है।

# आर्थिक स्थिति न बने पढ़ाई में बाधा : सीएम

- समय का पालन पहले स्वयं पर लागू करें संस्थाध्यक्ष, फिर सभी पर : मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को गोरखपुर में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की समीक्षा बैठक में कहा कि संस्थाओं में पढ़ने वाले किसी भी विद्यार्थी की आर्थिक स्थिति उसकी पढ़ाई में बाधा न बनने पाए, इसे सुनिश्चित करना हर संस्था के प्रमुख का दायित्व है। आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों का सहयोग कर उन्हें आगे बढ़ाने में कोई कोर कसर नहीं रहनी चाहिए।

उन्होंने परिषद की सभी संस्थाओं के प्रमुखों का आह्वान किया कि वे अपनी दायित्व वाली संस्थाओं को समाज और राष्ट्र हित में युगानुकूल परिवर्तन का वाहक बनाएं। हर संस्थाध्यक्ष का दायित्व है कि अपनी टीम के साथ पूरे मनोयोग से और लीक से हटकर कार्य करें। लकीर का फकीर बनने की बजाय हर संस्था सामूहिक प्रयास से स्वस्थ प्रतिस्पर्धा, अनुशासन, समय पालन और नवाचार करते हुए खुद की एक बुलंद पहचान बनाए। समय का पालन पहले स्वयं पर लागू करें संस्थाध्यक्ष, फिर सभी पर। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित प्रभारी को प्रतिदिन संपूर्ण परिसर का एक चक्कर जरूर लगाना चाहिए, ताकि वह अपने प्रभार से संबंधित व्यवस्था सुनिश्चित कर सकें। बैठक में मुख्यमंत्री योगी ने महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के शताब्दी वर्ष 2032 को भव्य तथा ऐतिहासिक बनाने के लिए अभी से तैयारी शुरू करने के निर्देश दिए।


गोरखपुर में बैठक के दौरान मुख्यमंत्री योगी।

## 16 हजार से अधिक अमृत सरोवर तैयार गोरखपुर सबसे आगे

**लखनऊ :** जल संकट से निपटने और जल स्रोतों को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से राज्य में 16 हजार से अधिक अमृत सरोवर तैयार हो गए हैं। इसमें गोरखपुर जिला सबसे आगे रहा, जहां 735 अमृत सरोवरों का निर्माण किया गया। महराजगंज में 600 से अधिक व प्रयागराज में 523 अमृत सरोवर बनाए गए। कर जल संरक्षण को बढ़ावा दिया गया। आजमगढ़ और बाराबंकी भी टॉप फाइव जिलों में शामिल है। सरकार ने जल निकायों के विकास में समुदायों की भागीदारी सुनिश्चित की। ग्रामीणों, पंचायतों और संगठनों की मदद से यह पहल जमीनी स्तर पर उतरी। इससे जल संरक्षण अभियान सामाजिक आंदोलन का रूप ले सका।

कार्यक्रम | तहसील शोहरतगढ़ में जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने सुनी लोगों की समस्याएं

# तहसील समाधान दिवस पर 95 में 10 शिकायतों का हुआ निस्तारण

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** शनिवार को सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसील शोहरतगढ़ में जिलाधिकारी डा राजागपति आर की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक डा अभिषेक महाजन की उपस्थिति में तहसील समाधान दिवस हुआ। इस दौरान राजस्व, विकास, शिक्षा, पूर्ति एवं अन्य विभागों के शिकायतों की सुनवाई जिलाधिकारी, उपजिलाधिकारी शोहरतगढ़ राहुल सिंह तथा पुलिस विभाग से सम्बंधित शिकायतों की सुनवाई पुलिस अधीक्षक द्वारा की गई। इस दौरान 95 प्रार्थनापत्रों में 10 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

जिलाधिकारी द्वारा तहसील समाधान दिवस में पिछले समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों के आख्या का अवलोकन किया गया। अवलोकन के पश्चात जिलाधिकारी द्वारा तत्काल जिला स्तरीय टीम बनाकर मौके का जांच कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि भूमि से संबधित विवाद मौके पर जाकर निरीक्षण कर निस्तारण कराये। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस शोहरतगढ़ में उपस्थित सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि तहसील समाधान दिवस में प्राप्त हो रही शिकायतों एवं आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों का समय से एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। इसके साथ ही शिकायतकर्ता एवं विपक्षी दोनों के समक्ष जांच कर कार्यवाही किया जाये। जिलाधिकारी ने कानूनगो एवं लेखपालों को निर्देश दिया कि भूमि संपत्ति रजिस्टर एवं भूमि विवाद रजिस्टर अवश्य बना ले। किसी भी विभाग का तहसील दिवस का कोई भी प्रकरण लम्बित नही होना चाहिए यदि किसी भी विभाग का प्रकरण लम्बित पाया जायेगा तो सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। लेखपाल एवं कानूनगो मौके पर जाकर शिकायत के निस्तारण से पूर्व निरीक्षण कर उसके बाद की आख्या लगायेगे इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नही होनी चाहिए।

सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस के आयोजन के अवसर पर कुल 95 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए जिसमें राजस्व-72, पुलिस विभाग से सम्बन्धित-07, विकास-09, लोक निर्माण विभाग-01, पूर्ति-02, कृषि-01, तथा अन्य-03 प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत हुए। राजस्व के 10 प्रार्थना-पत्रों का मौके पर निस्तारण करा दिया गया। तहसील दिवस में प्राप्त शेष शिकायती प्रार्थना पत्रों को तीन दिवस के अन्दर शत-प्रतिशत निस्तारण की कार्यवाही सम्बन्धित विभाग के अधिकारी को सुनिश्चित करने हेतु निर्देशत किया गया। सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस कार्यक्रम के इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा रजत कुमार चौरसिया, पीडी नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी, डीएसओ देवेन्द्र प्रताप सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी पवन कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार सिंह, तहसीलदार शोहरतगढ़, तहसील शोहरतगढ़ क्षेत्र के अन्तर्गत समस्त थानाध्यक्ष, खण्ड विकास अधिकारी एवं अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत तथा अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### दस्तक नियन्त्रण अभियान की हुई बैठक

**शोहरतगढ सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बढ़नी में ब्लॉक स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक शुक्रवार को एडीओ पंचायत की अध्यक्षता में आगामी माह जुलाई मे संचारी रोग नियन्त्रण अभियान दस्तक हुआ। संचारी रोग नियन्त्रण अभियान 01 जुलाई से 31 तक व दस्तक अभियान 11 जुलाई से 31 जुलाई तक चलेगा। प्रभारी चिकित्साधिकारी अविनाश चौधरी ने कहा की संचारी रोग नियन्त्रण के लिए समाज को जागरुक करना सभी की जिम्मेदारी है। शासन द्वारा चलाए जाने वाले संचारी रोग नियन्त्रण अभियान के प्रति गम्भीरता लाने के लिए कहा और संचारी रोगों के प्रति समाज को जागरुक रखने, संचारी रोग नियंत्रण के लिए सफाई, शुद्ध पेयजल के प्रति समाज को जागरुक करने को कहा। बैठक मे एडीओ पंचायत राम विलास, बीसीपीएम राजेश कुमार, सीडीपीओ, रविन्द्र यादव, यूनिसेफ नीलमणि श्रीवास्तव उपस्थित रहें।

## एक नजर

### राज्य का दर्जा बहाली में देरी पर फारूक जाएंगे कोर्ट

**अनंतनाग।** नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने शनिवार को कहा कि यदि जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने में अत्यधिक देरी हुई, तो उनकी पार्टी उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाएगी। फारूक ने दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के कोकेरनाग इलाके में पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक के बाद कहा, चुनाव के बाद लोग चाहते थे कि उनके मुद्दों का तुरंत समाधान हो, लेकिन राज्य का दर्जा हमें ऐसा करने से रोक रहा है। लोगों की कई मांगें हैं जैसे कि वे चाहते हैं कि विधायक अल्ताफ कालू मंत्री बनें, लेकिन जब तक राज्य का दर्जा बहाल नहीं हो जाता, यह कैसे संभव है?

### सोनम-राज को 13 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

**शिलांग।** मेघालय के शिलांग की अदालत ने इंदौर के व्यवसायी राजा रघुवंशी की हत्या में शनिवार को पत्नी सोनम रघुवंशी और उसके प्रेमी राज को 13 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। अधिकारियों ने बताया कि दो मुख्य आरोपियों राजा की पत्नी सोनम और राज की पुलिस हिरासत शनिवार को समाप्त हो गई ।

### नाबालिग की पहचान को लेकर भाजपा नेता को नोटिस

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल बाल अधिकार संरक्षण आयोग (डब्ल्यूबीसीपीसीआर) ने भाजपा नेता अमित मालवीय को नाबालिग लड़की की पहचान उजागर करने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया है। लड़की का शव दक्षिण 24 परगना जिले के कैनिंग स्थित उसके घर से बरामद किया गया था। भाजपा की आईटी सेल के प्रभारी मालवीय ने एक्स पोस्ट किया था कि लड़की से सामूहिक दुष्कर्म हुआ और उसकी हत्या कर दी गई।

# ऑपरेशन सिंदूर से बताया भारत झुकेगा नहीं

## रक्षा मंत्री ने पाकिस्तान को चेतावनी दी कि आतंकवादी हमले हुए तो गंभीर परिणाम भुगतने होंगे

उधमपुर (जम्मू-कश्मीर), एजेंसी



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को पाकिस्तान को चेतावनी दी कि अगर भविष्य में कोई भी आतंकवादी हमले हुए तो उसे इसके गंभीर परिणाम भुगतने होंगे क्योंकि 'ऑपरेशन सिंदूर' अभी खत्म नहीं हुआ है और भारत आतंकवाद के खिलाफ किसी भी तरह की कार्रवाई करने को तैयार है। रक्षा मंत्री ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर उधमपुर स्थित उत्तरी कमान के जवानों के साथ योग किया।

राजनाथ ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान को यह संदेश दिया कि भारत को हजार घाव देने की उसकी नीति कभी सफल नहीं होगी। सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने भी इस सत्र में भाग लिया। सिंह शुक्रवार को दो दिवसीय दौरे पर उधमपुर पहुंचे। ऑपरेशन सिंदूर के बाद यह उनकी दूसरी यात्रा थी। उन्होंने 15 मई को कश्मीर का दौरा किया था, जिसके कुछ दिन पहले भारत और पाकिस्तान ने एक-दूसरे के खिलाफ सैन्य कार्रवाई रोकने के लिए सहमति जताई थी। रक्षा मंत्री ने कहा ऑपरेशन सिंदूर के जरिए हमने पाकिस्तान को बता दिया कि भारत आतंकवाद के आगे झुकेगा और इसका जवाब बद से बदतर होगा। ऑपरेशन सिंदूर 2016 की सर्जिकल स्ट्राइक और 2019 की एयर स्ट्राइक का ही विस्तारित रूप है। रक्षा मंत्री ने कहा, भारत की धरती पर कोई भी आतंकी हमला पाकिस्तान के लिए विनाशकारी साबित होगा। भारत आतंकवाद के खिलाफ किसी भी तरह की कार्रवाई करने को तैयार है। ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सशस्त्र बलों ने सीमा पार आतंकियों के ठिकानों को नष्ट कर दिया। रक्षा मंत्री ने इसका श्रेय योग को दिया जो क्रोध पर काबू पाने में मदद करता है, शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाता है और शक्ति को नियंत्रित करता है। सिंह ने कहा कि पहलगाम हमले की योजना सीमा पार बनाई गई थी और यह महज एक आतंकवादी घटना नहीं थी बल्कि इसका उद्देश्य भारत की सामाजिक और सांप्रदायिक एकता को बिगाड़ना था। उन्होंने कहा, हमने न केवल उनकी योजनाओं को विफल किया बल्कि जवाबी कार्रवाई भी की जिससे पाकिस्तान को घुटने टेकने पड़े और उसके बाद ही हमने ऑपरेशन सिंदूर रोका।

### सीमा सुरक्षा और अमरनाथ यात्रा की दी गई जानकारी

**जम्मू।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को शनिवार को सेना के शीर्ष अधिकारियों ने जम्मू कश्मीर में मौजूदा सुरक्षा स्थिति की जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इस बैठक में सीमावर्ती क्षेत्रों, आतंकवाद रोधी अभियानों और अगले महीने शुरू होने वाली अमरनाथ यात्रा पर ध्यान केंद्रित किया गया। सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी, उत्तरी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा और सभी इकाइयों के कमांडिंग अफसरों सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उधमपुर स्थित उत्तरी कमान मुख्यालय में बैठक में शामिल हुए। अधिकारियों ने बताया कि बैठक में सीमावर्ती क्षेत्रों के साथ अंदरूनी इलाकों में आतंकवाद विरोधी अभियानों पर ध्यान केंद्रित किया गया। तीन जुलाई से शुरू होने वाली अमरनाथ यात्रा के सुचारू संचालन के लिए की गई बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था का सेना हिस्सा है।

# राजस्व विभाग के संरक्षक नहीं हैं उच्च न्यायालय

नई दिल्ली, एजेंसी



- बंबई हाईकोर्ट ने एक कंपनी को 256.45 करोड़ रुपये लौटाने के न्यायाधिकरण के निर्देश पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक

सुप्रीम कोर्ट ने बंबई हाईकोर्ट के एक आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि हाईकोर्ट राजस्व विभाग के संरक्षक नहीं हैं। बंबई हाईकोर्ट ने एक कंपनी को 256.45 करोड़ रुपये लौटाने के न्यायाधिकरण के निर्देश पर रोक लगा दी है।

न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां और मनमोहन की पीठ ने कहा कि हाईकोर्ट यह मानते हुए न्यायाधिकरण के निर्देश पर रोक नहीं लगा सकता कि बेलापुर आयुक्तालय के सीजीएसटी और केंद्रीय उत्पाद शुल्क आयुक्त की ओर से दायर अपील विचारणीय नहीं थी। सुप्रीम कोर्ट ने बंबई हाईकोर्ट के 12 जून के आदेश पर रोक लगाते हुए कहा कि हाईकोर्ट राजस्व का संरक्षक नहीं है। शीर्ष अदालत की पीठ ने 20 जून के अपने आदेश में कहा, प्रथम दृष्टया, हाईकोर्ट अपील को विचारणीय नहीं मानने और यह दर्ज करने के बाद कि रिट याचिका तथा अपील अप्रयुक्त के रूप में निपटा दी गई हैं, स्थगन का आदेश पारित नहीं कर सकता था। सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश फर्म द्वारा हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। पीठ ने कहा कि हाईकोर्ट ने एक रिट याचिका के साथ राजस्व विभाग की ओर से दायर अपील का भी निपटारा कर दिया है। इसने यह भी उल्लेख किया कि यह अपील केंद्रीय उत्पाद शुल्क अधिनियम, 1944 की धारा 35जी के तहत मुंबई में सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क और सेवा कर अपीलीय न्यायाधिकरण (सीईएसटीएटी) के जनवरी 2025 के आदेश के खिलाफ दायर की गई थी। न्यायाधिकरण ने फर्म की सेवा-कर अपील को अनुमति दी थी।

## सीमा पर योग



11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर भारतीय सेना के जवानों ने ऊंचे पर्वतीय इलाकों से लेकर सीमावर्ती क्षेत्रों तक एकजुट होकर योगाभ्यास किया। यह वीडियो देशभक्ति और मानसिक-शारीरिक संतुलन का अद्भुत प्रतीक बना।। एजेंसी

# राहुल देश की प्रगति को कमतर आंकने में व्यस्त : भाजपा

नई दिल्ली, एजेंसी

- कांग्रेस नेता के मेक इन इंडिया को लेकर दिए बयान पर भाजपा ने किया पलटवार

भाजपा ने शनिवार को राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश में हो रहे बदलाव कांग्रेस नेता को नहीं दिख रहे क्योंकि वह देश की प्रगति को कमतर आंकने में व्यस्त हैं। भाजपा का यह बयान राहुल गांधी द्वारा प्रधानमंत्री मोदी पर प्रहार करने के बाद आया है।

कांग्रेस नेता ने कहा था कि मोदी को नारे देने की कला में महारत हासिल है, लेकिन कोई समाधान नहीं दिया। उन्होंने दावा किया कि मेक इन इंडिया पहल के बावजूद भारत में विनिर्माण रिकॉर्ड निम्न स्तर पर है। इस पर पलटवार करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने एक्स पर कहा, राहुल, भारत में हर कोई परिवर्तन देख सकता है, सिवाय आपके। शायद इसलिए कि आप भारत की प्रगति को कमतर आंकने में इतने व्यस्त हैं कि आपको इस बारे में पता ही नहीं है। ऑपरेशन सिंदूर भारत की विनिर्माण क्षमता का नवीनतम और ऐतिहासिक उदाहरण है। मेक इन इंडिया के तहत हुई प्रगति के आंकड़ों का हवाला देते हुए आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने कहा कि राहुल गांधी के विमर्श पुराने, गलत सूचना वाले और वास्तविकता से दूर हैं। उन्होंने एक्स' कहा, भारत आगे बढ़ रहा है। भारत नेतृत्व कर रहा है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत आयातक से वैश्विक विनिर्माण महाशक्ति बन गया है। भंडारी ने कहा कि 2014 से प्रधानमंत्री के नेतृत्व में इंजीनियरिंग निर्यात में 60% की वृद्धि हुई है, जबकि रक्षा निर्यात 686 करोड़ से बढ़कर 23,000 करोड़ से अधिक का हो गया है।

### नए विचारों के बिना प्रधानमंत्री ने सरेंडर कर दिया: राहुल गांधी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि देश में विनिर्माण रिकॉर्ड निचले स्तर पर है और इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं को सिर्फ असेंबल और आयात किया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने इस संदर्भ में नए विचारों के बिना सरेंडर कर दिया है। राहुल ने दिल्ली के नेहरू प्लेस में लैपटॉप और मोबाइल की दुकान का दौरा किया। इसका वीडियो उन्होंने साझा किया।

# भारत माता विवाद पर सड़कों पर प्रदर्शन

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

- भारत माता की तस्वीर पर राज्यपाल आर्लेकर और एलडीएफ सरकार में तल्खी

केरल के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर को लेकर भारत माता की तस्वीर पर उठे विवाद के कारण शनिवार को विरोध प्रदर्शन और तीखी बयानबाजी हुई। इससे पहले प्रदेश में सत्तारूढ़ माकपा के आधिकारिक मुखपत्र में राजभवन के खिलाफ एक कड़ा संपादकीय प्रकाशित किया गया।

राजभवन के कार्यक्रमों के दौरान भारत माता की तस्वीर प्रदर्शित करने को लेकर राज्यपाल आर्लेकर और माकपा नेतृत्व वाले एलडीएफ सरकार में तल्खी दिखी है। राज्य में सत्तारूढ़ माकपा के मुखपत्र देशाभिमानी में लिखे संपादकीय में कहा गया है कि राजभवन आरएसएस की शाखा नहीं है। राजभवन से जारी ताजा तस्वीरों के अनुसार, राज्यपाल ने शनिवार को आयोजित योग दिवस समारोह के दौरान भारत माता की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की।

वामपंथी पार्टी के ट्रेड यूनियन संगठन सीटू (सीआईटीयू) ने राजभवन की ओर विरोध मार्च निकाला और राज्यपाल पर आरोप लगाया कि वे राजभवन को आरएसएस का केंद्र बनाने तथा संविधान का उल्लंघन करने की कोशिश कर रहे हैं। छात्र संगठन एसएफआई (स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया) ने केरल विवि के संस्कृत कॉलेज के सामने बैनर लगाया, जिसमें लिखा था कि राजभवन आरएसएस की संपत्ति नहीं है। कोझिकोड में भाजपा की युवा शाखा, भाजयुमो ने सामान्य शिक्षा मंत्री वी. शिवनकुट्टी के खिलाफ काले झंडे लहराए। मंत्री ने राजभवन में भारत माता की तस्वीर लगाने के विरोध में हाल ही में कार्यक्रम का बहिष्कार किया था। पुलिस ने संगठन के कार्यकर्ता को तुरंत हिरासत में ले लिया, लेकिन थोड़ी ही देर में पहुंचे एसएफआई कार्यकर्ताओं ने जिले के थाली इलाके में उसे धक्का दिया और मारपीट की।

# वायुसेना ने दान किए गए अंगों को पुणे से दिल्ली पहुंचाया


**नई दिल्ली।** भारतीय वायुसेना और सशस्त्र बल चिकित्सा सेवाओं ने रात भर के अभियान के बाद एयरलिफ्ट करके दान किए अंगों - एक लीवर और दो गुर्दे को पुणे के कमांड अस्पताल से दिल्ली के आर्मी अस्पताल में पहुंचाया। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

अंगों को एक ब्रेन-डेड व्यक्ति द्वारा दान किया गया था, जो एक सेवारत सैनिक का आश्रित था। ब्रेन डेड होना उस शारीरिक अवस्था को कहते हैं, जब उसका दिमाग क्रिया और प्रतिक्रिया करना बंद कर देता है और कानूनन उसे मृत माना जाता है। वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, वायु सेना और सशस्त्र बल चिकित्सा सेवाओं ने दान किए अंगों को एयरलिफ्ट कर कमांड अस्पताल, पुणे से दिल्ली के आर्मी अस्पताल (आर एंड आर) में पहुंचाया।



# 2029 के चुनाव में अपनी भूमिका पर बोले केंद्रीय मंत्री गडकरी- फिल्म अभी बाकी है

नागपुर, एजेंसी



- गडकरी ने कहा- पार्टी तय करेगी जिम्मेदारियां, उसे वह निभाएंगे

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने शनिवार को 2029 के आम चुनाव में अपनी भूमिका पर कहा कि 11 वर्षों में जो कुछ देखा गया वह सिर्फ एक न्यूज रील थी और असली फिल्म अभी आनी बाकी है। गडकरी ने कहा कि पार्टी ही जिम्मेदारियां तय करती है और जो भी जिम्मेदारी तय हो, उसे वह निभाएंगे।

उन्होंने मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर पूर्व भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि उनकी व्यक्तिगत इच्छा विदर्भ में किसानों की आत्महत्या रोकने की दिशा में काम करना है। केंद्रीय मंत्री गडकरी ने कहा, आजकल मैं सड़क निर्माण के बजाय कृषि और अन्य सामाजिक पहलों पर अधिक काम करता हूं।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत की प्रति व्यक्ति आय दुनिया में शीर्ष 10 में जनसंख्या के कारण नहीं है। जनसंख्या नियंत्रण विधेयक का समर्थन करते हुए उन्होंने कहा कि यह कोई धार्मिक या भाषाई मुद्दा नहीं है। यह आर्थिक मुद्दा है। इतना विकास होने के बावजूद, परिणाम दिखाई नहीं दे रहे हैं। इसका कारण बढ़ती जनसंख्या है। गडकरी ने 2014 से सत्तासीन मोदी सरकार की विभिन्न उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।



# शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 1.39% घटा

## सरकारी आंकड़ों के अनुसार कर संग्रह 4.59 लाख करोड़ रुपये रहा

- कर संग्रह में गिरावट और ज्यादा रिफंड के कारण अग्रिम कर संग्रह नरम रहा

नई दिल्ली, एजेंसी



चालू वित्त वर्ष (2025-26) में अब तक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह सालाना आधार पर 1.39 प्रतिशत घटकर 4.59 लाख करोड़ रुपये रहा। सरकार द्वारा शनिवार को जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। कर संग्रह में गिरावट और ज्यादा रिफंड के कारण अग्रिम कर संग्रह नरम रहा।

आंकड़ों के अनुसार, एक अप्रैल से 19 जून, 2025 के दौरान अग्रिम कर संग्रह मात्र 3.87% बढ़कर 1.56 लाख करोड़ रुपये रहा। पिछले साल में तुलनात्मक अवधि में, अग्रिम कर संग्रह में 27% की वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई थी। कॉरपोरेट्स द्वारा चुकाया गया अग्रिम कर 5.86% की वृद्धि के साथ 1.22 लाख करोड़ रुपये हो गया, जबकि व्यक्तियों, एचयूएफ और फर्मों सहित गैर-कॉरपोरेट द्वारा चुकाया गया कर 2.68% की गिरावट के साथ 33,928 करोड़ रुपये रह गया। अग्रिम कर का भुगतान चार किस्तों - जून, सितंबर, दिसंबर और मार्च में में किया जाता है।

### रिफंड जारी करने की राशि में 58% की वृद्धि

चालू वित्त वर्ष में 19 जून तक रिफंड जारी करने की राशि 58% बढ़कर 86,385 करोड़ रुपये हो गई। चालू वित्त वर्ष में अब तक सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह 5 .45 लाख करोड़ रहा, जो एक साल पहले की समान अवधि से 4 .86% अधिक है। कुल मिलाकर, शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह एक अप्रैल से 19 जून, 2025 के दौरान लगभग 4 .59 लाख करोड़ रहा, जो 2024 में इसी अवधि में एकत्र किए गए 4 .65 लाख करोड़ से 1.39% कम है।

### कॉरपोरेट कर संग्रह में 1.73 लाख करोड़ की मंदी

एक अप्रैल से 19 जून, 2025 के दौरान शुद्ध कॉरपोरेट कर संग्रह में लगभग 1.73 लाख करोड़ रुपये की मंदी देखी गई, जो पिछले साल की तुलना में 5% से अधिक की गिरावट है। गैर-कॉरपोरेट कर संग्रह, जिसमें मुख्य रूप से व्यक्तिगत आयकर शामिल है, 0 .7% की मामूली वृद्धि के साथ 2 .73 लाख करोड़ रुपये हो गया। इस अवधि के दौरान प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) 12 प्रतिशत बढ़कर 13,013 करोड़ रुपये हो गया। चालू वित्त वर्ष (2025-26) में सरकार ने प्रत्यक्ष कर संग्रह 25 .20 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान लगाया है, जो पिछले साल की तुलना में 12 .7 प्रतिशत अधिक है। सरकार ने 19 जून तक अपने प्रत्यक्ष कर लक्ष्य का 18 .21 प्रतिशत संग्रह किया है। सरकार का लक्ष्य चालू वित्त वर्ष में एसटीटी से 78,000 करोड़ रुपये एकत्र करना है।

# सरकार ने सौर ऊर्जा स्थापना में तेजी को स्टार्टअप किया शुरू

**नई दिल्ली।** नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) ने शनिवार को 2.3 करोड़ रुपये की स्टार्टअप नवाचार चुनौती शुरू करने की घोषणा की। इसका उद्देश्य देश में छत वाले सौर पैनल की स्थापना और नवीकरणीय ऊर्जा स्वीकार्यता में तेजी लाना है।

मंत्रालय ने कहा कि इस नवाचार चुनौती का उद्देश्य छत वाले सौर (रूफटॉप सोलर) और वितरित नवीकरणीय ऊर्जा पारिस्थितिकी तंत्र के लिए सफल समाधानों की पहचान करना और उनका समर्थन करना है। नवीकरणीय ऊर्जा कार्यबल के लिए कौशल विकास पर राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान रूफटॉप सोलर (आरटीएस) और वितरित अक्षय ऊर्जा (डीआरई) प्रौद्योगिकियों पर अभिनव परियोजना 'स्टार्ट-अप चैलेंज' का शुभारंभ किया गया।

# डिबेंचर : सुरक्षित और स्थिर आय का स्रोत



डिबेंचर का उपयोग कंपनियां पूंजी जुटाने के लिए जारी करती हैं। यह निश्चित अवधि के लिए होता है और इस पर निवेशक को निश्चित ब्याज मिलता है। डिबेंचर में निवेश करने वाले व्यक्ति कंपनी के शेयरधारक नहीं होते, बल्कि वे कंपनी को उधार देने वाले होते हैं। निवेशक को परिपक्वता पर मूलधन लौटाया जाता है और नियमित ब्याज मिलता है। यह निवेश उनके लिए उपयुक्त है जो सुरक्षित और स्थिर आय चाहते हैं। हालांकि, इसमें कुछ जोखिम भी होते हैं जैसे डिफॉल्ट रिस्क, ब्याज दर में बदलाव आदि।

### क्या है डिबेंचर

- डिबेंचर लिखित वादा है, जिसमें कंपनी यह आश्वासन देती है कि वह एक निश्चित ब्याज दर पर तय समय में निवेशक को पैसा चुकाएगी। ये सिक्योर्ड और अनसिक्योर्ड हो सकते हैं, यानि कुछ डिबेंचर परिसंपत्तियों से सुरक्षित होते हैं और कुछ नहीं।

### कैसे करें निवेश

- निवेशक डिबेंचर को प्राथमिक बाजार से आईपीओ के जरिए या द्वितीयक बाजार से खरीद सकते हैं। डीमैट अकाउंट के जरिए डिबेंचर में निवेश करना होता है। रेटेड डिबेंचर ( क्रिसिल, आईसीआरए जैसी एजेंसियों की ओर से रेटेड) को प्राथमिकता देना चाहिए।

### निवेशकों को लाभ

- **निश्चित आय :** डिबेंचर पर तय ब्याज मिलना।
- **जोखिम :** उच्च-रेटिंग वाले डिबेंचर सुरक्षित।
- **की सुरक्षा :** तय समय पर मूलधन मिलना।
- **डायवर्सिफिकेशन :** पोर्टफोलियो में विविधता।

### जोखिम पर भी रहे ध्यान

- **डिफॉल्ट रिस्क :** कंपनी दिवालिया हो जाए तो भुगतान नहीं हो सकता।
- **ब्याज दर :** मार्केट में ब्याज दर बढ़ने पर डिबेंचर की वैल्यू घट सकती है।
- **लिक्विडिटी रिस्क :** द्वितीयक बाजार में इन्हें बेचना कठिन हो सकता है।

### ध्यान देने योग्य बातें

- कंपनी की क्रेडिट रेटिंग की जांच करें। निवेश की अवधि और ब्याज दर को समझें। कर और परिपक्वता विकल्प का आकलन करें।

# म्यूचुअल फंड नियमों को निवेशकों, उद्योग के लिए अधिक अनुकूल बनाने की योजना: सेबी

कोलकाता, एजेंसी



भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) म्यूचुअल फंड नियमों की व्यापक समीक्षा कर रहा है ताकि उन्हें अधिक निवेशक-केंद्रित और उद्योग-अनुकूल बनाया जा सके। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी।

सेबी के कार्यकारी निदेशक मनोज कुमार ने इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स (आईसीसी) के 17वें म्यूचुअल फंड शिखर सम्मेलन में कहा, हम नियामक सहित सभी हितधारकों के लिए कारोबार को आसान बनाने के लिए संपूर्ण म्यूचुअल फंड नियामक ढांचे की समीक्षा कर रहे हैं। हितधारकों ने कहा कि इस क्षेत्र को नियंत्रित करने वाले मौजूदा नियम सबसे लंबे हैं और निवेशकों की उभरती जरूरतों और उद्योग के नवाचारों के साथ तालमेल बनाए रखने के लिए सरलीकरण की जरूरत है। कुमार ने नए नियमों के लागू होने की कोई समयसीमा बताए बिना कहा, प्रक्रिया शुरू हो गई है और जल्द ही हम प्रतिक्रिया और परामर्श प्रक्रिया के लिए मसौदा नियम लेकर आएंगे। कुमार ने भारत के प्रतिभूति बाजार को मजबूत करने के लिए नियामक के रणनीतिक खाके को रेखांकित किया, जिसमें म्यूचुअल फंड को समावेशी वित्तीय विकास और निवेशक संरक्षण को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में स्थापित किया गया है।

# लॉजिस्टिक मंचों से गत वर्ष गिग भर्तियों में 92% वृद्धि

मुंबई, एजेंसी

- भर्ती मंच वर्कइंडिया की रिपोर्ट में दी गई जानकारी

पिछले साल गिग नौकरियों (ऑनलाइन मंच के लिए अस्थायी नौकरी) या फ्रीलांस (काम के आधार पर) अवसरों में सालाना आधार पर 92% की वृद्धि हुई है। भर्ती मंच वर्कइंडिया की रिपोर्ट में कहा गया कि यह ई-कॉमर्स, खानपान की आपूर्ति करने वाले (फूड डिलीवरी) और राइड-हेलिंग मंचों के विस्तार से मजबूत, मांग आधारित श्रम पर बढ़ती निर्भरता को दर्शाता है।

वर्कइंडिया के सीईओ नीलेश डूंगरवाल ने बताया, त्वरित वाणिज्य जैसी कंपनियों ने न केवल मांग पैदा की है, बल्कि उन्होंने आय के एक विश्वसनीय स्रोत के रूप में मान्यता दी है। कई उम्मीदवारों के लिए, विशेष रूप से छोटे शहरों में, डिलीवरी जॉब अब अस्थायी भूमिका नहीं रह गई है, बल्कि वे व्यवहार्य करियर विकल्प हैं। दिल्ली, अहमदाबाद और कोलकाता जैसे शहर लॉजिस्टिक्स नौकरियों के लिए केंद्र के रूप में उभरे हैं, जिनमें से प्रत्येक ने डिलीवरी से संबंधित नौकरी पोस्टिंग में वृद्धि दर्ज की है।

# संसदीय समिति ने दालों, तिलहनों का आयात बढ़ने पर चिंता जताई, सरकार ने कहा- बढ़ रहा है उत्पादन

नई दिल्ली, एजेंसी



- 156.6 लाख टन का आयात खाद्य तेलों की मांग का 56%

सरकार ने एक संसदीय समिति को बताया कि 10 वर्षों में दालों और खाद्य तेलों का घरेलू उत्पादन एक दशक पहले की तुलना में अधिक गति से बढ़ा है। दूसरी ओर सांसदों ने मांग को पूरा करने के लिए आयात पर भारत की निर्भरता पर चिंता जताई है।

कृषि, पशुपालन और खाद्य प्रसंस्करण संबंधी संसद की स्थायी समिति के समक्ष प्रस्तुतीकरण में कहा गया कि 2023-24 में 156.6 लाख टन का आयात, खाद्य तेलों की घरेलू मांग का 56% है। सूत्रों ने कहा कि कृषि मंत्रालय ने 20 जून की बैठक में इस क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के लिए किए जा रहे कार्यों पर जोर दिया और कहा कि 2014-15 और 2024-25 के बीच तिलहन उत्पादन में 55% की वृद्धि हुई है। तीसरे अग्रिम अनुमान में पिछले वित्त वर्ष में तिलहन उत्पादन 426.09 लाख टन होने का अनुमान है। इस तरह 2004-05 और 2014-15 के बीच 13% की वृद्धि हुई थी। सूत्रों ने कहा कि देश पाम तेल की मांग को पूरा करने के लिए पूरी तरह से आयात पर निर्भर है। कुछ सांसदों ने अपेक्षाकृत सस्ते खाद्य तेल से जुड़े स्वास्थ्य संबंधी खतरों का जिक्र किया। मंत्रालय ने कहा कि खाद्य तेल आयात पर भारत की भारी निर्भरता से सालाना 80,000 करोड़ रुपये से अधिक का भार पड़ रहा है।

# तीन शतकों के बावजूद भारतीय टीम 471 रन पर सिमटी

## पहले टेस्ट का दूसरा दिन : इंग्लैंड ने चायकाल तक एक विकेट पर बनाए 107 रन, बुमराह ने लिया एकमात्र विकेट



शतक बनाने के बाद जश्न मनाने के लिए कार्टव्हील करते हुए ऋषभ पंत। ● एजेंसी

**लीड्स, एजेंसी**

रिषभ पंत (134) के शानदार शतक के बावजूद बेन स्टोक्स (66 रन पर चार विकेट) और जोश टोंग (86 रन पर चार विकेट) की अनुशासित गेंदबाजी के चलते इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन शनिवार को भारत की पहली पारी 471 रन पर सिमट गयी। इंग्लैंड ने चायकाल तक एक विकेट खोकर 107 रन बना लिए थे। बेन डकेट (53) और ओली पोप (48) के बीच 103 रन की शतकीय भागीदारी हो चुकी थी।

जसप्रीत बुमराह ने जैक क्राली (4) का विकेट पारी के पहले ही ओवर में चटका कर शानदार शुरुआत की थी मगर बाद में डकेट और पोप की जोड़ी ने इंग्लैंड को संभाल लिया। इससे पहले शुभमन गिल (147),यशस्वी जायसवाल (101) और पंत के शतक की बदौलत शनिवार को एक बड़े स्कोर की ओर बढ़ रहे भारत की पहली पारी को करारा झटका लगा जब लंच के 20 मिनट पहले एक के बाद एक मध्यक्रम के चार बल्लेबाज पवेलियन लौट गये। भारत की पारी को समेटने में स्टोक्स और टोंग की भूमिका अहम रही। के एल राहुल (42) और रविंद्र जडेजा (11) के अलावा अन्य पांच बल्लेबाज अपने निजी स्कोर को दहाई के अंक तक पहुंचाने में असफल रहे। करुण नायर और जसप्रीत बुमराह तो अपना खाता भी नहीं खोल सके वहीं प्रसिद्ध कृष्णा और शार्दुल ठाकुर ने एक एक रन का योगदान दिया।

भारत ने अपनी पहली पारी के कल के स्कोर तीन विकेट पर 359 से आगे खेलना शुरु किया और कप्तान गिल (147) के साथ रिषभ पंत ने खेल के पहले सत्र की शुरुआत शानदार तरीके से की। दोनो बल्लेबाजों ने मैदान के चारों ओर कई दर्शनीय शाट्स लगाये। दोनो के खेल को देख कर लग रहा था कि भारत एक विशाल स्कोर की पटकथा लिखने में सफल होगा। पंत ने इस बीच अपना अपने करियर का सातवों शतक छक्के के साथ पूरा किया। इंग्लैंड को आज पहली सफलता लंच के करीब 20 मिनट पहले मिली जब स्पिनर शोयब बशीर की गेद को उड़ाने के प्रयास में गिल डीप बैकवर्ड स्कैवयर लेग पर खड़े जोश टोंग के हाथों लपके गये। उन्होने अपनी शानदार शतकीय पारी में 227 गेंद खेलकर 19 चौके और एक छक्का लगाया। गिल के आउट होने के बाद करुण नायर बेन स्टोक्स की गेंद पर दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से एक्सट्रा कवर पर लपके गये। पोप ने हवा में उछल कर उनका कैच पकड़ा।


इंग्लैंड को बेन डकेट को आउट करने की जोरदार अपील करते हुए जसप्रीत बुमराह। ● एजेंसी

### भारत पहली पारी

**471/10** (113 ओवर)

| | |
|---|---|
| यशस्वी जायसवाल बो स्टोक्स | 101 |
| केएल राहुल का रूट बो कार्स | 42 |
| सुदर्शन का स्मिथ बो स्टोक्स | 00 |
| शुभमन गिल का टंग बो बशीर | 147 |
| ऋषभ पंत पगबाधा बो टंग | 134 |
| करूण नायर का पोप बो स्टोक्स | 00 |
| रविंद्र जडेजा बो टंग | 11 |
| शार्दुल ठाकुर का स्मिथ बो स्टोक्स | 01 |
| जसप्रीत बुमराह का ब्रूक बो टंग | 00 |
| मोहम्मद सिराज नाबाद | 03 |
| प्रसिद्ध कृष्णा बो टंग | 01 |

**अतिरिक्त** : 31 रन, गेंदबाजी : वोक्स 24- 4-103-0, कार्स 22-5-96-1, टंग 20-0-86-4, स्टोक्स 20-1-66-4, बशीर 27-6-100-1

## सर्वाधिक टेस्ट शतक जड़ने वाले भारतीय विकेटकीपर बने पंत, धोनी को पछाड़ा

**लीड्स, एजेंसी** : ऋषभ पंत टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले भारतीय विकेटकीपर बन गए हैं। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के दूसरे दिन शुक्रवार को कैरियर का सातवां टेस्ट शतक लगाकर महेंद्र सिंह धोनी को पछाड़ा। इस उपलब्धि के लिए महान बल्लेबाजों सचिन तेंदुलकर और सुनील गावस्कर ने पंत की सराहना की। पंत ने भारतीय पारी के सौवें ओवर की पहली गेंद पर शोएब बशीर को छक्का लगाकर इस आंकड़े को छुआ। यह सितंबर 2024 के बाद उनका पहला शतक है जब उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ 109 रन बनाये थे। धोनी ने 90 टेस्ट में 4876 रन बनाये जिसमें छह शतक और 33 अर्धशतक शामिल हैं। पंत ने इस पारी के साथ ही 3000 टेस्ट रन भी पूरे किए। वह 44 टेस्ट में करीब 44 की औसत से 15 अर्धशतक भी लगा चुके हैं। इस सूची में तीसरा नाम रिधिमान साहा का है जिन्होंने दो शतक लगाये हैं। सैयद किरमानी और फारूख इंजीनियर ने भी दो-दो टेस्ट शतक लगाए हैं, जबकि नयन मोंगिया के नाम एक टेस्ट शतक है। पंत के प्रयास की तेंदुलकर ने सराहना की और उनके पैडल स्वीप खेलने को समझदारी भरा कदम बताया। तेंदुलकर ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर लिखा ऋषभ अचानक पैडल स्वीप नहीं खेलने लगा। उसने यह जानबूझकर किया और काफी चतुराई भरा कदम था। इससे वह गेंद के नीचे आया गया और इसे नियंत्रण के साथ लेग स्लिप के ऊपर से स्कूप कर पाया। तेंदुलकर ने चौथे विकेट की 209 रन की साझेदारी के दौरान पंत और गिल द्वारा बशीर के खिलाफ अपनाई गई मनोवैज्ञानिक रणनीति पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा बशीर के स्पेल के दौरान एक और दिलचस्प बात देखने को मिली। शुभमन और ऋषभ गेंदों के बीच में जोर-जोर से हिंदी बोल रहे थे। तेंदुलकर ने कहा यह सिर्फ सामान्य बातचीत नहीं थी। वे गेंदबाज के साथ दिमागी खेल खेल रहे थे, उसकी लय को बिगाड़ने की कोशिश कर रहे थे। ये छोटी-छोटी बातें स्कोरबोर्ड पर नहीं दिखती पर इनका खेल पर काफी असर हो सकता है।

### एक नजर

#### सप्तक तलवार ब्लॉट प्ले9 टूर्नामेंट में संयुक्त नौवें स्थान पर

**प्लेन्यूफ वैल आंद्रे (फ्रांस)** : सप्तक तलवार लगातार दूसरे दौर में एक अंडर 69 के स्कोर से यहां होटल प्लानर टूर के ब्लॉट प्ले9 टूर्नामेंट में संयुक्त नौवें स्थान पर हैं। सप्तक ने दूसरे दौर में अंतिम नौ होल से शुरुआत की और 11वें तथा 15वें होल में बर्डी की। उन्होंने 14वें और 16वें होल में बोगी भी की। सप्तक ने शुरुआती नौ होल के दौरान छठे होल में बर्डी करते हुए एक अंडर का स्कोर बनाया। इंग्लैंड के 40 साल के जेम्स मोरिसन ने बोगी रहित चार अंडर 66 के स्कोर से कुल 10 अंडर के स्कोर से तीन शॉट की बढ़त बना ली है।

#### बायर्न म्यूनिख ने क्लब विश्व कप के अगले दौर में जगह बनाई

**मियामी गार्डन्स (अमेरिका)** : माइकल ओलिस के 84वें मिनट में किए गए गोल की मदद से बायर्न म्यूनिख ने बोका जूनियर्स को 2-1 से हराकर क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के नॉकआउट चरण में जगह बनाई। जर्मन चैंपियन बायर्न ने ग्रुप सी में दो जीत दर्ज की और एक मैच शेष रहते हुए अंतिम 16 में प्रवेश कर लिया। ओलिस ने हार्ड रॉक स्टेडियम में अपनी टीम की जीत सुनिश्चित की। उसकी तरफ से पहला गोल इंग्लैंड के स्टार खिलाड़ी हैरी केन ने 18वें मिनट में किया था। मिगुएल मेरेंटिएल ने हालांकि 66वें मिनट में शानदार गोल करके बोका को बराबरी पर ला दिया था।


**विदाई** : श्रीलंका के एंजेलो मैथ्यूज ने अपने करियर का अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच खेला। श्रीलंका के गॉल में श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच पहले क्रिकेट टेस्ट मैच के अंत में समर्थकों का अभिवादन स्वीकार करते हुए। ● एजेंसी

#### फील्ड रैंच ईस्ट कोर्स में अदिति अशोक कट से चूकीं

**फ्रिस्टको (अमेरिका)** : भारत गोल्फर अदिति अशोक यहां फील्ड रैंच ईस्ट कोर्स में मुश्किल परिस्थितियों में 11 ओवर 83 के खराब प्रदर्शन के साथ केपीएमजी महिला पीजीए चैंपियनशिप में कट से चूक गईं। अदिति ने पहले दौर में भी 81 का स्कोर बनाया था। यह पहली बार है जब अदिति ने किसी मेजर टूर्नामेंट के लगातार दो दौर में 80 से अधिक का स्कोर बनाया। भारतीय गोल्फर ने दूसरे दौर में नौ बोगी और एक डबल बोगी की जबकि वह एक भी बर्डी नहीं लगा पाईं। वह दो दौर में एक भी बर्डी नहीं कर सकीं। टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही 156 खिलाड़ियों में से सिर्फ सात ही दूसरे दौर के बाद अंडर-पार का स्कोर बना पाई हैं। दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी जीनो थिटिकुल दूसरे दौर में दो अंडर 70 के स्कोर से कुल छह अंडर 138 के स्कोर से शीर्ष पर हैं।

# गिल के फुटवर्क से प्रभावित हुए गांगुली

**कोलकाता, एजेंसी**

● **कहा- अगर पैर का शानदार मूवमेंट कायम रखते हैं तो खूब रन बनाएंगे विदेश में शुभमन**



इंग्लैंड की मुश्किल परिस्थितियों में शुभमन गिल के 'फुटवर्क' से बेहद प्रभावित पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली को उम्मीद है कि यदि लीड्स में मैच के पहले दिन की तरह ही उनके पैरों की मूवमेंट शानदार रही तो यह युवा भारतीय कप्तान विदेशी परिस्थितियों में भी ढेरों रन बनाएगा।

कप्तान के तौर पर अपना पहला टेस्ट खेल रहे गिल ने शतकीय पारी खेली। जिसमें कई बेहतरीन ड्राइव शामिल रहे। भारत ने पहले दिन का खेल तीन विकेट पर 359 रन पर समाप्त किया जिससे इंग्लैंड का गेंदबाजी आक्रमण कमजोर नजर आया। घरेलू गेंदबाजों ने ज्यादातर 'मिडिल और ऑफ' स्टंप लाइन पर फुल लेंथ की गेंदबाजी की और गिल ने चुनौती का सामना शानदार तरीके से किया। साथ ही कुछ बेहतरीन ड्राइव लगाए। गांगुली ने पीटीआई को दिए विशेष साक्षात्कार में कहा मैं विदेशी सरजमीं पर उनके पैरों की मूवमेंट देखकर बहुत खुश हूं। विदेशी धरती पर इसमें काफी सुधार हुआ है। शुभमन के पैर का मूवमेंट शानदार था, उन्होंने कोई गलती नहीं की।

इस पूर्व भारतीय कप्तान ने कहा मुझे लगता है कि इंग्लैंड को उस विकेट पर (पहले) गेंदबाजी नहीं करनी चाहिए थी और उन्होंने अच्छी गेंदबाजी भी नहीं की। उनके (गिल के) पैरों का मूवमेंट शानदार था, मुझे उम्मीद है कि यह उनके लिए स्थायी बात होगी क्योंकि अगर वह इंग्लैंड और विदेशी परिस्थितियों में इसी तरह बल्लेबाजी करते रहे तो वह बहुत रन बनाएंगे। गांगुली ने कहा अगर वह इसी तरह खेलते रहे तो उनका औसत भी 40-45 तक बढ़ जाएगा।

### भारत को पहला टेस्ट जीतना चाहिए ऐसा मौका बार-बार नहीं मिलेगा

**कोलकाता, एजेंसी** : भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने शनिवार को कहा कि भारत को इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में शानदार शुरुआत के बाद जीत दर्ज करनी चाहिए क्योंकि ऐसे मौके उन्हें हर रोज नहीं मिलेंगे। भारत ने यशस्वी जायसवाल, कप्तान शुभमन गिल और ऋषभ पंत के शतकों की मदद से पहली पारी में 471 रन बनाए। गांगुली को लगता है कि पहले दिन तीन विकेट पर 359 रन बनाने के बाद भारत 600 रन का आंकड़ा छूने की स्थिति में था। उन्होंने कहा किसी को भी उम्मीद नहीं थी कि हेडिंग्ले इतना सूखा रहेगा। लेकिन अगर वे (भारत) 600 रन बना लेते हैं तो गेंद को थोड़ा असमान उछाल मिलेगा। भारत को यह मैच जरूर जीतना चाहिए। उन्हें यह मौका फिर नहीं मिलेगा। लेग स्पिनर कुलदीप यादव और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को अंतिम एकादश में जगह नहीं मिली। गांगुली ने कहा कि वह प्रसिद्ध कृष्णा की जगह अर्शदीप को तरजीह देते। गांगुली ने कहा, ''कुलदीप धीरे-धीरे खेलेंगे। यह एक लंबी श्रृंखला है। मैं अर्श को खिलाता क्योंकि उनका कोण अलग है (बाएं हाथ का गेंदबाज होने के कारण)।

## साउथी ने स्टोक्स के फैसले का बचाव किया

**लीड्स** : इंग्लैंड के तेज गेंदबाजी सलाहकार टिम साउथी ने हेडिंग्ले की सूखी विकेट पर पहले गेंदबाजी करने के कप्तान बेन स्टोक्स के फैसले का बचाव करते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद थी कि शुरुआती सत्र में पिच गेंदबाजों के अनुकूल होगी, लेकिन भारत के युवा और प्रतिभाशाली बल्लेबाजों ने शानदार प्रदर्शन करके उन्हें निराश कर दिया।

पांच मैचों की श्रृंखला के पहले टेस्ट में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का इंग्लैंड का फैसला गलत साबित हुआ। कप्तान शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल ने सुखी पिच पर शतक लगाए, जिससे भारत ने शुक्रवार को पहले दिन तीन विकेट पर 359 रन बना लिए।

# स्टोक्स के फैसले पर वॉन ने जताई हैरानी

**लीड्स, एजेंसी**



पूर्व कप्तान माइकल वॉन हेडिंग्ले के सूखे विकेट पर पहले गेंदबाजी करने के इंग्लैंड के फैसले से हैरान हैं। क्योंकि भारत ने इसका पूरा फायदा उठाकर पहले टेस्ट मैच के पहले दिन तीन विकेट पर 359 रन बना लिए।

वॉन ने कहा कि मौजूदा इंग्लैंड टीम का मजबूत पक्ष निश्चित रूप से उसकी बल्लेबाजी है, गेंदबाजी नहीं। उन्होंने बीबीसी टेस्ट मैच स्पेशल से कहा मैं पुराने जमाने का परंपरावादी हूं। यहां लीड्स में जब धूप खिली हो और मौसम शुष्क हो, तो आप बल्लेबाजी करते हैं। वॉन ने कहा इंग्लैंड की वर्तमान टीम का मजबूत पक्ष बल्लेबाजी है। उसकी गेंदबाजी में इस समय अनुभव की कमी है। बेन (स्टोक्स) को स्पष्ट रूप से अपनी अंदरूनी भावना का अहसास था और कभी-कभी यह कारगर भी रहा। स्टोक्स के 2022 में कप्तान और ब्रेंडन मैकुलम के कोच बनने के बाद से इंग्लैंड ने पहले क्षेत्ररक्षण करना पसंद किया है। स्टोक्स का निर्णय इस मैदान के हालिया रिकॉर्ड से भी प्रभावित हो सकता है, जहां पिछले छह टेस्ट मैचों में पहले क्षेत्ररक्षण करने वाली टीम ने मैच जीता है।

# सबालेंका ने बर्लिन ओपन में रयबाकिना को हराया

**बर्लिन, एजेंसी** : शीर्ष वरीयता प्राप्त एरिना सबालेंका ने शुक्रवार को बर्लिन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में चार मैच प्वाइंट बचाकर एलेना रयबाकिना को 7-6, 3-6, 7-6 से हराया।



सबालेंका अंतिम सेट के टाइब्रेक में 6-2 से पीछे थीं, लेकिन उन्होंने जोरदार वापसी की तथा लगातार छह अंक जीतकर सत्र के अपने आठवें सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सबालेंका का अगला मुकाबला मार्केटा वोंद्रोसोवा से होगा, जिन्होंने ओन्स जाबेउर को 6-4, 6-1 से हराया। लियुडमिला सैमसोनोवा ने भी अमांडा अनिसिमोवा पर 6-1, 6-1 से जीत हासिल की। उनका अगला मुकाबला वांग झिन्यू या पाउला बाडोसा से होगा।

## महिला पहलवानों ने अंडर 23 एशियाई चैंपियनशिप में खिताब जीता

**वुंग ताऊ (वियतनाम)** : भारतीय महिला पहलवानों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर-23 एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में चार स्वर्ण और पांच रजत सहित सभी 10 वर्गों में एक-एक पदक जीतकर टीम खिताब अपने नाम किया। प्रियांशी प्रजापत (50 किग्रा), रीना (55 किग्रा), सृष्टि (68 किग्रा) और प्रिया (76 किग्रा) ने स्वर्ण पदक जीते। भारत की पांच अन्य पहलवानों ने भी फाइनल में जगह बनाई थी लेकिन आखिर में उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

नेहा शर्मा (57 किग्रा), तन्वी (59 किग्रा), प्रगति (62 किग्रा), शिक्षा (65 किग्रा) और ज्योति बेरवाल (72 किग्रा) ने रजत पदक जीते जबकि हिनाबेन खलीफा (53 किग्रा) ने कांस्य पदक हासिल किया। ग्रीको-रोमन शैली में सुमित ने 63 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता जबकि नितेश (97 किग्रा) और अंकित गुलिया (72 किग्रा) ने कांस्य पदक जीते। पुरुषों की फ्रीस्टाइल स्पर्धाओं में विक्की ने 97 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता।

### जीत की जंग


ग्रेट ब्रिटेन की जॉर्जिया हंटर बेल (बीच में) और केन्या की नेली चेपचिरचिर (दूसरी बाईं ओर) पेरिस के स्टेड चार्लेटी में मीटिंग डे पेरिस डायमंड लीग एथलेटिक्स मीट के दौरान महिलाओं की 1500 मीटर दौड़ में प्रतिस्पर्धा करती हुई। ● एजेंसी

# नीरज ने जीता पेरिस डायमंड लीग का खिताब

**पेरिस, एजेंसी**

● **88.16 मीटर का थ्रो कर जूलियन वेबर को पछाड़ा**

● **नीरज चेक वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर के साथ ले रहे हैं प्रशिक्षण**

दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने पेरिस डायमंड लीग 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए 88.16 मीटर का थ्रो किया। उन्होंने जर्मनी के जूलियन वेबर को पछाड़ते हुए खिताब अपने नाम किया। नीरज ने बताया कि वह डायमंड लीग में 90 मीटर के पार फेंकने की कोशिश में थे, लेकिन रन-अप तेज हो जाने के कारण वह अपनी गति पर नियंत्रण नहीं रख पाए।

उन्होने ओलंपिक्स डॉट काम से कहा मैं आज 90 मीटर से ज्यादा की उम्मीद कर रहा था, लेकिन रन-अप बहुत तेज था और मैं कंट्रोल नहीं कर सका। फिर भी डायमंड लीग जीतकर बहुत अच्छा लग रहा है क्योंकि काफी समय बाद खिताब हासिल हुआ है। इससे पहले नीरज ने मई में दोहा डायमंड लीग में 90.23 मीटर का थ्रो कर न केवल अपने करियर की



नीरज चोपड़ा।

सर्वश्रेष्ठ दूरी फेंकी थी, बल्कि भारतीय राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी तोड़ा था। हालांकि उस प्रतियोगिता में जूलियन वेबर ने 91.06 मीटर का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ थ्रो कर उन्हें दूसरे स्थान पर धकेल दिया था। नीरज इस सीजन में चेक गणराज्य के दिग्गज और वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर जान जेलेजनी के साथ ट्रेनिंग कर रहे हैं।

जेलेजनी ने अपने करियर में 90 मीटर की दूरी 50 से अधिक बार पार की है और 1996 में 98.48 मीटर का भाला फेंक विश्व रिकॉर्ड बनाया था, जो आज भी कायम है। नीरज ने कहा, हम तकनीकों पर काम कर रहे हैं और उनके साथ ट्रेनिंग करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। अगर मैं जान के साथ ट्रेनिंग कर रहा हूं, तो 90 मीटर पार करना जरूरी है। उन्होंने यह कई बार कर दिखाया है।

### वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप की तैयारी है मकसद : चोपड़ा

नीरज चोपड़ा की तैयारी का खास मकसद वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप है, जो सितंबर में टोक्यो में होगी। यही स्टेडियम है जहां नीरज ने 2021 ओलंपिक में गोल्ड मेडल जीता था। नीरज ने कहा इस साल का सबसे बड़ा लक्ष्य वर्ल्ड चैंपियनशिप है। टोक्यो का स्टेडियम मेरे लिए खास है क्योंकि वहीं मैंने ओलंपिक गोल्ड जीता था। वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप 13 से 21 सितंबर के बीच आयोजित की जाएगी। पिछली बार 2023 में बुडापेस्ट में नीरज चोपड़ा ने पहली बार इस प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीता था।

## भारतीय महिला हॉकी टीम बेल्जियम से 1-5 से हारी



**एंटवर्प (बेल्जियम),एजेंसी**

भारतीय महिला हॉकी टीम का एफआईएच प्रो लीग में लचर प्रदर्शन यहां शनिवार को भी जारी रहा जब टीम को बेल्जियम के खिलाफ 1-5 की करारी हार का सामना करना पड़ा। टूर्नामेंट के यूरोपीय चरण में यह भारतीय टीम की लगातार पांचवीं हार है। टीम ने इससे पहले लंदन में ऑस्ट्रेलिया और अर्जेन्टीना के खिलाफ दो-दो मैच गंवाए। शनिवार को दीपिका (छठे मिनट) ने भारत को बढ़त दिलाई लेकिन मध्यांतर के बाद बेल्जियम की टीम पूरी तरह हावी रही और हेलेन ब्रेसेर (37वें और 55वें), लूसी ब्रेन (41वें मिनट), एंब्रे बेलेंगहीन (54वें मिनट) और चार्लोट एंगलबर्ग (58वें मिनट) के गोल की बदौलत आसान जीत दर्ज करने में सफल रही।



संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन के लोग अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग करते हुए।

# पूरी दुनिया ने उत्साह से मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

## संरा मुख्यालय में आयोजित समारोह में 1,200 से अधिक योग साधकों, राजनयिकों, अधिकारियों ने की शिरकत

न्यूयॉर्क/बीजिंग, एजेंसी

दुनिया भर के हजारों लोगों ने शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर भारत की इस प्राचीन विधा का अभ्यास किया और इस मौके पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में जोश और उत्साह के साथ हिस्सा लिया। संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जाने-माने चिकित्सक, लेखक एवं स्वास्थ्य गुरु दीपक चोपड़ा ने एक ध्यान सत्र का नेतृत्व किया।

इस कार्यक्रम की मेज़बानी संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन ने की। संयुक्त राष्ट्र में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह में 1,200 से अधिक योग साधकों, राजनयिकों, संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों, राजनयिक दल के सदस्यों और प्रवासी समुदाय ने भाग लिया। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि एवं राजदूत पी हरीश ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि इस वर्ष योग दिवस का विषय - 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य' है जो 2023 में भारत की जी-20 अध्यक्षता के दौरान प्रस्तुत किए गए 'वसुधैव कुटुंबकम' के दृष्टिकोण पर आधारित है।

इससे पूर्व न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने टाइम्स स्क्वायर एलायंस के साथ मिलकर टाइम्स स्क्वायर पर 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (आईडीवाई) मनाया। मशहूर अभिनेता अनुपम खेर ने टाइम्स स्क्वायर पर आयोजित इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर लंदन के स्ट्रैंड क्षेत्र के एक प्रतिष्ठित चौक पर सैकड़ों लोग एकत्र हुए, जहां भारतीय उच्चायोग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में सामूहिक रूप से योगाभ्यास किया गया। ब्रिटेन में उच्चायुक्त विक्रम दोराईस्वामी ने कार्यक्रम की शुरुआत की।



लंदन में भारतीय उच्चायोग द्वारा आयोजित योग सत्र में हिस्सा लेते लोग।

योग के प्रति अपनी रुचि के लिए प्रसिद्ध 76 वर्षीय चार्ल्स ने अपने संदेश में कहा कि यह वार्षिक उत्सव एकता, करुणा और कल्याण जैसे वैश्विक सिद्धांतों को बढ़ावा देता है।

चीन में हजारों लोगों ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योगाभ्यास किया और कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। यह प्राचीन भारतीय आध्यात्मिक व शारीरिक स्वास्थ्य पद्धति की बढ़ती लोकप्रियता का प्रतीक है।

बीजिंग में भारतीय राजदूत प्रदीप कुमार रावत ने अन्य राजनयिकों के साथ पुराने भारतीय दूतावास परिसर में एक कार्यक्रम में हिस्सा लिया। सिंगापुर में 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 'सुपरट्री लॉन' में आयोजित किया गया।

## एक नजर

### नोट बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़, सात गिरफ्तार

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश के जबलपुर में जाली भारतीय मुद्रा बनाने वाले एक गिरोह का शनिवार को भंडाफोड़ करके सात व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। नगर पुलिस अधीक्षक (गोहलपुर) सुनील नेमा ने संवाददाताओं को बताया कि अधारताल इलाके में एक मकान पर छापेमारी के बाद 18 लाख रुपये मूल्य के जाली नोट बरामद किए गए। उन्होंने कहा, यह गिरोह पूरे राज्य में मुनाफे के लिए 500 रुपये के जाली नोट का आदान-प्रदान कर रहा था। नरसिंहपुर जिले के मुख्य षड्यंत्रकर्ता ऋतुराज विश्वकर्मा ने पिछले एक महीने से अधारताल में किराये के मकान में जाली नोट छापने की बात कबूल की है।

### इजराइल से युद्ध के कारण जर्मन साइकिल चालक पकड़ा

**तेल अवीव।** ईरान ने जासूसी के आरोप में जर्मनी के एक साइकिल चालक को हिरासत में लेने की बात शनिवार को पहली बार स्वीकार की। संभवत: यह तेहरान द्वारा इजराइल के साथ युद्ध के दौरान जर्मनी पर दबाव बनाने का प्रयास है। अर्ध-सरकारी मेहर समाचार एजेंसी ने अनाम व्यक्ति की गिरफ्तारी का वीडियो फुटेज जारी किया। एजेंसी ने हालांकि यह नहीं बताया कि गिरफ्तारी कब हुई, लेकिन साइकिल चालक को मरकजी प्रांत से हिरासत में लेने की बात स्वीकार की गयी। मरकजी प्रांत में ही ईरान का अराक भारी जल रिएक्टर है।

### ट्रंप प्रशासन को फलस्तीन समर्थक के रिहाई के आदेश

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के एक संघीय न्यायाधीश ने शुक्रवार को राष्ट्रपति ट्रम्प प्रशासन को आदेश किया कि वह फिलिस्तीनी समर्थक कार्यकर्ता और कोलम्बिया विश्वविद्यालय के स्नातक महमूद खलील को आव्रजन हिरासत से जमानत पर रिहा करें। ट्रम्प प्रशासन ने उन्हें न्यूयॉर्क शहर में उनके विश्वविद्यालय के स्वामित्व वाले भवन से मार्च में हिरासत में लिया था और तीन महीनों तक लुइसियाना स्थित हिरासत केन्द्र में रखा था। फलस्तीन के समर्थन में चले प्रदर्शन में उनकी भूमिका के लिए ट्रंप प्रशासन उन्हें निर्वासित करना चाहता था। अमेरिका में खलील इकलौता बड़ी हैसियत वाला प्रदर्शनकारी था जिसे हिरासत में लिया गया था।

# ईरान के परमाणु अनुसंधान केन्द्र पर हमला

## तीन वरिष्ठ ईरानी कमांडरों की मौत, ईरानी और यूरोपीय अधिकारियों के बीच कूटनीतिक वार्ता विफल

तेल अवीव, एजेंसी

इजराइल की सेना ने शनिवार को कहा कि उसने बीती रात ईरान की परमाणु अनुसंधान सुविधा पर हमला किया और निशाना बनाकर किए गए हमलों में तीन वरिष्ठ ईरानी कमांडरों की मौत हो गई। दोनों देशों के बीच युद्ध दूसरे सप्ताह में प्रवेश कर गया है। शनिवार सुबह इस्फहान में एक पर्वत के निकट इलाके से धुआं उठता दिखाई दिया, जहां एक स्थानीय अधिकारी ने कहा कि इजराइल ने दो बार परमाणु अनुसंधन सुविधा पर हमला किया।

इजराइली सेना के एक अधिकारी के अनुसार निशाने पर दो सेंट्रिफ्यूज उत्पादन स्थल थे। ईरान के परमाणु कार्यक्रम को तहस-नहस करने के इजराइल के लक्ष्य के तहत 24 घंटे में इस्फहान में हुआ यह दूसरा हमला था। इस्फहान प्रांत के सुरक्षा मामलों के डिप्टी गवर्नर अकबर सालेही ने पुष्टि की कि इजराइली हमलों में सुविधा को नुकसान पहुंचा है, लेकिन कोई व्यक्ति हताहत नहीं हुआ। ईरान ने एक बार फिर इजराइल पर ड्रोन और मिसाइल दागे, लेकिन तत्काल कोई महत्वपूर्ण नुकसान की जानकारी नहीं मिली है। इजराइल की डेविड एडोम बचाव सेवा ने शनिवार को कहा कि उत्तरी इजराइल में दो मंजिला इमारत पर एक ईरान ड्रोन गिरा, लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ।

इस बीच दोनों देशों के दरमियान तनाव कम करने के उद्देश्य से स्विटजरलैंड के जेनेवा में घंटों चली कूटनीतिक वार्ता बेनतीजा रही। यूरोपीय अधिकारियों ने भविष्य में वार्ता की आशा व्यक्त की जबकि ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अरागची ने कहा कि वह आगे भी वार्ता के लिए तैयार हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इजराइल की ओर से लगातार हमले किए जाने के कारण ईरान को अमेरिका के साथ वार्ता करने में कोई रुचि नहीं है। उन्होंने पत्रकारों से कहा, यदि हमले बंद हो जाएं और हमलावर को उसके अपराधों के लिए जवाबदेह ठहराया जाए तो ईरान कूटनीतिक कदमों पर विचार करने के लिए तैयार है।

वार्ता के लिए कोई अगली तारीख तय नहीं की गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप संघर्ष में अमेरिकी सेना की सक्रिय भागीदारी पर विचार कर रहे हैं, जिसके बारे में अरागची ने शनिवार को कहा कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण होगा। इस्तांबुल में इस्लामिक सहयोग संगठन की बैठक से इतर अरागची ने कहा, मुझे लगता है कि यह सभी के लिए बहुत खतरनाक होगा। इजराइल ने 13 जून को ईरान परमाणु और सैन्य ठिकानों, शीर्ष जनरलों और परमाणु वैज्ञानिकों को निशाना बनाकर हमले किए थे, जिसके जवाब में ईरान की ओर से हवाई हमले किए जाने के बाद दोनों देशों के बीच युद्ध छिड़ गया था। वाशिंगटन में स्थित ईरानी मानवाधिकार समूह के अनुसार, ईरान में 263 आम नागरिकों समेत कम से कम 657 लोग मारे गए हैं और 2,000 से अधिक लोग घायल हुए हैं।



इजराइली हमले में ईरान की न्यूक्लियर साइंटिस्ट पर विस्फाट के बाद उठता धुआं।

### अमेरिका युद्ध में उतरा तो सभी के लिए खतरनाक होगा: ईरान

**तेल अवीव।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि अगर अमेरिका इजराइल के साथ युद्ध में सक्रिय रूप से शामिल होता है तो यह सभी के लिए बेहद खतरनाक होगा। ट्रंप अमेरिकी सैन्य भागीदारी पर विचार कर रहे हैं। अराघची ने इसी संदर्भ में कहा कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण होगा। अराघची ने यह बात जिनेवा से वार्ता के बाद लौटते समय इस्तांबुल में पत्रकारों से बातचीत में कही। अराघची ने कहा कि वह आगे की बातचीत के लिए तैयार हैं, लेकिन इस बात पर जोर दिया कि इजराइल की ओर से हमले जारी रहने के बीच तेहरान को अमेरिका के साथ बातचीत करने में कोई दिलचस्पी नहीं है।

### नेतन्याहू बोले- जब तक उनका देश चाहेगा तब तक ईरान में सैन्य अभियान चलेगा

**तेल अवीव।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि जब तक उनका देश चाहेगा तब तक ईरान में इजराइल का सैन्य अभियान चलेगा, जिसका मकसद ईरान के परमाणु कार्यक्रम और बैलिस्टिक मिसाइलों को खत्म करना है। इजराइल के एक शीर्ष जनरल ने भी इसी तरह की चेतावनी देते हुए कहा कि इजराइली सेना लंबे अभियान के लिए तैयार है। हालांकि नेतान्याहू अमेरिका की मदद के बिना यह लक्ष्य हासिल नहीं कर सकते। माना जा रहा है कि ईरान की फोरदो यूरेनियम संवर्धन सुविधा बंकरों को तबाह करने वाले अमेरिका के बमों से अभी बची हुई है। ट्रंप ने कहा है कि वह ईरान के खिलाफ इजराइल के अभियान में अमेरिका के शामिल होने को लेकर दो सप्ताह में फैसला लेंगे। इजराइल ने कहा कि कुद्स फोर्स के लिए फलस्तीन कोर के कमांडर सईद इज़ादी की कोम शहर के एक अपार्टमेंट में हत्या कर दी गई है। कुद्स फोर्स रिवॉल्यूशनरी गार्ड की एक विशिष्ट शाखा है जो ईरान के बाहर सैन्य व खुफिया अभियान चलाती है। इजराइल ने यह भी कहा कि उसने कुद्स फोर्स की हथियार हस्तांतरण इकाई के कमांडर को भी मार दिया है, जो हिज्बुल्ला और हमास को हथियार मुहैया कराने के लिए जिम्मेदार था। सेना ने कहा कि बेहनाम शाहरियारी की मौत पश्चिमी ईरान में यात्रा करते समय कार में हुई।

# ऑपरेशन सिंधु के तहत अब तक 517 भारतीय नागरिकों को लाया गया स्वदेश

नई दिल्ली, एजेंसी

विदेश मंत्रालय (एमईए) ने शनिवार को कहा कि ऑपरेशन सिंधु के तहत अब तक 500 से अधिक भारतीय नागरिक ईरान से स्वदेश लौट आए हैं। विदेश मंत्रालय ने एक्स पर एक पोस्ट में निकासी अभियान की स्थिति के बारे में जानकारी साझा की।

इजराइल के साथ सैन्य टकराव तेज होने के बाद ईरान से निकाले गए छात्रों समेत भारतीय नागरिक शुक्रवार देर रात और शनिवार तड़के दिल्ली पहुंचे। भारत ने बुधवार को ईरान से अपने नागरिकों को निकालने के लिए ऑपरेशन सिंधु शुरू करने की घोषणा की थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर लिखा, ऑपरेशन सिंधु के तहत एक विमान भारतीय नागरिकों को स्वदेश ले आया है। भारत ने विशेष विमान से छात्रों और तीर्थयात्रियों समेत 290 भारतीय नागरिकों को ईरान से निकाला है। यह विमान 20 जून को रात साढ़े 11 बजे नई दिल्ली पहुंचा और सचिव (सीपीवी और ओआईए) अरुण चटर्जी ने वापस लौटे लोगों का स्वागत किया। एक अन्य पोस्ट में उन्होंने तुर्कमेनिस्तान से आए एक निकासी विमान के बारे में जानकारी साझा की। उन्होंने कहा, ऑपरेशन सिंधु जारी है। ईरान से भारतीयों को लेकर रवाना हुआ विशेष निकासी विमान बीती रात तीन बजे तुर्कमेनिस्तान के अश्गाबात से नयी दिल्ली पहुंचा। इसके साथ ही, ऑपरेशन सिंधु के तहत ईरान से अब तक 517 भारतीय नागरिक स्वदेश लौट चुके हैं।



भारत लौटने के बाद परिजन के साथ छात्रा।

### ईरान में मौजूद सभी भारतीय नागरिकों को निकाल रहा है भारत

**तेहरान।** ईरान और इजराइल में जारी संघर्ष के बीच, भारत ईरान से अपने सभी नागरिकों को निकाल रहा है। यहां स्थित भारतीय दूतावास ने शनिवार को यह जानकारी दी। भारतीय दूतावास ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में आपातकालीन संपर्क नंबर और एक टेलीग्राम चैनल का लिंक प्रदान किया। पोस्ट में कहा गया है कि भारतीय दूतावास ईरान से सभी भारतीय नागरिकों को निकाल रहा है।

# सुप्रीम कोर्ट की इमारत की भव्यता बनाए रखने के लिए शीशे हटाए

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय की इमारत की मूल भव्यता और अन्य व्यवस्था सुलभ बनाने के मद्देनजर न्यायालय कक्षों के सामने लगे शीशे हटाने का फैसला पूर्ण न्यायालय ने लिया था। शीर्ष अदालत की ओर से शनिवार को कहा गया कि शीर्ष अदालत ने बार एसोसिएशनों के सुझाव पर हर पहलू से विचार-विमर्श के बाद यह निर्णय लिया।

कोर्ट ने कहा कि पूर्ण अदालत ने न्यायालय कक्ष संख्या एक से पांच के सामने लगाए गए शीशे (ग्लास ग्लेज़िंग) के संबंध में सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) और सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट्स-ऑन-रिकॉर्ड एसोसिएशन के सुझाव पर गौर किया। मूल भव्यता, दृश्यता, खूबसूरती और न्यायालय कक्ष तक आवाजाही संबंधी चिंताओं को लेकर उठाए गए मुद्दों पर सावधानीपूर्वक विचार करने के बाद यह निर्णय लिया। गौरतलब है कि पिछले वर्ष तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ के कार्यकाल के दौरान केंद्रीकृत एयरकंडीशन की व्यवस्था के उद्देश्य से शीशे के पैनल लगाए गए थे।



# ब्राजील में हॉट एयर बैलून में आग लगने से 8 की मौत, 13 घायल

**रियो डी जेनेरियो।** ब्राजील के दक्षिणी राज्य सांता कैटरीना में शनिवार को एक हॉट एयर बैलून में आग लगने से यह नीचे गिर गया, जिससे आठ लोगों की मौत हो गई। अग्निशमन कर्मियों ने यह जानकारी दी। स्थानीय समाचार आउटलेट जी1 द्वारा साझा की गई वीडियो में 'हॉट एयर बैलून' आग की लपटों से घिरा हुआ और जमीन की ओर गिरता हुआ नजर आ रहा है तथा इससे धुएं का गुबार भी उठ रहा है। सांता कैटरीना के सैन्य अग्निशमन दल ने बताया कि इस हादसे में 13 लोग बच गए हैं और उन्हें अस्पताल ले जाया गया है। 'हॉट एयर बैलून' में चालक सहित 21 लोग सवार थे।

# भारत-पाकिस्तान युद्ध रोकने के लिए मुझे नोबेल पुरस्कार नहीं मिलेगा : ट्रंप

न्यूयॉर्क/वाशिंगटन, एजेंसी



- ट्रंप का झलका दर्द, कहा- मैं चाहे कुछ भी करूं, मुझे नोबेल शांति पुरस्कार नहीं मिलेगा

राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा है कि उन्हें भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध रोकने या रूस-यूक्रेन और इजराइल-ईरान संघर्षों में उनके प्रयासों के लिए नोबेल शांति पुरस्कार नहीं मिलेगा।

ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया मंच ट्रुथ सोशल पर कहा, मैं चाहे कुछ भी करूं, लेकिन मुझे नोबेल शांति पुरस्कार नहीं मिलेगा। राष्ट्रपति ने अपने पोस्ट की शुरुआत इस बात से की कि उन्हें यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि वह विदेश मंत्री मार्को रुबियो के साथ मिलकर कांगो और रवांडा के बीच संघर्ष रोकने के वास्ते एक अद्भुत संधि करा रहे हैं। इस संघर्ष को अन्य युद्धों की तुलना में कहीं अधिक हिंसक रक्तपात और मौतों के लिए जाना जाता है और दशकों तक यह जारी रहा। ट्रंप ने इस बात का उल्लेख किया कि रवांडा और कांगो के प्रतिनिधि इस संबंध में दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने के लिए सोमवार को वाशिंगटन में होंगे। उन्होंने इसे अफ्रीका के लिए और पूरी दुनिया के लिए एक महान दिन बताया। ट्रंप ने हालांकि कहा कि उन्हें उनके किसी भी प्रयास के लिए नोबेल शांति पुरस्कार नहीं मिलेगा।

### ट्रंप को नोबेल के लिए नामांकित करेगा पाकिस्तान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान सरकार ने शनिवार को कहा कि उसने हाल में भारत-पाकिस्तान संघर्ष के दौरान अपने निर्णायक कूटनीतिक हस्तक्षेप के लिए 2026 के नोबेल शांति पुरस्कार के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की औपचारिक रूप से सिफारिश करने का फैसला किया है।

# ईरान के बारे में तुलसी गबार्ड की राय गलत थी: ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड की पूर्व में व्यक्त की गई इस राय को गलत बताया है कि अमेरिका के विचार में ईरान परमाणु हथियार नहीं बना रहा है। शुक्रवार को अपनी सुपर पॉलिटिकल एक्शन कमेटी के लिए धन जुटाने के वास्ते न्यूजर्सी पहुंचने पर ट्रंप से मार्च में कांग्रेस को दिए गए गबार्ड के बयान के बारे में पूछा गया।

दरअसल गबार्ड ने तब कहा था कि अमेरिकी जासूसी एजेंसियों का मानना है कि ईरान परमाणु हथियारों पर काम नहीं कर रहा है। इस पर राष्ट्रपति ने कहा, तो फिर, मेरा खुफिया समुदाय गलत है।

# 16 अरब लॉगइन लीक, एपल-गूगल जैसी कंपनियों के ग्राहकों को खतरा

न्यूयॉर्क, एजेंसी

- साइबर सुरक्षा संस्थान साइबर न्यूज के शोधकर्ताओं ने दी जानकारी

साइबर सुरक्षा संस्थान साइबरन्यूज के शोधकर्ताओं का कहना है कि अरबों की संख्या में लॉग-इन क्रेडेंशियल लीक होने के बाद ऑनलाइन डेटासेट में संकलित हो गए हैं, जिससे अपराधियों को हर दिन उपयोग किए जाने वाले उपयोगकर्ताओं के खातों तक अभूतपूर्व पहुंच मिल गई है।

एक रिपोर्ट के अनुसार, शोधकर्ताओं ने हाल ही में 30 डेटासेट का पता लगा है, जिनमें से प्रत्येक में बड़ी संख्या में लॉग-इन जानकारी दी गई है। कुल मिलाकर 16 अरब से अधिक लॉग-इन जानकारियां लीक हुई हैं, जिनमें गूगल, फेसबुक और एप्पल समेत कई लोकप्रिय प्लेटफॉर्म के उपयोगकर्ताओं के पासवर्ड शामिल हैं। यह संख्या दुनिया की आबादी की तुलना में लगभग दोगुनी है, जिससे संकेत मिलता है कि प्रभावित उपभोक्ताओं के एक से अधिक खातों की जानकारी ली गई होगी। लीक होने की सूचना किसी एक स्रोत से नहीं आई है। यानी ऐसा नहीं है कि किसी एक कंपनी को निशाना बनाकर जानकारी लीक गई हो। अलग-अलग समय पर डेटा चुराया गया और फिर संकलित करके सार्वजनिक रूप से लीक किया गया। साइबरन्यूज ने कहा कि कई तरह के इन्फोस्टीलर्स इसके लिए सबसे अधिक जिम्मेदार हैं।




# नाइजीरिया के रेस्तरां में आत्मघाती हमला 10 लोगों की मौत

**अबूजा।** नाइजीरिया के पूर्वोत्तर राज्य बोर्नो स्थित रेस्तरां में हुए एक आत्मघाती विस्फोट में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई जबकि कई व्यक्ति घायल हो गए। पुलिस प्रवक्ता नहूम दासो ने समाचार एजेंसी 'एसोसिएटेड प्रेस' को बताया कि कोनडुगा क्षेत्र में शुक्रवार देर रात यह विस्फोट हुआ था।

कोनडुगा निवासी इस्माइल अहमद ने बताया कि भारी बारिश के कारण आत्मघाती हमलावर किसी की नजर में नहीं आया। कोनडुगा बोर्नो राज्य की राजधानी माइदुगुरी से लगभग 30 किलोमीटर दूर है। स्थानीय मीडिया ने बताया कि इस हमले में घायल हुए लोगों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

तैयारी

ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से पहले, राजनयिकों ने आतंकवाद से निपटने के लिए अधिक सहयोग का आह्वान किया

# ग्लोबल साउथ के हितों को मुख्यधारा में लाना प्रमुख लक्ष्य

नई दिल्ली, एजेंसी



रियो डी जेनेरियो में अगले महीने होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से पहले, समूह के प्रमुख सदस्य देशों के राजनयिकों ने आतंकवाद से निपटने पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता को रेखांकित किया और ग्लोबल साउथ के हितों और आकांक्षाओं को मुख्यधारा में लाने का आह्वान किया।

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की आक्रामक शुल्क नीति के बीच राजदूतों ने अंतर-ब्रिक्स व्यापार के लिए राष्ट्रीय मुद्राओं के उपयोग के विस्तार का भी समर्थन किया और आर्थिक मुद्दों पर गहन सहयोग की वकालत की। वित्तीय समावेशन के तहत भारत ने ग्लोबल साउथ या विकासशील देशों की समस्याओं के समाधान को बढ़ावा देने में समूह के अहम महत्व पर जोर दिया और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में राष्ट्रीय मुद्रा के अधिक उपयोग की वकालत की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ब्रिक्स (ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका) शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए ब्राजील के इस शहर की यात्रा कर सकते हैं। भारत के ब्रिक्स शेरपा और विदेश मंत्रालय में सचिव (आर्थिक संबंध) दम्मू रवि ने कहा, ब्रिक्स को एकजुट होकर काम करना होगा और ग्लोबल साउथ के लिए समाधान खोजना होगा। इसके लिए प्रतिबद्धता, कड़ी मेहनत और भविष्य में उन मुद्दों पर गहराई से विचार करने की आवश्यकता है। रवि ने ब्रिक्स' को विकास मंच और भू-राजनीतिक शक्ति दोनों के रूप में आकार देने में भारत की बढ़ती हिस्सेदारी पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, हम केवल भागीदार नहीं हैं - हम ब्रिक्स की राह की दिशा में योगदानकर्ता हैं।

### रियो में ब्रिक्स, विश्व व्यवस्था सम्मेलन का आयोजन

शुक्रवार शाम को रियो में ब्रिक्स : एक समावेशी और टिकाऊ विश्व व्यवस्था को आकार देना' नामक सम्मेलन को भरतीय विदेश मंत्रालय में सचिव (आर्थिक संबंध) रवि ने संबोधित किया। सम्मेलन का आयोजन भारत में ब्राजील के दूतावास और वैश्विक मामलों पर केंद्रित एक प्रमुख थिंक टैंक सेंटर फॉर ग्लोबल इंडिया इनसाइट्स द्वारा संयुक्त रूप से किया गया था। रवि के अलावा, भारत में ब्राजील के राजदूत केनेथ फेलिक्स हैकिंस्की दा नोब्रेगा, रूस के राजदूत डेनिस अलीपोव, इंडोनेशिया की राजदूत इना हग्निनिंग्ट्यास कृष्णमूर्ति और मिस्र के राजदूत कामेल जायद कामेल गलाल ने सम्मेलन में भाग लिया। राजदूतों ने आतंकवाद से निपटने के लिए ब्रिक्स देशों के बीच अधिक से अधिक सहयोग बढ़ाने की आवश्यकता पर एक स्वर में बात की। उन्होंने आतंकवाद के प्रति समूह की प्रतिक्रिया की सराहना की और भारत में 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए हमले का जिक्र करते हुए कहा, हमने कड़ी निंदा की। इससे पता चलता है कि ब्रिक्स प्रमुख मुद्दों पर एक स्वर में बोल सकता है।